CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 18°C

बरेली, गुरुवार 16 अप्रैल 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 135 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 | 27 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण में SC,ST और OBC महिलाओं के लिए कोटा सुनिश्चित हो: मायावती पेज 2



धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा खेल टाइम्स



सही समय: महिला आरक्षण से बदलेगी भारतीय लोकतंत्र की तस्वीर सम्पादकीय



इजरायल-लेबनान ने तीन दशक बाद की सीधी बातचीत पेज 12

# CBSE: 10वीं के नतीजों में बेटियां अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस वर्ष देशभर के 22 रीजन में घोषित किए गए हाईस्कूल परिणामों में कुल 93.70 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं।

इस बार भी परिणामों में लड़कियों ने बाजी मारी है और बेहतर प्रदर्शन के साथ अपनी बढ़त कायम रखी है। इस साल त्रिवेंद्रम रीजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.79 फीसदी के साथ देश में पहला स्थान हासिल किया। नोएडा रीजन का प्रदर्शन इस बार गिरा है। यहां पास प्रतिशत 87.66 फीसदी रहा, जो पिछले साल के 90.75 फीसदी के मुकाबले 3.09 फीसदी कम है। इसके साथ ही परीक्षा देने वाले 25 लाख से अधिक छात्रों का इंतजार खत्म हो गया। बुधवार शाम 4 बजे उमंग और डिजिलॉकर सहित सभी सरकारी पोर्टल सक्रिय हो गए और एक फ्लैश संदेश के जरिये परिणामों की घोषणा की गई। सीबीएसई की नई द्वि-बोर्ड प्रणाली के तहत, इस बार कक्षा 10वीं के नतीजे अप्रैल के बजाय मई की शुरुआत में आने की उम्मीद थी, लेकिन बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र को सुव्यवस्थित करते हुए परिणाम जारी कर दिए हैं। इस नई प्रणाली के तहत शैक्षणिक वर्ष को दो अलग-अलग परीक्षा सत्रों में विभाजित किया गया है। पहला सत्र, जो सभी छात्रों के लिए अनिवार्य था, 17 फरवरी से 11 मार्च, 2026 के बीच आयोजित किया गया था। यह परीक्षाएं देश भर के 8,075 परीक्षा केंद्रों पर 83 विषयों के लिए आयोजित की गईं। इस वर्ष कुल 25,08,319 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 14,08,546 छात्र और 10,99,773 छात्राएं शामिल थीं। बोर्ड परीक्षाओं का दूसरा चरण 15 मई से शुरू होने वाला है। छात्र अब आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपनी मार्कशीट और प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकते हैं।



■ 93.70 प्रतिशत छात्र हुए पास, लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99 व लड़कों का 92.69% रहा

# ईरान के साथ युद्ध खत्म होने के करीब: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का भी दिया संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को घोषणा की कि ईरान के साथ संघर्ष 'समाप्त होने के करीब' है। उन्होंने एक संभावित कूटनीतिक सफलता का संकेत भी दिया है। ट्रम्प ने संकेत दिया कि रुकी हुई बातचीत पाकिस्तान में कुछ ही दिनों में फिर से शुरू हो सकती है, जिससे युद्धविराम समाप्त होने से पहले किसी समझौते की उम्मीद जगी है।

अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर अपनी पकड़ काफी सख्त कर दी है। सेना ने पुष्टि की है कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से घेराबंदी लागू करते हुए ईरानी समुद्री व्यापार को प्रभावी ढंग से बंद कर दिया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रमुख ब्रैड कूपर ने कहा कि इस अभियान ने 36 घंटों से भी कम समय में ईरान की व्यापारिक जीवन रेखा को पंगु बना दिया है। ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी पूरी तरह से लागू कर दी गई है। ईरान की लगभग 90 प्रतिशत अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार पर निर्भर है, जो अब प्रभावी रूप से ठप हो गई है। शक्ति प्रदर्शन के बावजूद मुख्य गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। अमेरिका ईरान के यूरेनियम संवर्धन को तत्काल रोकने और प्रमुख परमाणु केंद्रों को नष्ट करने की मांग कर रहा है। साथ ही होर्मुज को फिर से खोलने की भी मांग कर रहा है। दोनों पक्षों द्वारा समझौते पर सहमति नहीं बन पाने के कारण 10 अप्रैल को हुई पहले दौर की बातचीत के बाद मुख्य मुद्दे अनसुलझे रह गए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दोनों पक्षों के बीच गहरी अविश्वास की भावना को स्वीकार किया, लेकिन एक सतर्क आशावादी रुख भी अपनाया।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने खोला होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को स्थायी रूप से खोल दिया है। उन्होंने लिखा कि चीन बहुत खुश है कि मैं होर्मुज स्ट्रेट को स्थायी रूप से खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी। ऐसी स्थिति फिर कभी नहीं होगी। वे ईरान को हथियार न भेजने पर सहमत हो गए हैं। जब मैं कुछ हफ्तों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वहां जाऊंगा तो मुझे जोरदार गले लगाएंगे। डोनाल्ड ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान से जुड़े संघर्ष के खत्म होने के बाद वैश्विक तेल कीमतों में बहुत बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल तेल की कीमतें लगभग 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं, लेकिन हालात सामान्य होते ही इसमें तेज गिरावट आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी टैंकर होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसमें करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनाल लोड किया था। यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज स्ट्रेट पार करने की कोशिश की थी।

### राघव चड्ढा को केंद्र ने दी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंजाब सरकार द्वारा राघव चड्ढा को दी गई जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली गई है। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला आप नेता के संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में कथित विफलता के चलते उठाया गया है।

### पश्चिम एशिया संकट का असर: अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में 7.9 फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव का असर अप्रैल महीने की हवाई यात्रा पर पड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में व्यवधान देखने को मिला। जबकि वैश्विक व्यापार भी इससे प्रभावित हुआ है, जिससे कई देशों की आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है। ओएजी के हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल महीने में देश की कुल विमानन क्षमता जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। यह कमी करीब 0.2 प्रतिशत रही। इस गिरावट की बड़ी वजह अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की क्षमता में आई तेज कमी है, जो लगभग 7.9 प्रतिशत तक पहुंच गई।

# सम्राट ने ली सीएम पद की शपथ

## बिहार में मंत्रियों की सूची से पहले बंटे विभाग

पटना, वार्ता

**भाजपा नेता** सम्राट चौधरी ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री बनते ही विभागों के प्रारंभिक बंटवारे की अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह, सामान्य प्रशासन, नगर विकास, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, पथ निर्माण समेत कुल 29 विभाग अपने पास रखे, जबकि दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जनता दल यूनाइटेड को मात्र 18 विभाग दिए गए। गृह विभाग सहित मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, राजस्व एवं भूमि सुधार, खान एवं भू तत्व, नगर विकास एवं आवास, स्वास्थ्य, विधि, उद्योग, पथ निर्माण, कृषि, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन, आपदा प्रबंधन, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, सूचना प्रावैधिकी, खेल, सहकारिता, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, गन्ना उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं पंचायती राज विभाग -**शेष पृष्ठ दो पर**



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गृह समेत 29 विभाग रखे

दोनों उप मुख्यमंत्री को मिलाकर जदयू को मात्र 18 विभाग दिए गए

# पवन खेड़ा को सुप्रीम झटका

## शीर्ष अदालत ने अग्रिम जमानत पर लगाई रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई एक हफ्ते की अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है। यह मामला असम में दर्ज उस एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ कई पासपोर्ट रखने के आरोप लगाए थे।

न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरीऔर अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने इस मामले में खेड़ा को नोटिस जारी करते हुए तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। यह नोटिस असम सरकार की उस याचिका पर जारी किया गया, जिसमें तेलंगाना हाईकोर्ट द्वारा दी गई ट्रांजिट बेल पर रोक लगाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि फिलहाल संबंधित आदेश (ट्रांजिट बेल) पर रोक लगाई जाती है। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर खेड़ा असम की संबंधित अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश उस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेगा। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी और तब तक सभी पक्षों को अपना जवाब दाखिल करना होगा। सुनवाई के दौरान असम सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि तेलंगाना हाईकोर्ट को इस मामले में सुनवाई का अधिकार क्षेत्र नहीं था, क्योंकि कथित अपराध और एफआईआर दोनों असम में दर्ज हैं। उन्होंने इसे फोरम चुनने की कोशिश बताते हुए कानून का दुरुपयोग करार दिया। असम सरकार ने स्पेशल लीव पिटीशन दायर कर 10 अप्रैल को तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें खेड़ा को एक सप्ताह के लिए ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी गई थी। हाईकोर्ट ने यह राहत इसलिए दी थी, ताकि खेड़ा संबंधित अदालत में नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। तेलंगाना हाईकोर्ट की एकल पीठ, जस्टिस के सुजाना ने आदेश दिया था कि गिरफ्तारी की स्थिति में खेड़ा को एक सप्ताह के लिए अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। खेड़ा ने यह राहत तब मांगी थी, जब असम पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

■ असम के सीएम की पत्नी पर लगाए थे कई पासपोर्ट रखने के आरोप से जुड़ा मामला



# समुद्र में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी: जयशंकर

**नई दिल्ली/ टोक्यो।** भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर भारत का डंका बजाया है।

जापान की ओर से आयोजित एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी की आभासी बैठक में जयशंकर ने कहा कि व्यापारिक जहाजों पर होने वाले हमले किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हैं। इस बैठक का मुख्य एजेंडा ऊर्जा बाजारों में मची उथल-पुथल और आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं पर चर्चा करना था।

■ एशिया जीरो एमिशन कम्युनिटी की आभासी बैठक में विदेश मंत्री ने चेताया

# अयप्पा मंदिर रेस्टोरेंट नहीं: सबरीमाला मैनेजमेंट

**नई दिल्ली।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने कहा कि यह खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यह आजन्म ब्रह्मचारी माने जाने वाले देवता का मंदिर है। टीडीबी का पक्ष रखते हुए एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 10 से 50 साल के उम्र की महिलाएं देवता के स्वरूप और पहचान के विपरीत हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री पर बैन लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए बैन हटा दिया। इसके बाद दायर पुनर्विचार याचिकाओं के आधार पर 7 महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रश्न तय किए गए हैं, जिन पर अब बहस हो रही है।

■ कहा: यहां ब्रह्मचारी देवता, महिलाएं क्यों आना चाहती हैं

# विपक्ष करेगा महिला आरक्षण बिल का विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है।

खड़गे ने विपक्षी दलों की बैठक के बाद कहा कि हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है। हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए। सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है। कार्यपालिका के जरिये संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है, जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए, इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है। इसलिए हम इस बिल के मौजूदा स्वरूप का एकजुट होकर संसद में विरोध करेंगे। वहीं, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाना चाहिए और हम इसके समर्थन में हैं, लेकिन हम इस बिल के साथ जोड़ी गई परिसीमन की प्रक्रिया के पूरी तरह खिलाफ हैं। उनका कहना है कि आरक्षण को परिसीमन और जनगणना की शर्तों में उलझाना सरकार की एक सोची-समझी चाल है, जिससे इस अधिकार को लंबे समय तक टाला जा सके, इसलिए विपक्ष महिलाओं को हक देने का तो पक्षधर है लेकिन सरकार के इस तरीके का पुरजोर विरोध करता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के यहां स्थित आवास पर विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने बैठक में भाग लिया।

■ खड़गे बोले: नीयत में खोट है, यह सिर्फ चुनावी पैंतरा

# LPG लेकर गुजरात के बंदरगाह पहुंचा 'जग विक्रम'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला जहाज जग विक्रम करीब 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी पर पहुंच गया है।

पोर्ट अथॉरिटी के अनुसार यह जहाज दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण कांडला में मंगलवार रात ऑयल जेटी-1 पर सुरक्षित रूप से लंगर डाल चुका है। अधिकारियों ने बताया कि यह टैंकर 11 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार कर आगे बढ़ा था। यह हाल के दिनों में क्षेत्र में घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला पहला भारतीय जहाज है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, यह जहाज मार्च की शुरुआत के बाद फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है। हालांकि अभी भी करीब 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज क्षेत्र में मौजूद हैं और आगे के मार्ग के लिए इंतजार कर रहे हैं। रूस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े विवाद को सुलझाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को बीजिंग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मास्को इस समस्या के समाधान में विभिन्न तरीकों से योगदान दे सकता है। इसमें उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड यूरेनियम में बदलना या उसका एक हिस्सा रूस में सुरक्षित रखना जैसे विकल्प शामिल हो सकते हैं। लावरोव ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी कदम ईरान की सहमति से और उसके अधिकारों का सम्मान करते हुए ही उठाया जाएगा।




■ हाल के दिनों में क्षेत्र में घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद होर्मुज मार्ग से गुजरने वाला पहला भारतीय जहाज

## संक्षिप्त समाचार

### प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के बुध विहार इलाके में प्लास्टिक अपशिष्ट गोदाम में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित एक ऐसे परिवार के सदस्य थे जो बुध विहार के मांगे राम पार्क इलाके में स्थित गोदाम में बनी एक अस्थाई झोपड़ी में रहते थे। यह घटना मध्यरात्रि के दौरान घटी जब साइट पर रखे अपशिष्ट में आग लग गई और वह तेजी से झुग्गी में पफैल गई। दमकल कर्मियों की सात गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद बुधवार सुबह आग पर काबू पा लिया गया। शव बुरी तरह जले हुए थे, जिससे उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। आग लगने के सटीक कारण का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### अनंत स्वरूप बने फिक्की के नए महासचिव

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल पिफक्की ने भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा (आईआरपीएस) के पूर्व अधिकारी अनंत स्वरूप को अपना नया महासचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति बुधवार 15 अप्रैल से प्रभावी हो गई है। पिफक्की ने मीडिया को दी जानकारी में कहा है कि 1992 बैच के आईआरपीएस अधिकारी स्वरूप की नियुक्ति देश के उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व को और सशक्त बनाती है। उनके पास लोक नीति, लॉजिस्टक्स, विनियामक सुधार और अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं का तीन दशक से भी अधिक का अनुभव है।

# महिला आरक्षण विधेयक शीघ्र लागू किया जाए:मायावती

## महिला आरक्षण में एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए कोटा सुनिश्चित किया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की महिलाओं के लिए अलग से कोटा सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा प्रावधान नहीं किया गया, तो इस कदम का वास्तविक उद्देश्य कापफी हद तक निष्प्रभावी हो जाएगा।

सुश्री माायावती ने लखनऊ में मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने के पफैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित इस 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने की पहल 'उचित और स्वागतयोग्य' है, भले ही इसमें देरी हुई हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि समाज, राजनीति और अर्थव्यवस्था में लगातार हाशिए



पर रही एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का प्रावधान किया जाना ऐतिहासिक और न्यायसंगत कदम होगा। उन्होंने कहा कि केवल सामान्य महिला आरक्षण से इन वर्गों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगी। यह बयान ऐसे समय आया है जब संसद में महिला आरक्षण लागू करने को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 में संशोधनों पर 16 अप्रैल को चर्चा प्रस्तावित है, साथ ही परिसीमन से जुड़े बिल पर भी विचार किया जाएगा। सरकार 2029 के आम चुनाव से लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन लाने की तैयारी में है। प्रस्तावित योजना के तहत लोकसभा की कुल सीटें 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती हैं, जिनमें से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत करते हुए इसे जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को दलगत भावना से ऊपर उठकर इस महत्वपूर्ण विधेयक को लागू कराने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने अपने बयान में कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के लागू होने से महिलाओं को राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप भागीदारी देना समय की मांग है। बसपा प्रमुख ने केंद्र सरकार से अपील की कि इस विधेयक को लागू करने में किसी प्रकार की देरी न की जाए, ताकि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।

# नोएडा में श्रमिकों के उग्र प्रदर्शन के बाद केंद्र ने मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के उग्र विरोध-प्रदर्शनों के बाद केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। श्रम मंत्रालय के तहत मुख्य श्रम आयुक्त ने हालात की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

अधिकारियों के अनुसार अचानक भड़की हड़तालों और हिसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया है। दरअसल विरोध की शुरुआत सात अप्रैल को हरियाणा के मानेसर औद्योगिक क्षेत्र से हुई, जहां ऑटोमोबाइल सेक्टर के श्रमिकों ने वेतन वृद्धि और बेहतर कार्य-शिफ्ट की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद मंगलवार को नोएडा के सेक्टर-62 में भी श्रमिकों का गुस्सा पफूट पड़ा, जहां बड़ी संख्या में मध्यम उद्योग स्थित हैं और स्थिति हिंसक हो गई। केंद्र

**■ अचानक भड़की हड़तालों और हिंसक घटनाओं ने प्रशासन को भी चौंका दिया**

सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। सूत्रों के अनुसार सरकार इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं श्रम संहिताओं को लेकर गलत जानकारी पफैलाकर श्रमिकों को भड़काया तो नहीं जा रहा। हालांकि इस पर श्रम मंत्रालय की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। श्रमिकों का आरोप है कि महंगाई तेजी से बढ़ी है, खासकर पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते, लेकिन उनके वेतन में उसके अनुरूप बढ़ोतरी नहीं हुई। नई श्रम संहिताओं के बाद वेतन संरचना में बदलाव से भी उनकी आय पर असर पड़ा है, जो बढ़ते खर्चों के सामने अपर्याप्त साबित हो रही है। भारतीय ट्रेड यूनियन के एक पदाधिकारी ने कहा कि वेतन और शिफ्ट जैसे मुद्दे प्रमुख हैं और इस समय सरकार के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने कई श्रमिक नेताओं को नजरबंद कर रखा है। नोएडा में यूनियन के जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा को भी नजरबंद किए जाने की बात सामने आई थी। प्रशासन ने श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों और पफैक्ट्री प्रबंधन के साथ वार्ता शुरू कर दी है। उद्योगपतियों का कहना है कि कच्चे माल की लागत बढ़ने से उत्पादन पर असर पड़ा है, जिससे वेतन बढ़ाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। विवाद की जड़ न्यूनतम वेतन में नियमित संशोधन को लेकर बताई जा रही है, जो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जुड़ा होता है और आमतौर पर साल में दो बार अप्रैल और अक्टूबर में संशोधित किया जाता है।

# शाहतूश कारोबारी वन्यजीव अपराध में दोषी करार

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने लुप्तप्राय तिब्बती मृग चिरू के बालों से बने शाहतूश शॉल के अवैध निर्यात के आरोप में जयपुर स्थित मेसर्स इंडियन आर्ट गैलरी के मालिक सैयद शाहिद अहमद काशानी को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत दोषी करार दिया है।

दिल्ली के राउज एवेन्यू जिला न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने हाल ही में काशानी के खिलापफ दिसम्बर 2008 में दर्ज मामले में यह पफैसला सुनाया है। उसे लुप्तप्राय तिब्बती मृग (पैंथोलोप्स हॉजसोनी) के बालों से बने शाहतूश शॉल के कारोबार के गंभीर आरोप में दोषी ठहराया गया है। स्थानीय रूप से चिरू के नाम से प्रसिद्ध यह तिब्बती मृग वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची में सूचीबद्ध है और कानूनी रूप से इसका व्यापार प्रतिबंधित है। पिछले 51 साल से शाहतूश शॉल के व्यापार पर वैश्विक स्तर पर प्रतिबंध है। एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले की अनूठी विशेषता वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), सीमा शुल्क और भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई) के बीच लगभग 17 वर्षों तक चले निरंतर समन्वय का परिणाम बताया जा रहा है। डब्ल्यूसीसीबी को यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर निर्यात खेप में 1,290 शाहतूश शॉल होने का पता चला और पफरवरी 2009 में सीबीआई में शिकायत दर्ज की गई। यह पहली बार था, जब वन्यजीव अपराध के मामले में सीबीआई के माध्यम से मुकदमा चलाया गया।

## प्रधानमंत्री ने परिसीमन मुद्दे पर राष्ट्र के साथ जानबूझकर छल किया

# कांग्रेस ने परिसीमन को लेकर मोदी पर बोला हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और सरकार पर जानबूझकर धोखा देने और संसदीय प्रतिनिधित्व पर पहले दिए गए आश्वासनों को कमजोर करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखे एक तीखे पोस्ट में, रमेश ने आरोप लगाया कि परिसीमन पर प्रधानमंत्री के दावों का आगामी संसद के विशेष सत्र के लिए प्रसारित विधेयकों में खंडन किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक तथाकथित नेता हैं, जिनकी एकमात्र विशिष्ट विशेषता उनकी बेजोड़ भ्रामक नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने परिसीमन मुद्दे पर राष्ट्र के साथ जानबूझकर छल किया है।



**■ संसदीय प्रतिनिधित्व पर पहले दिए गए आश्वासनों को कमजोर करने का आरोप लगाया**

प्रस्तावित परिवर्तनों के संभावित प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए, कांग्रेस नेता ने दावा किया कि कई क्षेत्रों के लोकसभा में सापेक्ष प्रतिनिधित्व में कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी राज्यों के सदस्यों की लोकसभा में संख्या कम हो जाएगी और इसी तरह की स्थिति उत्तर-पश्चिम भारत के छोटे राज्यों और पूर्वी राज्यों की भी है। उन्होंने सरकार की विपफलता पर सवाल उठाया, जो सभी राज्यों में सीटों में एक समान एवं आनुपा. तिक वृद्धि करने की अपनी पिछली प्रतिबद्धता का सम्मान करने में विपफल रही। रमेश ने कहा कि सभी राज्यों के लिए लोकसभा में समानुपातिक संख्या में वृद्धि का जो वादा प्रधानमंत्री और उनके कुछ सहयोगियों ने किया था, उसका क्या हुआ? ऐसा नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री के आश्वा. सनों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार पर संवैधानिक सिद्धांतों के बजाय राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। रमेश ने कहा कि वह सत्ता हथियाने की अपनी अशिष्ट प्रवृत्ति से ऊपर उठकर एक राजनेता बनने में असमर्थ हैं यहां तक कि परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी।

### महिला आरक्षण चर्चा का नहीं, तत्काल क्रियान्वयन का मामला है: डा. अनिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन डा. अनिल जय हिद ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण चर्चा का नहीं, बल्कि उसके तत्काल क्रियान्वयन का मामला है। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुला रही है, जिसमें संविधान संशोधन लाने की तैयारी है। जय हिंद के अनुसार पहले सरकार ने 2027 में जातिगत जनगणना, उसके बाद परिसीमन और पिफर महिला आरक्षण लागू करने का रोडमैप बनाया था, लेकिन अब 2011 की जनगणना के आधार पर इसे लागू करने की बात कही जा रही है, जो मौजूदा जनसंख्या बदलावों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जातिगत जनगणना से बचना चाहती है। इस संदर्भ में 2021 में संसद दिए गए आश्वासन और उच्चतम न्यायालय में दिए गए हलपफनामों का हवाला दिया गया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 78111.24
**निफ्टी** 24231.30



**सोना** 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 239934
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लौटी तेजी सेंसेक्स 1264 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता पिफर शुरू होने की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 1,263.67 अंक (1.64 प्रतिशत) चढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की बढ़त में 24,231.30 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ पाकिस्तान में शांति वार्ता दो दिन में पिफर शुरू हो सकती है। इससे निवेशकों में उत्साह देखा गया। उत्साहित निवेशकों की



लिवाली से सभी सूचकांकों और सभी सेक्टरों में तेजी रही। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.29 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.35 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी, रियलटी, तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया समूहों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत के बीच चढ़े। ऑटो, वित्त, एपफएमसीजी, धातु, पफार्मा, बैंकिंग और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक मजबूत हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहा। इटरनल और पावरग्रिड में भी चार प्रतिशत से अधिक तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एलएंडटी और एशियन पेंट्स के शेयर तीन से चार प्रतिशत तक ऊपर रहे। ट्रेंट, सनपफार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंपफोसिस और बजाज पिफनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत मजबूत बंद हुए। टाइटन, एचीडीएपफसी बैंक, मारुति सुजुकी, बजाज पफाइनेंस, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलि. वर, बीईएल, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर रहे। भारतीय स्टेट बैंक भी हरे निशान में बंद हुआ, जबकि भारती एयरटेल में गिरावट रही।

# चावल, गेहूं के भाव बढ़े, चीनी नरम दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। गेहूं में भी तेजी देखी गई, जबकि चीनी का भाव टूट गया। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 33 रुपये बढ़कर 3,811 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,778 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 21 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। चना दाल औसतन 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ, जबकि अन्य दालों में नरमी रही। उड़द दाल 67 रुपये और मसूर दाल 41 रुपये सस्ती



हुई। मूंग दाल की कीमत 40 रुपये और तुअर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा आठ रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0. 69 प्रतिशत की बढ़त में 66.90 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में ज्यादातर खाद्य तेलों में नरमी देखी गई। पाम ऑयल औसतन 204 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मूंगफली तेल 128 रुपये और सूरजमुखी तेल 93 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति की 82 रुपये और सरसों तेल की 34 रुपये फिसल गया। सोया तेल की कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 76 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। चीनी 26 भी 35 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7659.32 रुपये, मसूर काली 8040.86 रुपये, मूंग दाल 10137.03 रुपये, उड़द दाल 10764.82 रुपये, तुअर दाल 11227.98 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2778.13 रुपये और चावल 3811.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3262.84 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# योगी ने टाटा मोटर्स लखनऊ संयंत्रा से बनी 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टाटा मोटर्स के लखनऊ संयंत्र में बनी 10 लाखवीं गाड़ी को हरी झंडी दिखाई और इसे प्रदेश की औद्योगिक प्रगति का ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि राज्य को ग्लोबल मैन्युपफैक्चरिग हब बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि किसी भी संस्था या समूह की मजबूती के लिए बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप से बचना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिगाड़ने वाले बहुत मिलते हैं, लेकिन बनाने वाले बहुत कम होते हैं, इसलिए हर कार्मिक का दायित्व है कि वह संगठन को परिवार की तरह समझे और उसकी एकता व विश्वास को बनाए रखे। मुख्यमंत्री ने कार्यसंस्कृति पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता टीमवर्क, ईमानदारी और कृतज्ञता पर आधारित होती है। हर कर्मचारी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए, क्योंकि यही भाव दीर्घकालिक प्रगति सुनिश्चित करता है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सम्राट ने...** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फिलहाल अपने पास रखे हैं। जनता दल यूनाइटेड के खाते में फिलहाल 18 विभाग ही आए हैं, जिसमें उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य, सूचना एवं जन-संपर्क, भवन निर्माण, अल्पसंख्यक कल्याण, शिक्षा, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा, ग्रामीण विकास, परिवहन और उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दूसरे उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव को ग्रामीण विकास, परिवहन, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, योजना एवं विकास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, वित्त, वाणिज्य-कर, समाज कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण और ग्रामीण कार्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय सहयोग करें: योगी

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पत्र लिखकर सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और युगांतकारी पहल है।

योगी ने अपने पत्र में कहा कि आजादी के अमृतकाल में 'नया भारत' समावेशी और न्यायपूर्ण राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसमें हर वर्ग की समान भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति इस संकल्प का एक महत्वपूर्ण आधार है और महिला आरक्षण कानून इसी दिशा में एक मजबूत कदम है। योगी ने कहा कि दशकों से संसद और



विधानसभाओं में महिला आरक्षण पर व्यापक विमर्श होता रहा है, लेकिन वर्ष 2023 में इस कानून का लागू होना भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता और सामाजिक न्याय के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 16 अप्रैल से संसद के दोनों सदनों में इस कानून पर चर्चा प्रस्तावित है, जो 2029 के लोकसभा चुनाव से इसके प्रभावी क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करेगी। इससे न केवल महिलाओं की राजनी. तिक भागीदारी को संस्थागत मजबूती मिलेगी, बल्कि शासन- व्यवस्था में नया दृष्टिकोण, अधिक संवेदनशीलता और व्यापक प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण का मुद्दा किसी एक दल या विचारधारा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की आधी आबादी के अधिकारों और भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने इसे सभी राजनीतिक दलों के लिए एक महत्वपूर्ण कसौटी बताते हुए कहा कि इससे यह तय होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को कैसा लोकतंत्र सौंपना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने महिला आरक्षण कानून को लेकर सभी राजनी. तिक दलों से सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की अपील की है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए संसद में व्यापक और सार्थक चर्चा आवश्यक है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि उनकी पार्टी इस महत्वपूर्ण विषय पर गहन विचार- विमर्श करते हुए संसद के दोनों सदनों में प्रस्तावित संशोधनों के समर्थन में रचनात्मक भूमिका निभाए।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हमले के मामले में विधायक अभय सिंह समेत सभी छह आरोपी बरी

**वाराणसी, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विशेष न्यायालय (एमपी/एमएलए) के न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत ने बुधवार को लगभग 24 वर्ष पुराने मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के सभी छह आरो. पियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

धनंजय सिंह ने आरोप लगाया था कि चार अक्टूबर 2002 को वाराणसी से जौनपुर लौटते समय उन पर नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के पास अत्याधुनिक हथियारों से प्राणघातक हमला किया गया था। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे। हमलावर मौके से पफरार हो गए थे। इस मामले में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, संदीप सिंह, संजय सिंह, विनीत सिंह (एमएलसी), विनोद सिंह और सतेन्द्र सिंह को आरोपी बनाया गया था। विधायक अभय सिंह ने पफैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज सच्चाई की जीत हुई है। हम सभी को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था। 24 वर्षों से हम सभी को पफर्जी मामले में पफंसाया गया था। आज इंसापफ का दिन है। एमएलसी विनीत सिंह ने कहा कि न्यायालय पर हम सभी को पूर्ण विश्वास था कि एक दिन सत्य सामने आ जाएगा। मेरे खिलापफ कोई साक्ष्य नहीं था। गलत तरीके से मेरा नाम शामिल किया गया था। यह न्याय और सत्य की जीत है। झूठ बेनकाब हो गया है। पफैसले को लेकर न्यायालय और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। करीब ढाई दशक तक चले इस हाईप्रोपफाइल मामले के पफैसले के बाद पूर्वांचल की राजनीति में हलचल मच गई है।

### एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला




अक्षिता शर्मा 99 प्रतिशत | गौरंगी 96 प्रतिशत | तनुष्का चौधरी 96 प्रतिशत

### आर.के. पब्लिक स्कूल अमरोहा



राघव राजपूत 98 प्रतिशत | अर्पित माथुर 97 प्रतिशत | हसनैन अली 94प्रतिशत

### दा आर्यन स्कूल जोया




मानवी मान 97.8 प्रतिशत | ज्योत्सना 96.8 प्रतिशत | वान्या त्यागी 96.4 प्रतिशत

### ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल, धनौरा



अनुष्का 96.8 प्रतिशत | इशिता ठाकुर 94.8 प्रतिशत | अमायरा खन्ना 92.6 प्रतिशत

### स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल धनौरा



इकरा 95.6 प्रतिशत | माही चौधरी 94.8 प्रतिशत | अलहम्द जमाल 93.4 प्रतिशत

### हीरा इंटरनेशनल स्कूल, धनौरा




अंशिका चहल 97.4 प्रतिशत | कृष्णा 92.6 प्रतिशत | प्रतीक्षा खरोड़ 92.2 प्रतिशत

### एमएस सीनियर सेकेंड्री स्कूल धनौरा



वैष्णवी 93 प्रतिशत | दक्ष 91.6 प्रतिशत | लकी पाल 92.4 प्रतिशत

### कारमेल पब्लिक स्कूल गजरौला



प्रिंस कुमार 93 प्रतिशत | श्री त्यागी 93 प्रतिशत | सान्वी सिंह 92.6 प्रतिशत

# आरके स्कूल के राघव ने किया स्कूल टॉप

## हाईस्कूल में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर लहराया परचम



अमरोहा। आरके पब्लिक स्कूल में टॉपर को मिठाई खिलाती प्रधानाचार्य



अमरोहा। लैपटॉप पर रिजल्ट देखते छात्र-छात्राएं।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल में आरके पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जिले में परचम लहराया। स्कूल के छात्र राघव राजपूत ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। वहीं अर्पित माथुर 97 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। जबकि हसनैन अली 94 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

बुधवार को जारी सीबीएसआई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में आरके पब्लिक स्कूल का एक बार फिर जलवा कायम रहा। स्कूल के छात्र राघव राजपूत 98 प्रतिशत, अर्पित माथुर 97 प्रतिशत, हसनैन अली 94 प्रतिशत, प्रियांशी चौधरी 93 प्रतिशत, लक्ष्य कौशिक 92.4 प्रतिशत, रमंश त्यागी 91.2, आहिल अली भी 91.2 प्रतिशत व स्मिता सिंह 90.4, प्रशांत कुमार 90 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल के टॉपर बने। प्रबंधक अजय टंडन ने छात्र-छात्राओं की शानदार उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अनुशासन और शिक्षकों की मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर यह सफलता हासिल की है, जो अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। प्रधानाचार्य शिक्षा सरदाना ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ब्लू बर्ड्स की अनुष्का ने 96.8 अंकों से किया स्कूल टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होते ही ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से स्कूल परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और उनकी सफलता पर शिक्षकों व अभिभावकों ने भी गर्व व्यक्त किया।

विद्यालय की छात्रा अनुष्का ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं इशिता ठाकुर ने 94.8 प्रतिशत के साथ दूसरा, अमायरा खन्ना ने 92.6 प्रतिशत के साथ तीसरा और मानित यादव ने 92.4 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा गतिक चौधरी, हार्दिक चौधरी और ओजस राठी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान पाया। वरदान औलख 91.2 प्रतिशत के साथ छठे, अनिरुद्ध सिंह, माही जैन और प्रियंक कुमार अग्रवाल 91 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से सातवें, तिस्का रानी 90.2 प्रतिशत के साथ आठवें तथा निमंश कुमार 90 प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर रहे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमारे छात्र निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।विद्यालय की निर्देशिका राखी अग्रवाल ने कहा कि बच्चों ने अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। हमें विश्वास है कि ये छात्र भविष्य में भी नई ऊंचाइयों को छुएंगे।विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# वैष्णवी ने 93 प्रतिशत के साथ किया एमएस स्कूल टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सीबीएसई बोर्ड द्वारा मंगलवार शाम घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में एम एस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट परिणाम आने पर स्कूल परिसर में खुशी का माहौल छा गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



इस वर्ष विद्यालय की छात्रा वैष्णवी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं लकी पाल ने 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि दक्ष ने 91.6 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रबंधक वीरेश पाल ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता अर्जित की है। यह परिणाम पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। हमें विश्वास है कि बच्चे आगे भी इसी तरह नई ऊंचाइयों को छुएंगे। विद्यालय की निर्देशिका बबीता चौधरी ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी लगन, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की मेहनत का सुंदर परिणाम है। विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संस्कार देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रिंसिपल अंजली चौधरी ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सही दिशा में की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। विद्यालय में देर तक जश्न का माहौल रहा और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया।

# पत्नी से झगड़े के बाद पिया कीटनाशक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पत्नी से झगड़े के बाद गुस्साए युवक ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है, फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की गई है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगम सराय कलां की है। यहां रहने वाले एक युवक ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। मजदूरी कर वह अपने परिवार की आजीविका चलाता है। बताया जा रहा है कि सोमवार रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में उसने पत्नी को दो-तीन थप्पड़ मार दिए थे। पत्नी ने तुरंत ये बात अपने मायके में फोन कर परिजनों को बता दी। इसके बाद बड़ी साली ने उसी वक्त फोन करते हुए युवक को खरी-खरी सुना डाली। इतना ही नहीं मंगलवार सुबह में ससुराल वालों ने घर पर आकर झगड़ा किया। जिससे आहत होकर युवक ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उल्टियां आते ही उसकी हालत बिगड़ती चली गई। शरीर ठंडा होने पर परिवार में को. हराम मच गया। परिजनों ने तुरंत युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, प्राथमिक उपचार देने के बाद जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले की जांच की रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हीरा इंटरनेशनल की अंशिका ने हासिल किये 97.4 प्रतिशत अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में हीरा इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में खुशी का माहौल बन गया। मेधावियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।हाईस्कूल परीक्षा में अंशिका चाहल ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं कृष्णा ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वाणी, प्रतीक्षा खरोड़ और मनुज कुमार ने 92.2 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने हर्ष जताया। इस मौके पर निदेशक कपिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य भगवान सिंह, चेयरमैन कृष्ण कुमार अग्रवाल और प्रबंधक सुबोध गुप्ता ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। निदेशक कपिल अग्रवाल ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने



कहा कि स्कूल हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन के साथ बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पुरानी रंजिश में तीन सगे भाईयों पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मोहल्ला सुभाषनगर में मंगलवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। कहासुनी के बाद एक पक्ष ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें तीन सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार सुभाष नगर मे पीड़ित के पड़ोस के कुछ लोगों से पहले से विवाद चल रहा था। मंगलवार रात करीब 11 बजे दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। बात बढ़ने पर हमलावरों ने तीनों भाइयों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में तीनों लहूलुहान होकर गिर पड़े। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी धनौरा में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामला पुरानी रंजिश का है। फिलहाल इलाके में शांति है। पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# स्कॉलर्स होम का जलवा बरकरार, इकरा रहीं अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। स्कॉलर्स होम वर्ल्ड क्लास स्कूल के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष भी हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल ही नहीं, पूरे जिले का मान बढ़ा दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी, उत्साह और जश्न का माहौल बन गया। बच्चों के चेहरों पर सफलता की मुस्कान थी तो अभिभावकों और शिक्षकों की आंखों में गर्व साफ झलक रहा था।

विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसने एक बार फिर स्कूल की बेहतर शिक्षा व्यवस्था और अनुशासित माहौल को साबित कर दिया। मेहनत और लगन के दम पर बच्चों ने शानदार अंक हासिल कर सबका दिल जीत लिया। इस बार इकरा वसीम ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल कर सबको गौरवान्वित किया। माही चौधरी ने 94.8 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं अलहम्द जमाल और अक्सा वसी ने 93.4 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। परिणाम आने के बाद स्कूल में बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्देशिका सोना अग्रवाल ने कहा कि जब बच्चे लक्ष्य बनाकर पूरी ईमानदारी से मेहनत करते हैं तो सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी बच्चों को इसी तरह बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन देता रहेगा। क्षेत्र में भी स्कूल के इस शानदार परिणाम की खूब चर्चा रही। अभिभावकों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का पल बताया।

# नारी शक्ति वंदन के समर्थन में निकाली रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जनसमर्थन रैली एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। रैली में मेडिकल एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने रैली निकालकर अधिनियम के समर्थन में नारे लगाए और हस्ताक्षर अभियान चलाकर सरकार से इसे 2029 के आम चुनाव से पहले लागू करने की मांग की। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के ध्यानेंद्र खेल परिसर से हुआ, जहां संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे व कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि यह अधिनियम महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समान अवसर और अधिकार मिलेंगे। डॉ. राजीव त्यागी ने संविधान में दिए गए समानता के अधिकार का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को बराबरी का हक मिलना चाहिए। कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे ने बताया कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं पश्चिमी यूपी में इस अधिनियम के प्रति जागरूकता अभियान चलाएंगे।



# अवैध खनन पर हो कार्रवाई: सांसद

## कलेक्ट्रेट में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सांसद कंवर सिंह तंवर ने निर्देश देते कहा कि अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई हो, हर घर जल योजना के अधूरे कार्य जल्द पूरे किए जाएं और गांव-गांव कैंप लगाकर शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद कंवर सिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान सांसद ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें। विकास कार्यों में लगे शिलापट्टों पर जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित करने के भी निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को हाइवे पर बने अवैध कट बंद कराने और जलभराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिए। राशन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने, गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और बिना परमिट चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। हर घर जल योजना की समीक्षा में सांसद ने टूटी सड़कों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से दुरुस्त करने और शेष कार्य जल्द पूरा करने को कहा। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में सफाई व्यवस्था मजबूत करने और शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शहरी क्षेत्रों में जाम की समस्या के समाधान के लिए ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने की कार्ययोजना बनाने को कहा गया। विद्युत विभाग को आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम निधि गुप्ता वत्स, एसपी लखन सिंह सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, सत्यपाल सिंह सैनी, विधायक समरपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न जनसमस्याएं उठाईं।





अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में दिशा की बैठक लेते सांसद कंवर सिंह तंवर।

# विधानसभा चुनावों में पीडीए की ताकत दिलाएगी जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए पंचायत में वरिष्ठ सपा नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि आज जनता समाजवादी पार्टी की तरफ आशा भरी नजर से देख रही है। सपा पीडीए को साथ

**■ सपा की पीडीए पंचायत में बोले पूर्व कैबिनेट मंत्री**

लेकर चल रही है और पीडीए की मजबूती ही आगामी विधानसभा में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की भूमिका तय करेगी।



बुधवार को गुरू गोविन्द सिंह नगर में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति भूपेंद्र सिंह के संयोजन में आयोजित पीडीए पंचायत में पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्षअखिलेश यादव के निर्देश पर वे प्रदेश की सभी 403 सीटों पर सपा को मजबूत करने के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में पीडीए की ताकत से ही समाजवादी पार्टी के 37 सांसद चुनाव जीते। इसी तरह उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में हम सबको पीडीए को मजबूत करके अपनी ताकत दिखानी है और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि आज जनता महंगाई से त्रस्त है। कहा कि हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है और पीडीए के दम पर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक फरहत हसन उर्फ हाजी शब्बन, बछरायूं चैयरमैन हाजी राहत हसन, जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पति भूपेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक चौधरी व सचिन चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, विपिन कौशिक, अमन चौधरी, चंद्रपाल सैनी, सचिन चौधरी, महाराज सिंह, जितम्बर सिंह यादव, कामिल मंसूरी राजेन्द्र चौधरी, देवेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह, अनिल प्रधान, राजेन्द्र चौधरी, फरमान, फैयाज आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में सड़क पर उतरी महिलाएं

## सड़क जाम कर काटा हंगामा, विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, जाम लगने से लोगों को हुई परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। स्मार्ट मीटर लगाये जाने के खिलाफ महिलाओ ने हंगामा काटते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। बिजली विभाग के खिलाफ महिलाओं द्वारा जमकर नारेबाजी की गई।

नगर में घबिजली विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध अब उग्र होता जा रहा है। बुधवार को क्षेत्र की कई दर्जन महिलाओं ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए ब्लॉक तिराहे को पूरी तरह से जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्मार्ट मीटरों को तुरंत हटाने की मांग की। बिजली कटौती से आक्रोशित होकर प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि जब से घरों में स्मार्ट मीटर लगाये गये हैं। तब से बिजली का बिल दो से तीन गुना तक बढ़ गया है। महिलाओं ने कहा हम मध्यम वर्गीय परिवार के लोग हैं। जितना हमारा खर्च नहीं है उससे कहीं ज्यादा बिल थमाया जा रहा है। आरोप यह भी है कि ये मीटर पूरी तरह विश्वसनीय नहीं हैं। महिलाओं ने शिकायत करते हुए बताया बिना किसी पूर्व सूचना के कभी भी लाइट कट जाती है। घ्तकनीकी खामियों के कारण बिलिंग में भारी विसंगतियां हैं। महिलाओं के इस अचानक विरोध प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। बस, ट्रक और निजी वाहन घंटों फंसे रहे, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घ्सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के समझाने पर महिलाओं ने जाम खोल दिया। बिजली विभाग के स्मार्ट मीटर प्रोजेक्ट को लेकर जनता में गहरा असंतोष है। जाम लगने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारे लग गई जाम में फंसकर लोग परेशान हो उठ गये।



# भट्टा मजदूर की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म

## आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भट्टा मजदूर की नाबालिग बेटी से मजदूर ने जबरन बलात्कार किया। इस दौरान वहां पहुंचे अन्य मजदूरों ने बालि. का को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक दंपति डिडौली क्षेत्र स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। भट्ठा परिसर में ही बने घर में रहते हुए पति-पत्नी ईंट पाथने का काम करते हैं। परिवार भी साथ में ही रहता है, जिसमें एक 16 वर्षीय बेटी भी है। घटना बीती 10 अप्रैल की रात लगभग 10:30 बजे की है। मजदूर की बेटी घर से शौच के लिए जा रही थी। आरोप है रास्ते में भट्ठे पर काम करने वाला मजदूर किरनपाल खड़ा था। अकेला देख उसने किशोरी को बुरी नीयत से दबोच लिया और जमीन पर गिराने के बाद उसके साथ रेप किया। बेटी की चीखें सुनकर मजदूर और उसकी पत्नी के अलावा भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। उन्होंने किशोरी को आरोपी किरनपाल के चुंगल से बचाया। इसके बाद आरोपी पुलिस कार्रवाई करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी किरनपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तेज रफ्तार कैंटर ने ई रिक्शा को रौंदा

## हादसे में महिला की मौत, चालक फरार, परिजनों में मचा कोहराम

**मंडी धनौरा/बछरायूं**। बछरायूं थाना क्षेत्र में बुधवार को स्टेट हाईवे पर साकर बैंक्वेट हॉल के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कैंटर ने आगे चल रहे ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में बैठी एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठी सात साल की बेटी सुरक्षित बच गई। हसनपुर के मोहल्ला कुरैशियान निवासी अरशद कुरैशी की पत्नी रजिया (30) अपनी सात साल की बेटी के साथ बछरायूं में एक शादी समारोह में शामिल होने आ रही थीं। दोनों ई-रिक्शा में सवार थीं। जैसे ही ई-रिक्शा साकर बैंक्वेट हॉल के पास पहुंचा, पीछे से आए तेज रफ्तार कैंटर ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और रजिया सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर धनौरा के अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। हादसे में सबसे हैरानी की बात यह रही कि रजिया के साथ बैठी उनकी सात साल की बेटी को खरोंच तक नहीं आई। हादसा देख मौके पर मौजूद लोग भी बच्ची के सुरक्षित बचने को चमत्कार मानते रहे। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि रजिया की शादी करीब दस साल पहले हुई थी। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ घर ले गए। उधर, सूचना पर पहुंची बछरायूं पुलिस ने कैंटर को कब्जे में ले लिया है।



# दो बाइक चोरों को पांच पांच साल की सजा

## कोर्ट ने एक-एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बाइक चोरी के मामले में कोर्ट ने दोषियों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

मामला जुलाई 2023 का है। थाना सैदनगली पुलिस 9 जुलाई को हसनपुर-संभल मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध दिख रहे बाइक सवार तीन युवकों को रोक लिया था। तलाशी के दौरान उनके पास से फर्जी आरसी बरामद हुई थी। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अतीक पुत्र नसीर अहमद निवासी कस्बा सैदनगली तथा सूफियान पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला लाल बाग रेता थाना हसनपुर तथा तीसरा नाबालिग था। वहीं, तीनों ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की थी। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने नहर की पुलिया के पास छिपाकर रखी गई चोरी की 10 बाइक और एक स्कूटी बरामद की थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। फिलहाल, इस मुकदमे में दोनों आरोपी जमानत पर थे। सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। बुधवार को अंतिम सुनवाई के दौरान अदालत ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर अतीक और सुफियान को दोषी करार दिया। दोनों दोषियों को पांच-पांच साल जेल की सजा सुनाई तथा एक एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

## एक नजर

### सड़क किनारे खड़ी कार में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। सड़क किनारे खड़ी कार में आग लगने से अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगो की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण का खुलासा नहीं हो सका। मोहल्ला बटवाल नई बस्ती निवासी जुबैर ने अपनी कार को मोहल्ला कल्याणपुरा में सड़क किनारे खड़ा किया था। अचानक दोपहर के समय संदिग्ध परिस्थितियों में कार में आग लग गई। स्थानीय लोगो ने कार से धुआं निकलता देख शोर मचाया। कुछ देर में तेज लपटों ने कार को अपनी चपेट मे ले लिया। सूचना पर फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची परंतु जब तक आग को कंट्रोल किया जा चुका था। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है।

### गेहूं निकासी के विवाद में पिता-पुत्र को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। गेहूं निकासी को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने पिता पुत्र पर हमला बोलकर उन्हें बुरी तरह से पीटकर अधमरा कर दिया। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव दरियापुर तुगन में गेहूं की निकासी के मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत में फसल की मड़ाई के दौरान हुए झगड़े में दबंगों ने चंद्रपाल व उनके पुत्र मनीष पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहाँ उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### बाइक फिसलने से दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। थाना क्षेत्र के गांव चचौरा निवासी दो युवकों के साथ बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव चचौरा निवासी महेश व हीरालाल किसी जरूरी कार्य से दढ़ियाल चौराहा गए हुए थे। काम निपटाने के बाद दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहे थे। जब उनकी बाइक चचौरा अड्डे के पास पहुंची, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक के फिसलते ही दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

### ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ट्रैक्टर खरीद कर ला रहे चालक से नियंत्रण खोने पर ट्रैक्टर अचानक पलट गया जिसके चलते चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से हायर सेंटर रेफर किया गया है। बुधवार को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर निवासी मनीराम राणा पुत्र रमेश सिंह सैद नगली थाना कस्बे से सेकंड हैंड ट्रैक्टर खरीद कर ला रहा था। इस दौरान सकतपुर एवं सैद नगली के बीच स्थित मार्ग पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। जिसके नीचे दबकर चालक मनी राणा गंभीर रूप से घायल हो गया जहां सूचना पर 108 एंबुलेंस चालक राकेश तथा ईएमटी विजयपाल सिंह मौके पर पहुंचे। घायल को राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस में बिठाया गया। घायल ट्रैक्टर चालक को हसनपुर सीएचसी केंद्र में भर्ती करा दिया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में घायल को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। फिलहाल स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### युवक ने किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। दबंग ने युवक पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला बोलकर उसे लहूलुहान कर दिया। खून से लथपथ हालत में युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर के मोहल्ला कोट पूर्वी निवासी महेंद्र पुत्र काशीराम सैदनगली से हसनपुर को लौट रहा था। महेंद्र के मुताबिक जैसे ही वह झगड़ी अड्डे पर पहुंचा तो वहां मौजूद मोहित पुत्र चंद्रभान निवासी मुबारकपुर कलां ने उसे रोक लिया। पुरानी रंजिश के चलते दबंग ने उस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला इतना भीषण था कि युवक को संभलने तक का मौका नहीं मिला। और वह लहूलुहान होकर सड़क पर ही गिर पड़ा। राहुल वहां हुआ महेंद्र किसी तरीके से कोतवाली पहुंचा था पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया। पुलिस ने संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# बनारस में हुए हादसे में सिहाली के चालक की मौत

## ट्रक व डीसीएम की हुई भीषण भिड़ंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। वाराणसी में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। ट्रक और डीसीएम के बीच हुई भीषण भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

हादसा उस वक्त हुआ जब हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहाली जागीर निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद अली अपने साथी आजम के साथ बनारस में डीसीएम चलाते थे। बुधवार सुबह वहां एक अनियंत्रित ट्रक और डीसीएम के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मोहम्मद अली ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जैसे ही मोहम्मद अली की मौत की खबर सिहाली जागीर पहुंची, परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतक के घर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे में घायल दूसरे युवक, आजम, की स्थिति अभी भी चिंता. जनक बनी हुई है और उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर परिजन भी घटनास्थल रवाना हो गए। परि. जनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे पत्नी मरियम के अलावा 2 वर्ष के मासूम बेटे को छोड़ गए हैं। वह डीसीएम चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। ट्रक चालक की मौत से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बाजार भाव से कम रेट मंजूर नहीं: भाकियू

## गेहूं केन्द्र व एक्सप्रेसवे मुआवजे पर तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने बुधवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील पहुंचकर जोरदार आवाज उठाई। मंडल उपाध्यक्ष सोवीर सिंह के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम शैलेश कुमार दुबे को ज्ञापन सौंपकर चुचौला कलां में बंद पड़े गेहूं खरीद केंद्र को तत्काल शुरू कराने, गंगा एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा दिलाने और खतौनी की गड़बड़ियां दूर कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि चुचौला कलां का गेहूं क्रय केंद्र बंद होने से आसपास के गांवों के किसानों को अपनी फसल बेचने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। दूर-दराज केंद्रों पर जाना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। इस दौरान तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, गुरमीत सिंह चचू, राजीव राठी वालीपुर, मोहित सिद्धू समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# अनियंत्रित होकर खंदक में पलटा ट्रैक्टर, चालक घायल

**सैदनगली**। थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में ट्रैक्टर खंदक में पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार, आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर की मढैया निवासी मनीराम पुत्र रमेश शनिवार को सैद नगली स्थित ट्रैक्टर बाजार गया था। देर शाम जब वह ट्रैक्टर लेकर वापिस अपने घर लौट रहा था, तभी सकतपुर के निकट यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि सकतपुर के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गहरी खंदक में जाकर पलट गया। हादसे में मनीराम ट्रैक्टर के नीचे दबने से बुरी तरह घायल हो गया। घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर

# पश्चिम में तो मजबूत है, अब पूर्वी और मध्य प्रदेश में रालोद बढ़ा रही ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल पश्चिम में तो मजबूत है ही अब मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी मजबूती का फोकस है। 2027 के चुनाव में रालोद और एनडीए की सरकार उत्तर प्रदेश में बनने जा रही है।

**■ रालोद के राष्ट्रीय महासचिव ने की पत्रकार वार्ता**

बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल के टीचर्स कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में त्रिलोक त्यागी ने कहा कि, राष्ट्रीय लोकदल पश्चिमी प्रदेश में बहुत मजबूत है, अब पार्टी का फोकस पश्चिम के साथ साथ पूर्वी और मध्य उत्तरप्रदेश में मजबूती का है। इसीलिए पार्टी द्वारा पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में भी कार्यक्रम किये जा रहे हैं। कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में रालोद और एनडीए की सरकार बनने जा रही है। कहा कि रालोद ने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। कुछ समय पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर रालोद के प्रति. निधिमंडल ने गन्ना मूल्य 400 रूपये प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकार किया। रालोद द्वारा उठाये जाने वाले मुद्दों को उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार को पूर्ण प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि नॉएडा में मजदूरों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन पर भी सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए वेतन बढ़ाने की घोषणा की। कहा की रालोद मजदूरों के साथ है और केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकारें भी मजदूर हितैषी हैं, तभी प्रदेश सरकार ने कुछ ही घंटों में मजदूरों के हित में निर्णय लेकर वेतन वृद्धि की। उन्होंने कहा कि रालोद मुखिया जयंत चौधरी लगातार अपने विभाग के माध्यम से योजनाएं क्रियान्वित कर रहे हैं। पत्रकार वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामव. ीर सिंह, मंडलाध्यक्ष सरजीत सिंह, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, पुष्पराज चौधरी, इरकान अली, हरपाल सिंह, दिनेश अग्रवाल, संजय गोयल, राजन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**गजरौला**। एक किशोरी को पास के गाँव का युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। स्वजन ने किशोरी की काफी तलाश की मगर कोई सुराग नहीं मिला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी 17 वर्षीय किशोरी 13 अप्रैल को बिना बताये एकाएक घर से गायब हो गयी। स्वजन ने उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। आसपास के लोगों से पता निक. ाला तो जानकारी हुयी कि किशोरी को पास के गाँव का रहने वाला युवक अरुण बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

# सड़क हादसे में एक कारीगर की मौत, दो घायल

**गजरौला**। जन्मदिन समारोह से खाना बनाकर लौट रहे स्कूटी सवार तीन कारीगरों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में एक कारीगर की मौत हो गयी, जबकि दो घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भेज दिया, जबकि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला अवन्तिकानगर निवासी कमल प्रजापति (28) पुत्र स्वर्गीय चिरंजी, मौहल्ला धुनपुरी निवासी किशन प्रजापति पुत्र स्वर्गीय लालजी और मौहल्ला जलालनगर निवासी राहुल पुत्र नरेंद्र सिंह कारीगर का काम करते हैं। बीते दिन ये लोग चांदपुर के पास फीना गाँव में जन्मदिन समारोह में भोजन बनाकर स्कूटी से वापस लौट रहे रहे। रात करीब 12 बजे जब ये लोग थानाक्षेत्र के गांव सकरथली के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। किसी राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ पर चिकित्सक ने कमल प्रजापति को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों घायलों को भी बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया। वहीं घटना से मृतक के परिजनों में चीत्कार मच गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु सिंह सभा में सजा भव्य कीर्तन दरबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बैसाखी के पावन पर्व पर नगर के मुख्य गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरुवार देर रात भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें नगर समेत आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में संगत पहुंची। उत्तम नगर से आए प्रसिद्ध रागी जत्था भाई कुलदीप सिंह और उनकी टीम ने मधुर गुरुबाणी कीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दीवान शुरू होते ही पूरा गुरुद्वारा परिसर वाहेगुरु के जाप से गूंज उठा। देर रात तक चले कीर्तन में संगत ने पूरी श्रद्धा और एकाग्रता के साथ शबद श्रवण किया। इस दौरान ज्ञानी वीर सिंह ने बैसाखी के महत्व, खालसा पंथ की स्थापना और गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। बैसाखी के उत्साह के चलते गुरुद्वारे में पुरुषों के साथ महिलाओं और बच्चों की भी भारी भीड़ रही। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। गुरुद्वारा कमेटी ने बाहर से आए रागी जत्थे को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया और नगरवासियों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सनप्रीत सिंह, सोनी, कोकी ढिल्लों, सतेन्द्र सिंह, शैली सिंह, अमन, अनमोल, नीलू, हरजीत, लौकेश कौर, रंजीत, करिश्मा सिद्धू, सिमरन, अधमदीप, गुरेंदर और मनजीत सिंह मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में त्रिवेन्द्र सिंह, लकी सिंह, सुरजीत सिंह बब्बल, शैली सिंह, गगन चोपड़ा, बलवीर सैनी, कीरत सिंह, संदीप सिंह, जानी सिंह और जोगेंद्र सिंह मोनी का विशेष सहयोग रहा।

### श्री राधाकृष्ण की मूर्ति स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला**। नगर के फाजलपुर फाटक के निकट स्थित मनोकामना मंदिर में श्री राधा कृष्ण की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान भजन और श्री राधा कृष्ण के जयकारों से वातावरण गुंजित हो उठा। बुधवार को मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही श्रद्धालु एकत्र होने लगे थे। कार्यक्रम में सबसे पहले महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया। कलश यात्रा मंदिर से प्रारम्भ होकर मायापुरी, मंडी समिति मार्ग, अवन्तिकानगर, इंदिरा चौक से होकर मंदिर पर आकर समाप्त हुई। इसके बाद पंडित सुखदेव शर्मा शास्त्री ने विधि विधान से पूजा अर्चना एवं हवन करके भगवान श्री राधा कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा कराई। इस दौरान राधा कृष्ण के भजन और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बाद में विशाल भंडारे का आयोजन करके प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सभासद राजपाल सिंह, सतीश शर्मा, भोकन सिंह , उमेश प्रजापति, सोनू, बबलू, दयावती, पुष्पा, पूनम, उषा, देवी, अनीता, चंद्रावती, राधिका आदि मौजूद रहे।

## बीसलपुर में राजेश्वरी अस्पताल सील अब संचालक पर एफआईआर की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कस्बा बीसलपुर में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजेश्वरी अस्पताल को सील कर दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अधीक्षक डॉ. आलमगीर ने नायब तहसीलदार अवधेश कुमार और बीसलपुर थाना पुलिस के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान अस्पताल में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण में पाया गया कि अस्पताल में न तो कोई रेडियोलॉजिस्ट मौजूद था और न ही कोई डिग्रीधारी डॉक्टर। इसके बावजूद यहां मरीजों का इलाज किया जा रहा था। अल्ट्रासाउंड जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण भी बिना विशेषज्ञ के कराए जा रहे थे, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। इस बड़ी लापरवाही को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल प्रभाव से राजेश्वरी अस्पताल को सील कर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अस्पतालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। पूरे मामले में विभाग अब राजेश्वरी अस्पताल के संचालक के खिलाफ थाना बीसलपुर में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका है। गौरतलब है कि इस अस्पताल का संबंध शाहजहांपुर के निगोही क्षेत्र में संचालित विनायक अस्पताल से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में संचालक डॉ. शिवरतन को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## छात्र की मौत पर परिजनों का भारी हंगामा

■ जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** दियोरिया कलां कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर गांव में एक छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की छात्र के सबको सड़क पर रखकर दियोरिया बीसलपुर मार्ग जाम कर दिया। मृतक छात्र की पहचान माधवपुर निवासी मनोज भारती के पुत्र संदीप भारती 20 वर्षीय के रूप में हुई है।

संदीप राजकीय डिग्री कॉलेज हेमपुर बिलसंडा में बी ए का छात्र था। जिससे परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक संदीप अपने पिता की किराना दुकान में भी हाथ बटाता था। परिजनों के अनुसार मंगलवार रात करीब 10:30 बजे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई इसके बाद उसे एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने छात्र की मौत के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला बताया है।

उनका आरोप है कि दूसरे पक्ष ने संदीप को जहर देकर उसकी हत्या की है।

परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है हालांकि पुलिस की शुरुआती जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है थाना अध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक द्वारा जहर खाने की बात सामने आई है। उन्होंने स्पष्ट किया की मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

पोस्टमार्टम के बाद जब छात्रा का सब गांव पहुंचा तो न्याय की मांग को लेकर परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा उन्होंने दियोरिया बीसलपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष गौतम सिंह और वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों को समझा बुझा कर और मामले में निष्पक्ष जांच तथा कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

थाना अध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अत्यधिक उर्वरक बिक्री पर दर्जनों प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** जिला कृषि अधिकारी द्वारा आईएफएमएस पोर्टल से एक अप्रैल से 12 अप्रैल के मध्य दर्जनों प्रतिष्ठानों से उर्वरकों की बिक्री की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि एफएससी पीलीभीत, सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत, सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला, सहकारी समिति टोडरपुर, सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर, शिवम खाद भण्डार पूरनपुर, सिंह फर्टिलाइजर पूरनपुर, शर्मा खाद भण्डार घुघचाई, दीक्षित फर्टिलाइजर, बाला जी फर्टिलाइजर, गगन एग्रीजंक्शन वन स्टॉप, मझोला, आईएफएफडीसी केएसके घुपतपुर, किसान खाद भण्डार, कृषक बहुउद्देश्य सहकारी, किसान सेवा सहकारी समिति जोगीठेर, सहकारी समिति, रायपुर बिचपुरी, भारत पेस्टीसाईड, किसान सेवा सहकारी समिति अमरिया, शंकर एंटरप्राईजेज, जोगराजपुर, किसान सेवा सहकारी समिति ललौरीखेड़ा, ग्राम स्तरीय उद्यमी कल्याण, आईएफएफडीसी केएसके कढेर चौराहा, सहकारी समिति लि., खरगापुर के द्वारा अत्यधिक मात्रा में यूरिया की बिक्री की गई एवं एफएससी पीलीभीत, सहकारी समिति टोडरपुर, किसान सेवा सहकारी समिति जोगीठेर, सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत, सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला, सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर इनके द्वारा अत्यधिक मात्रा में डीएपी की बिक्री की गई है। जबकि इस समय कोई विशेष मांग नहीं चल रही है तथा इसके साथ साथ सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला के द्वारा 30 कृषकों को 18 से 20 बैग यूरिया की बिक्री की गई जो कि नियम विरूद्ध है।



इसके साथ-साथ बाला जी खाद भण्डार, बिलसण्डा द्वारा 1 कृषक को 33 बैग, यूपीएसएस माधोपुर अमरिया द्वारा 1 कृषक को 32 बैग, वर्मा खाद भण्डार द्वारा 1 कृषक को 30 बैग एवं अन्य उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा भी अधिक उर्वरकों की बिक्री की गई, जिस कारण उनका उर्वरक प्राधिकार पत्र निलम्बित करते हुए जांच की जा रही है। उर्वरक प्राधिकार निरस्त करने के साथ साथ कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## एसडीएम और नगर पालिका टीम ने हटाया अतिक्रमण, सड़कें हुई साफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम जनता को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए आज प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया। उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडेय और नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के सबसे व्यस्त थाना रोड और तहसील रोड पर सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

इस अचानक हुई कार्यवाही से अवैध कब्जा करने वालों और सड़क पर दुकान सजाने वालों में हड़कंप मच गया। विदित हो कि तहसील परिसर और सरकारी अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण स्थान इन्हीं मार्गों पर स्थित हैं, जिसके कारण यहाँ तहसील कार्य से आने वाले ग्रामीणों और इलाज के लिए आने वाले मरीजों की भारी आवाजाही रहती है। लंबे समय से इन प्रमुख सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान फैलाकर और अवैध खोखे रखकर अतिक्रमण किया गया था, जिससे रास्ता काफी संकरा हो गया था। दूर-दराज से आने वाले लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ती थी।

जनता की इसी परेशानी का संज्ञान लेते हुए आज एसडीएम के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुँचकर सड़क किनारे से अवैध अतिक्रमण को हटवाया और रास्ता साफ कराया। अभियान के दौरान पुलिस प्रशासन ने सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ी गाड़ियों के विरुद्ध भी सख्त रुख अपनाया और नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के जमकर चालान काटे।

एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़कें आम जनता की सुविधा के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि दोबारा इन मार्गों पर अतिक्रमण पाया गया या नो-पार्किंग में वाहन खड़े मिले, तो भारी जुर्माने के साथ-साथ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के दौरान नगर पालिका के अधिकारी, राजस्व टीम और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की इस सक्रियता से स्थानीय राहगीरों ने राहत की सांस ली है।

## जनपद में लगाए जाएंगे 40 लाख पेड़

■ जिला गंगा, जिला वृक्षारोपण एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा

■ विकास दीक्षित बने पर्यावरण समिति के नामित सदस्य

■ अंकित अवस्थी बने गंगा समिति के नामित सदस्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिले की टीम अहम समितियों की बैठक सम्पन्न हुए जिसका संचालन प्रभागीय निदेशक वन एवं वन्यजीव प्रभाग भरत कुमार डी के ने किया। प्रभागीय निदेशक ने अवगत करवाया की इस बार वृक्षारोपण का लक्ष्य 40 लाख के आस पास रहने वाला है जिसकी वन विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर ली है, विभाग के उच्च अधिकारियो की निगरानी में पेड़ों के उगान का काम वन विभाग की नर्सरियों में हो रहा है।

जिला अधिकारी ने निर्देश दिए, की इस बार जिले में सबसे ज्यादा सहजन के वृक्ष लगाए जाए ताकि जिले में सहजन वन तैयार हो जाए और जिला सहजन जनपद के नाम से फेमस हो जाए। बैठक में जिला गंगा कार्ययोजना बनाए जाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई. जिला अधिकारी ने निर्देश दिए की जल्द एक बैठक और बुलाकर विभागों में समन्वय स्थापित कर ससमय जिला गंगा कार्ययोजना बनाए जाने की बात कही। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद पीलीभीत को सख्त हिदायत देते हुए कहा की शहर में एक भी आवारा पशु नहीं दिखने चाहिए और ना ही कही गंदगी दिखनी चाहिए उन्होंने यह भी निर्देश दिए नलों की अभियान चलाकर सफाई करवाई जाए. जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को सभी नालों के ऊपर स्लेव डालकर ढकने के निर्देश दिए और अभी नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को चिकन और मटन की दुकानों को किसी भी दशा में नदियों में ना डाला जाए इसका निरक्षण कर चालान करें और उसकी प्रगति आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अंकित अवस्थी पुत्र स्व. सिद्ध गोपाल अवस्थी निवासी आवास विकास को जिला गंगा समिति में एवं विकास दीक्षित पुत्र अवनीश दीक्षित निवासी राम बिहार कालोनी को पर्यावरण समिति में नामित सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक में सीएमओ अलोक शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रसून द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी रौशनी यादव, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ प्रदीप कुमार सिंह, जेई विनियमित क्षेत्र किशन चन्द, पर्यावरण विद टीएच खान, नामित सदस्य अभिषेक अग्रवाल, नामित सदस्य शिवम् कश्यप, अंकित कुमार अवर अभियंता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, साबिर अली सफाई निरीक्षक, डीपीएम अंशुल गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी सौरभ प्रताप सिंह, अनुसंधान सहायक डॉ आदर्श कुमार, अमित कुमार समेत आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**म्याऊं।** बुधवार को प्रधान संगठन ब्लॉक म्याऊं के सभी प्रधानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एकजुट होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन दातागंज क्षेत्र के विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया को सौंपा गया।प्रधानों ने ज्ञापन के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों को अपने दायित्वों के निर्वहन में कई प्रकार की प्रशासनिक एवं वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिनके समाधान हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करना आवश्यक है।

## इंटर हाउस सीनियर विंग बॉयज कबड्डी, गर्ल्स खो-खो मैच का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** बेन-हर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेल का आयोजन एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा, सीनियर विंग हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा ने मैचेज के पूर्व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र,अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य ने मैच रेफरी का दायित्व संभाला। हाउस इंचार्जेज सीनियर विंग अमित श्रीवास्तव, शुभम शर्मा, आसना खान, दीक्षा मिश्रा एवं अन्य शिक्षक खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अनूप पांडेय, अमोल सक्सेना, विकास श्रीवास्तव आदि प्रतियोगिता स्थल पर मौजूद रहे। कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मैच विंध्या और अरावली हाउस के बीच हुआ।जिसको अरावली हाउस ने 22 अंको से जीत हासिल की। दूसरे मैच हिमालया और सतपुरा हाउस के बीच हुआ।जिसको हिमालया हाउस ने 18 अंको से जीत हासिल की। तीसरे स्थान के लिए मैच विंध्या और सतपुरा हाउस के बीच हुआ जिसको सतपुरा हाउस ने 10 अंको से जीत हांसिल की। फाइनल मैच हिमालया और अरावली हाउस के बीच हुआ। जिसको अरावली हाउस ने 30-11 अंको से जीत हासिल की। टूर्नामेंट में अरावली प्रथम हिमालया हाउस द्वितीय सतपुरा हाउस तृतीय स्थान पर रहा। विजयी टीम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अरमान संधू, रहीम समशी का रहा। प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट रहीम समशी रहे। खो-खो प्रतियोगिता का पहला मैच सतपुरा और अरावली हाउस के बीच हुआ।जिसको सतपुरा हाउस ने 01 अंक से जीत हासिल की। दूसरे मैच हिमालया और विंध्या हाउस के बीच हुआ।जिसको विंध्या हाउस ने 02 अंको से जीत हासिल की। तीसरे स्थान के लिए मैच हिमालया और अरावली हाउस के बीच हुआ जिसको अरावली हाउस ने 03 अंको से जीत हांसिल की। फाइनल मैच सतपुरा हाउस और विंध्या हाउस के बीच हुआ। जिसको सतपुरा हाउस ने 19-05 स्कोर रहा। जिसमें सतपुरा ने 14 अंको से जीत हासिल की। टूर्नामेंट में सतपुरा प्रथम, विंध्या हाउस द्वितीय, अरावली हाउस तृतीय स्थान पर रहा। विजयी टीम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन परी गंगवार, सिया कुंवर, मोमिना तनीम, एकम कौर का रहा।



## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में श्स्कूल चलो अभियानश के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। बुद्ववार को आयोजित इस रैली का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना था। शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की।

यह रैली कालेज परिसर से शुरू होकर गांव की गलियों से गुजरी और वापस विद्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने श्स्कूल चलो अभियान शिक्षा है हम सब का उजियाराश, श्स्कूल चले हमश और श्बेटा बेटी सभी पढ़ाओश जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि नए सत्र में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए यह जागरूकता रैली आयोजित की गई है। उन्होंने अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए बच्चों को स्कूल भेजने व शत प्रतिशत नामांकन करने की अपील की।

इस अवसर पर नीरज चौहान, विपलव भारती, रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद मिश्रा, अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## महिलाएं लोकतंत्र को कर रहीं मजबूतः बीएल वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित बिसौली विधानसभा के सम्मेलन को केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक कुशाग्र सागर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा दीक्षा माहेश्वरी ने संबोधित किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा आज जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद का विशेष सत्र बुलाकर नारी सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करने का कार्य किया जा रहा है, तब यह पूरे देश की महिलाओं के लिए आशा, विश्वास और सम्मान का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी और परिवर्तनकारी पहल है। भारत सरकार द्वारा लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर उन्हें नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी देने का मार्ग प्रशस्त किया गया है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के आत्मविश्वास को नई मजबूती देगा और उन्हें राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने वाली भूमिका में आगे आएंगी, तो नीतियों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनकल्याण की भावना और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय,पूनम यादव, दीक्षा माहेश्वरी, सरिता वार्ष्णेय, सीमा राठौर, अनुपम पाठक, मिथलेश दीदी, डॉक्टर सुविधा माहेश्वरी, सविता शर्मा, रितु अग्रवाल, अरिहता दुबे, कृष्णा गुप्ता, संगीता रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा चौपाल में शिक्षकों को जिम्मेदारी निभाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** संविलयन विद्यालय हर्रायपुर में बुधवार को षनिपुण प्रदेश की ओर एक कदमष के तहत शिक्षा चौपाल का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम प्रधान धर्मपाल एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गई। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ने शिक्षकों से बच्चों को बेहतर शैक्षिक माहौल और अच्छी शिक्षा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत सरकारी विद्यालयों की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। विकास क्षेत्र की एआरपी रानी ने शिक्षकों छात्र-छात्राओं अभिभावकों एवं जन समुदाय के बीच संवाद बढ़ाकर शिक्षा की गुणवत्ता में किस प्रकार सुधार लाया जा सकता है इस पर विचार व्यक्त किये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवरसेन ने उपस्थित अभिभावकों को डीबीटी के धन का उपयोग बच्चों पर ही करने के लिए प्रेरित किया। गत सत्र के 212 दिन शत- प्रतिशत उपस्थिति देने वाले विद्यालय के 34 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा उपलब्ध कराए गए आईडी कार्ड का भी छात्र-छात्राओं में वितरण किया गया। कार्यक्रम में राहुल कुमार यादव, अमित चतुर्वेदी, शोभित यादव, सीमा रानी, प्रभाकर सक्सेना, अंजली सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुबोध मिश्रा, सत्यपाल सिंह, सोनम, अंशु यादव, योगेंद्र, चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, अंजुम बुशरा, राजेंद्र, विनोद यादव, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरपाल सिंह, ममता, शिव कुमारी, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## वैन की टक्कर से घायल ट्रक चालक की इलाज के दौरान मौत, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** वैन की टक्कर से घायल ट्रक चालक देहरादून के अंबरी के गांव मेहूवाला खालसा निवासी संदीप सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने संदीप के भाई प्रदीप सिंह की ओर से वैन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना पांच अप्रैल को रात करीब 11 बजे असम हाईवे पर गांव खमरिया के समीप एक ढाबा के समीप की है। देहरादून के अंबरी के गांव मेहूंवाला खालसा निवासी प्रदीप ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका भाई ट्रक लेकर सितारंगज जा रहा था। घटना के समय ढाबा पर खाना खाने को रुका था। इस दौरान पीलीभीत की ओर से तेज गति से आई वैन की टक्कर से संदीप घायल हो गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। परिजन संदीप को इलाज के लिए देहरादून ले गए। देहरादून में इलाज के दौरान संदीप की 10 अप्रैल को मौत हो गई।

## भाजपा ने आयोजित किया नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में विकासखंड मरौरी में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा संयोजक 128 विधानसभा बरखेड़ा के द्वारा किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोकुल प्रसाद मौर्य अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं विकासखंड मरौरी के प्रांगण में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद के द्वारा आरंभ किया गया जिसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ब्लॉक प्रमुख मरौरी के द्वारा बताया गया। की माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा 33% आरक्षण महिलाओं के लिए लागू किया गया जिससे महिलाएं ग्राम पंचायत के चुनाव से लेकर संसद तक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे उन्होंने बताया की बीजेपी सरकार में महिलाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं और उन्हें गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कि महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी और आत्मनिर्भर बनेगी, भारत देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लिया गया है जिसमें हम सभी लोग पार्टी की नीतियों के अनुरूप कार्य करेंगे जिससे प्रदेश और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर बना रहे।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि गोकुल प्रसाद मौर्य जिला अध्यक्ष भाजपा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा, जिला महामंत्री मंगली प्रसाद, जिला मंत्री रेनू राज, जिला उपाध्यक्ष रेखा परिहार, जिला मंत्री विकास श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नमन राजपूत, सतपाल, विकास वाल्मीकि, शकुंतला राजपूत, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा संयोजक 128 विधानसभा बरखेड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूरनपुर के सेंट जोसेफ का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सीबीएसई के दसवीं का नतीजा आज घोषित कर दिया गया है लेकिन इस बार बच्चों को अपने नंबर बढ़ाने का एक मौका और दिया जाएगा। इसलिए अभी के रिजल्ट को फाइनल रिजल्ट नहीं माना जा रहा है। फिर भी नगर के सेंट जोसेफ स्कूल में बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है यहां पर कुल 120 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिसका रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। तन्मय अग्रवाल 96.8 परसेंट के साथ पहले, अनुष्का मिश्रा व मोहम्मद उमैर संयुक्त रूप से 96.04% अंक लाकर दूसरे नंबर पर व रिफत मदर 95.2 फीसदी अंकों के साथ स्कूल में तीसरी पोजीशन पर रही। चौथी पोजीशन पर काव्यांश गुप्ता 94.06%, पांचवीं पोजीशन पर यश गुप्ता व भुवि गुप्ता रहीं।बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रबंधक फादर ग्रेगरी मेस्क्रेनहस और प्रधानाचार्या सिस्टर रेम्या सेबेस्टियन व प्राइमरी विंग की प्रधानाध्यापिका सिस्टर टेसी, सिस्टर संजना सहित सभी शिक्षक शिक्षकाओं ने बच्चों को बधाई दी। बच्चों का प्रधानाचार्य की ओर से मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर कई अभिभावक भी स्कूल में मिठाई लेकर आए साथ ही बच्चों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अच्छे अंको की बधाई दी।

## व्यापारी के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के लिए सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य ट्रैक्टर चालक समीर उर्फ भूरा पुत्र लाल मोहम्मद निवासी प्रीतम नगर ने थाना पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 14 अप्रैल को शाम 6 बजे के लगभग अपना कार्य समाप्त करके ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करने के लिए बाजार विल्सनगंज चौराहे से नगर पालिका परिषद प्रांगण में ट्रैक्टर ट्राली लेकर आ रहा था इसी बीच अमर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान के सामने एक बालिका ट्राली से चिपककर गिर गई। यह बात अमर को बहुत बुरी लगी और उसने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर मारपीट गाली-गलौज अभद्र व्यवहार करना प्रारंभ कर दिया।

इस पर भी वह शांत नहीं हुआ तो पकड़कर वह नगर पालिका के मुख्य द्वार पर ले गया जहां उसने दोबारा मारपीट करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया मामले की जानकारी जैसे ही उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ कर्मचारियों को जैसे ही लगी भारी तादाद में कर्मचारी इकट्ठे हो गए और नारेबाजी करते हुए व्यापारी अमर के विरुद्ध कार्यवाही की जाने के लिए हंगामा करने लगे जानकारी के मुताबिक कार्यवाही न होने पर कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन कमरों को हड़ताल प्रारंभ कर दी तथा थाना कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा काटा तथा प्रभारी निरीक्षक से प्रार्थना पत्र देकर मामले की रिपोर्ट दर्ज की जाने की मांग की।

कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन कमरों को हड़ताल प्रारंभ होने से जहां कूड़े के घेरे का आज उठान नहीं हुआ वहीं कर्मचारियों ने गली मोहल्ले मुख्य द्वार नाले नालियों की सफाई नहीं की जिसके कारण गंदगी के अंबार लगने प्रारंभ हो गए।सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर आरोपी के विरुद्ध मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए पीड़ित समीर का चिकित्सीय परीक्षण नहीं कराया तो बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगाद्यजिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में श्स्कूल चलो अभियानश के तहत एक जागरूकता रैली निकाली गई। बुद्ववार को आयोजित इस रैली का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना था।

शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की। यह रैली कालेज परिसर से शुरू होकर गांव की गलियों से गुजरी और वापस विद्यालय पर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने श्स्कूल चलो अभियान शिक्षा है हम सब का उजियाराश, श्स्कूल चले हमश और श्बेटा बेटी सभी पढ़ाओश जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है।

उन्होंने कहा कि नए सत्र में बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए यह जागरूकता रैली आयोजित की गई है। उन्होंने अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए बच्चों को स्कूल भेजने व शत प्रतिशत नामांकन करने की अपील की। इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती,रामौतार मौर्य, प्रवीण मिश्रा,डॉ प्रमोद मिश्रा,अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# धरने पर बैठे भाकियू भानू गुट के किसान नेताओं को पुलिस ने उठाकर पहुंचाया थाने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू (भानू गुट) के किसान नेता तहसील में ज्ञापन देने पहुंचे, लेकिन मामला उस समय गरमा गया, जब उन्होंने एसडीएम से कार्यालय के बाहर आकर ज्ञापन लेने की मांग रख दी। इस दौरान तहसीलदार ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन किसान नेताओं ने उन्हें ज्ञापन देने से इनकार कर दिया।

इसके बाद भाकियू भानू गुट के युवा प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अनुज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता जुबैर सिद्दीकी, प्रदेश महासचिव ताहिर बाबा, प्रदेश सचिव इरशाद नेताजी और नितिन सिरोही तहसील परिसर में ही धरने पर बैठ गए। स्थिति को देखते हुए मौके पर पहुंचे सीओ ने थाने से पुलिस बल बुला लिया। पुलिस ने धरने पर बैठे किसान नेताओं को वहां से उठाकर थाने भेज दिया, जहां उन्हें कई घंटों तक बैठाए रखा गया। बाद में नायब तहसीलदार के थाने पहुंचकर ज्ञापन लेने के बाद किसान नेताओं को छोड़ दिया गया। किसान नेताओं का कहना था कि वे अपनी मांगों को लेकर एसडीएम से सीधे संवाद करना चाहते थे, जबकि प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप किया।

# काम न करने वाले कर्मचारियों को नहीं मिलेगा वेतन: डीएम

■ **ई-ऑफिस लागू करने में लापरवाही पर डीएम हुए सख्त**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में सरकारी कामकाज को पूरी तरह पारदर्शी, तेज और पेपरलेस बनाने की दिशा में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।

बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन कार्यालयों अथवा पटलों पर अभी तक ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य नहीं किया जा रहा है, वहां के संबंधित कर्मचारियों का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी कर्मचारी या विभाग को ई-ऑफिस संचालन में कोई तकनीकी या अन्य समस्या आ रही है, तो उसका तत्काल समाधान कराया जाए, और बिना विलंब के ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पारंपरिक कागजी प्रक्रिया को समाप्त कर सभी कार्यों को डिजिटल माध्यम से संपादित करना समय की आवश्यकता है। बैठक में जनपद के विभिन्न कार्यालयों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिन कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस के माध्यम से फाइलों का संचालन किया जा रहा है, उनकी सराहना की गई, वहीं जो विभाग अभी तक ई-ऑफिस गो-लाइव प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए हैं, उन्हें जल्द से जल्द इस प्रणाली को अपनाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समय की बचत के साथ-साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। इससे फाइलों के निस्तारण में तेजी आएगी और आमजन को भी बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य कोषाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जेपीएस इंटर कॉलेज सिंधौली में बुधवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक कृतज्ञ सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। प्रधानाचार्य इरशाद अंसारी ने कहा कि अभिभावक नाबा.लिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। उन्होंने बताया कि बाइक चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। सतर्कता से ही यातायात सुरक्षित हो सकता है।कार्यक्रम में राजपाल सिंह, विवेक रुहेला, धर्मेंद्र कुमार, कपिल कुमार, हर्षित भारद्वाज, प्रीति शर्मा, ममता मौर्य, आदेश कुमार, जितेंद्र शर्मा, संयोगिता गंगवार, रेनू गंगवार और देवेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।



### पशुशाला में लगी भीषण आग हजारों का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में बुधवार दोपहर करीब दो बजे अचानक नशीर अहमद की पशुशाला में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं, जिसे देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से पशुशाला में बंधी बकरियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, आग ने कुछ ही देर में पूरी पशुशाला को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि पशुशाला की कुछ दीवारें फटकर जमीन पर गिर गईं।नशीर अहमद ने बताया कि आग में गेहूं, चारपाई, कपड़े समेत हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में पड़ोसी शलीम की पशुशाला भी आ गई, जिससे वहां भी नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के मुताबिक, पशुशाला के पास पड़े घूरे में सुबह से आग सुलग रही थी, जिसकी चिंगारी से ही यह हादसा हुआ।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला, कई पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** गांव चकदाह भगौतीपुर निवासी निशा की शादी गत वर्ष युसुफ निवासी सैंजना, मीरगंज के साथ हुई थी। परिजनों के अनुसार पिता ने शादी में करीब 12.5 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग बुलेट बाइक और मीरगंज कस्बे में प्लॉट की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर निशा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।पीड़िता का आरोप है कि पति ने सिलाई का कारोबार शुरू कराने का झांसा देकर उससे उसके सारे जेवर ले लिए। इसके बाद एक अप्रैल को ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर निशा की तहरीर के आधार पर आरोपी युसुफ, अमजद, अकबर, मुन्नी, असगर, अफसर, इशरत, सोनम, युनुस निवासी सैंजना तथा चमन निवासी नंदगांव के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नवविवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे के मोहल्ला दर्जी चौक निवासी रजीना ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग 10 माह पूर्व कस्वे के ही मोहल्ला शेखुपुरा निवासी वसीम के साथ मुश्लिम रीति रिवाज से हुई थी।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के पति वसीम ,नानी सास,खाला सास,व देवर आदि लोग घरेलू हिंसा को लेकर मारपीट करते थे।आरोप है कि गत 14 अप्रैल को उपरोक्त ने घरेलू बात को लेकर गाली गलौच कर मारपीट कर घर से निकाल दिया। साथ ही दोवारा घर मे आने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति वसीम सहित 5 लोगों के खिलाफ घरेलू हिंसा की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराकर जांच शुरू कर दी है।

### शादी में दावत न करने से नाराज परिजनों ने महिलाओं के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मामला क्षेत्र के गांव टहा प्यारी नवादा का है, गांव की एक महिला नजमी के जेठ के बेटे की शादी 30 मार्च को थी, जिसमें गांव के अब्दुल रहीस उर्फ नन्हे की दावत न की गई थी। आरोप है इससे नाराज होकर वह महिला के परिजनों को तरह-तरह से बदनाम लगा था, जिसकी शिकायत महिला के पति और जेठ ने गांव के लोगों से की गई थी जिस पर उन्होंने समझा बुझा दिया था। 14 अप्रेल अपराह्न 4.30 बजे गांव की महिला के घर में गांव के अब्दुल रहीस उर्फ नन्हे, उनका पुत्र मो० तस्लीम, उनकी पत्नी शाकरीन और असगर घुस आए, और महिला के साथ मारपीट की। आरोप है कि महिला नजमी को जमीन पर पटक कर उसके साथ अभद्रता की गई जव उसे बचाने उसकी जेठानी आई तो दबंगों ने उसके साथ भी मारपीट की। बताया जाता है कि महिला का पति घर पर नहीं था, अपने देवर के साथ कोतवाली पहुंच कर महिला ने पुलिस को तहरीर दी जिस पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### खाकी पर लगे अश्लीलता के आरोप, महिला ने कप्तान से को शिकायत, सौंपी ऑडियो की सीडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की चौकी प्रभारी पर नगर की एक महिला ने अश्लील बातें करने का आरोप लगाते हुए कप्तान को बातचीत की सीडी सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में महिला ने कहा है कि उनका बस्ती के एक युवक से विवाद चल रहा है, जिसकी शिकायत की जांच पिछले चार महीने से कस्बा चौकी इंचार्ज द्वारा की जा रही है। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने कहा कि तुम मेरी बात मानती रहोगी तो मैं तुम्हारा फायदा करा दूंगा। महिला के मुताबिक चौकी इंचार्ज मोबाइल फोन बदल बदल कर वीडियो कॉल कर उससे अश्लील बातें करने लगा, आरोप है कि महिला को पिछले कई महीने से चौकी पर बुलाकर चौकी इंचार्ज द्वारा उसका यौन शोषण किया जाने लगा। साथ ही बात न मानने पर जेल भेजने की धमकी देने का भी आरोप महिला ने लगाया है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला द्वारा कप्तान से शिकायत किए जाने के बाद कप्तान ने तत्काल ही चौकी इंचार्ज को तलब कर जमकर फटकार लगाई। माना जा रहा है कि चौकी इंचार्ज पर कप्तान द्वारा कड़ी कार्यवाही किए जाने की संभावना है।

### अंबेडकर जयंती पर धड़ल्ले से बिकी शराब, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर घोषित शराबबंदी के दिन भी नगर में नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया है। बिजौरिया रोड स्थित एक शराब की दुकान पर कथित रूप से बंदी होने के बावजूद चोरी-छिपे शराब बेचे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि सरकार के स्पष्ट आदेशों के बावजूद संबंधित दुकान पर पिछले रास्ते से ग्राहकों को शराब उपलब्ध कराई गई। आरोप है कि सेल्समेन द्वारा ब्लैक में शराब बेची गई, जिससे प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गईं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुकान का मुख्य शटर बंद था, लेकिन पीछे के रास्ते से ग्राहकों की आवाजाही जारी रही। इस दौरान किसी व्यक्ति ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में संबंधित आबकारी इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी, और यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अनुबिस कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई डा. अंबेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस डिग्री पीजी कॉलेज में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहब के विचारों को याद किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद कुमार दिवाकर रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव सत्येंद्र सिंह यादव ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सत्येंद्र सिंह यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक महान विचारधारा थे, जिनके विचारों ने पूरे भारतीय समाज को दिशा और मजबूती प्रदान की। उन्होंने संविधान के माध्यम से आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी, जिससे लोकतंत्र और अधिक समावेशी बन सका।मुख्य अतिथि विनोद कुमार दिवाकर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश उनके योगदान का सदैव ऋणी रहेगा। प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व बहुआयामी था और वे अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपने संघर्ष और कार्यों से आधुनिक भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया, जो हमेशा प्रेरणा देता रहेगा।

मुख्य वक्ता डॉ. शोभा सक्सेना ने डॉ. अंबेडकर द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला और उनके जीवन पर संक्षिप्त जानकारी साझा की। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशासनिक अधिकारी गयाराम का विशेष योगदान रहा, जबकि संचालन डॉ. प्रीति मेहरोत्रा ने किया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में छात्राओं ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के समर्थन में नगर में रैली निकाली गई। इस दौरान छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर अधिनियम के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

रैली का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह ने किया।रैली का नेतृत्व नगर पंचायत की सभासद गीता गुप्ता एवं रोली सिंह भदौरिया ने किया। रैली में शामिल छात्राएं हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर जागरूकता का संदेश देती हुई चल रही थीं। सभासद रोली भदौरिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति में पुरुषों के समान अवसर प्रदान कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। वहीं प्राचार्य ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही एक सशक्त और संतुलित समाज का निर्माण संभव है। इस मौके पर डॉ. ममता रंजन, विजय बहादुर बिष्ट और वीरेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# नारी शक्ति वंदन पर भाजपा की विशाल बाइक रैली, गूंजे देशभक्ति के नारे

■ **रामलीला मैदान से एमजीएम इंटर कॉलेज तक निकली रैली, महिलाओं ने चलाया हस्ताक्षर अभियान**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नारी शक्ति वंदन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विशाल बाइक रैली का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। रैली रामलीला मैदान से शुरू होकर एमजीएम इंटर कॉलेज में जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य एवं जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया।

रैली के दौरान "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "नारी शक्ति जिंदाबाद" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

बड़ी संख्या में महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान महिलाओं ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया और नारी सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता" की भावना साकार होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

रैली में जिला उपाध्यक्ष स्वाति कुमार, कामाक्षी शर्मा, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि अजय जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष आलोक गंगवार, राहुल साहू, जिला मंत्री ललित शर्मा, ऋषभ बेनीवाल, महेश शर्मा, दिनेश राठौर, सचिन प्रजापति, इन्द्रजीत सिंह बग्गा, अवधेश सक्सेना, रूप किशोर, मोहित वाल्मीकि, हरीश कश्यप, सतपाल शर्मा, ब्रजेश कुर्मी, राहुल शर्मा, खूब करण गंगवार, सुदेश सिंह सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही के मोहल्ला मोतीनगर में गाड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर मारपीट हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए।

बताया गया कि मोहल्ला मोतीनगर निवासी फरमान के दरवा.जे के सामने अखलाक निवासी बलीनगर, कस्बा शाही ने अपनी कार खड़ी कर दी थी। इसी दौरान बिलाल बाइक से घर पहुंचा और दरवाजे पर कार खड़ी देख अखलाक से उसे हटाने को कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों तरफ से लात-घूंसे और लाठी-डंडे चले। करीब आधे घंटे तक रुक-रुक कर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होती रही।मारपीट में एक पक्ष के फरमान, अखलाक और उसकी मां जैनुलिसा तथा दूसरे पक्ष के फरमान और बिलाल गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि जुबैर को भी चोटें आई हैं।घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पुलिस ने अखलाक की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए उसके पक्ष के तीन घायलों को मेडिकल के लिए भेजा, जबकि दूसरे पक्ष के गंभीर रूप से घायल फरमान को भी मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया।थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि गाड़ी हटाने को लेकर विवाद हुआ था। अखलाक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जबकि दूसरे पक्ष की तहरीर भी प्राप्त हुई है, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बीडीएम पब्लिक स्कूल का 100 प्रतिशत परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** बीडीएम पब्लिक स्कूल ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष शत-प्रतिशत (100%) परिणाम हासिल कर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करते हुए शानदार प्रदर्शन किया।



विद्यालय की मेधावी छात्राओं में कुमारी रिद्धि ने 85.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने अंग्रेजी में 93%, हिंदी में 89%, सामाजिक विज्ञान में 92% तथा आईटी में 96% अंक प्राप्त किए। आयशा फातिमा ने 83.67% अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें अंग्रेजी में 98%, सामाजिक विज्ञान में 96% तथा आईटी में 98% अंक शामिल हैं। कशिश अंसारी ने 82.67% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने हिंदी में 91%, सामाजिक विज्ञान में 92% तथा आईटी में 93% अंक अर्जित किए। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रमेश चंद्र मिश्रा, डायरेक्टर अचल मिश्रा तथा प्रधानाचार्या डॉ. चारु खन्ना ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महिला सशक्तिकरण पर महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नारी सशक्तीकरण को समर्पित नारी शक्ति वंदन अधिनियम का लेकर बुधवार को कस्बे में महिलाओं ने स्कूटी रेली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

नगर के बिजौरिया चौराहे से शुरू हुई इस स्कूटी रेली नगर को विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, रैली मुख्य मार्ग से होकर राजघाट स्थित आर्य कॉलेज पहुंची। कॉलेज परिसर में आयोजित की गई गोष्ठी में सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का बिल 18 अप्रेल को देश की संसद से पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिल का कितना भी विरोध किया जाए बिल पास होकर रहेगा। गोष्ठी में मीरगंज के विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डे, ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार, प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा की जिला मंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर, प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, विमला शुक्ला, तेजेश्वरी गंगवार, नीतीश उपाध्याय, सभासद सोनू राठौर सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।



# 20 से 22 अप्रैल तक हर ब्लॉक में लगेंगे विशेष शिविर

■ **वृद्धावस्था पेंशन की समस्याओं का मौके पर होगा समाधान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन ने बड़ा और सराहनीय कदम उठाया है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर 20 से 22 अप्रैल तक जिले के सभी विकास खंडों में विशेष शि.विर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में बुजुर्गों की पेंशन से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा, जिससे उन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी।



जनपद में बड़ी संख्या में ऐसे बुजुर्ग हैं, जिन्हें वृद्धावस्था पेंशन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें पेंशन न आना, आधार लिंक न होना, बैंक खाते से संबंधित दिक्कतें, पात्रता से जुड़ी समस्याएं और दस्तावेजों की कमी जैसी परेशानियां शामिल हैं। इन्हीं समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल को फरीदपुर, भुता, क्यारा, रामनगर, मझगवां, मीरगंज और नवाबगंज विकासखंड कार्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे। 21 अप्रैल को फतेहगंज पश्चिमी, आलमपुर जाफराबाद, बहेड़ी और भदपुरा ब्लॉकों में शिविर आयोजित होंगे। वहीं 22 अप्रैल को भोजीपुरा, शेरगढ़, रिछा और बिथरी चौनपुर विकासखंड कार्यालयों में शिविर लगाए जाएंगे। सभी शिविरों का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को सख्त निर्देश दिए हैं कि शिविरों के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। ब्लॉक सभागार में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, पंजीकरण काउंटर और संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि आने वाले बुजुर्गों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया है कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिवि.रों की व्यापक जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाए। ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान और पंचायत सहायकों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे गांव-गांव जाकर पात्र लाभार्थियों को जागरूक करें और उन्हें निर्धारित तिथि पर शिविर में पहुंचने के लिए प्रेरित करें। स्वास्थ्य विभाग को भी शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बुजुर्गों को जरूरत पड़ने पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी मिल सकें। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र बुजुर्ग पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहे। ऐसे शिविरों के माध्यम से न केवल लंबित समस्याओं का समाधान होगा।

# शस्त्र अधिनियम से जुड़े 92 मालों का किया विनिष्टिकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** जनपद बदायूँ में चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के तहत बुधवार को थाना वजीरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शस्त्र अधिनियम से जुड़े 92 मालों का विनिष्टिकरण किया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश पर की गई। अभियान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. हृदेश कठेरिया के निर्देशन में चलाया गया, जिसमें न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया गया। बदायूँ के निर्देशानुसार उपजिला मजिस्ट्रेट बिसौली द्वारा गठित कमेटी की निगरानी में यह प्रक्रिया पूरी हुई।

निस्तारण के दौरान क्षेत्राधिकारी बिसौली संजीव कुमार, नायब तहसीलदार सुरजन सिंह यादव, प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज एवं मालखाना इंचार्ज मौजूद रहे। पुलिस द्वारा वर्षों से लंबित शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों के माल को नियमानुसार नष्ट किया गया।

इस अभियान से मालखानों में लंबित मामलों का बोझ कम हुआ है और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है।

# प्लॉट पर अवैध कब्जे में पांच लोगों पर रिपोर्ट

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र में प्लॉट पर अवैध कब्जे और मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव खैया माफी का है। कस्बा जोया के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी माकूल अहमद द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक साल 2020 में उन्होंने एक प्लाट गांव खैया माफी में असगर अली के बेटों से उनकी पैतृक संपत्ति से खरीदा था। बाउंड्री कराने के बाद वह प्लाट को देखने नहीं गए। आरोप है कि इस दौरान गांव के ही सुशील, सरजीत, सुनील, ब्रजपाल व तिजेद्र ने प्लाट पर कब्जा कर लिया। वहां कूड़ा डालने के साथ ही मवेशी बांधने लगे। बीती छह मार्च को माकूल अहमद जब प्लाट देखने गए तो वहां दूसरे लोगों का कब्जा मिला। उन्होंने विरोध करते हुए कब्जा हटाने के लिए कहा तो आरोप है कि सुशील, सरजीत, सुनील, ब्रजपाल व तिजेद्र ने कब्जा छोड़ने से इनकार कर दिया। उनके साथ मारपीट की। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में अदालत के आदेश पर सुशील, सरजीत, सुनील, ब्रजपाल व तिजेद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# स्मार्ट मीटर की जगह लगें पोस्टपेड मीटर

## भाकियू शंकर एसई कार्यालय पर धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ताओं के साथ एक बड़ा धोखा है। जिसे किसान किसी भी कीमत बर्दाश्त नहीं करेगा।

अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर आयोजित धरने में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ताओं के साथ एक बहुत बड़ा धोखा है। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के आर्थिक एवं मानसिक शोषण का माध्यम बन चुकी है तथा उनकी समस्याओं को और अधिक बढ़ा रही है। स्मार्ट मीटरों को तत्काल प्रभाव से हटाकर उनके स्थान पर पुन: पोस्टपेड मीटर लगाए जाएं, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही इन मांगों पर ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन (शंकर) व्यापक आंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं क्रमिक अनशन करने के लिए बाध्य होगा इस दौरान बबीता रानी, मंजू चौधरी, रश्मि यादव, अर्चना यादव, चौधरी धर्मवीर सिंह, चौधरी नेमपाल सिंह, राकेश रतनपुर, विक्रम पवार, मोजी, रामपाल, नरेश खारी, जयवीर सिंह, आफताब, नईम खान, बलबीर सिंह, जगत सिंह चौहान, सुखबीर भगत, शेर सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# कुत्ते ने अपनी मालकिन को काटा



**नहटौर।** ग्राम दामनगर लकड़ा में एक पालतू कुत्ते ने अपनी मालकिन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला के पैर में 10 टांके लगाने पड़े हैं। रीना पत्नी विपिन आज दोपहर करीब एक बजे अपने घर में मौजूद थीं। इसी दौरान उनके पालतू कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया और उनके पैर को बुरी तरह काट लिया। रीना हमले में लहूलुहान हो गईं। घटना के बाद परिजनों ने घायल रीना को तुरंत सीएचसी में भर्ती कराया। डाक्टर ने बताया कि घाव काफी गहरा था, जिसके कारण महिला के पैर में 10 टांके लगाने पड़े। फिलहाल, रीना का उपचार जारी है। क्षेत्र में पालतू और आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे स्थानीय निवासियों में चिंता का माहौल है। लोग अब अपने पालतू जानवरों के व्यवहार को लेकर भी सतर्क हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पशु विशेषज्ञों ने पालतू कुत्तों के मालिकों को सलाह दी है कि वे अपने जानवरों के व्यवहार में बदलाव आने पर तुरंत सावधानी बरतें। साथ ही, समय-समय पर उनका टीकाकरण और उचित प्रशिक्षण सुनिश्चित करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गजरौला (अमरोहा)**

पत्रांक संख्या-53 न.पा.प.ग./कर विभाग 2026 दिनांक 10/04/2026

नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उ.प्र.नगर पालिका अधिनियम, 1916

नगर पालिका के कर अभिलेखों में मौहल्ला अवन्तिकानगर वार्ड संख्या 20 गजरौला में स्थित सम्पत्ति/भवन संख्या-501 श्री दीपक ठाकुर पुत्र श्री श्याम सिंह निवासी मौ0अवन्तिकानगर वार्ड संख्या 20 गजरौला तहसील धनौरा जिला अमरो. हा का स्वामित्व का अध्यासन दर्ज है। श्रीमति सर्वेश देवी पत्नी श्री महिपाल सिंह निवासी ग्राम अक्खा नगला तहसील धनौरा जिला अमरोहा ने स्वामित्व दर्ज कराने के भूस्वामित्व अभिलेख बैनामा/विक्रय विलेख कार्यालय उप निबन्धक धनौरा द्वारा जारी प्रस्तुत कर सम्पत्ति/भवन संख्या-501 पर वर्तमान स्वामी दर्ज किए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस सार्वजनिक नोटिस द्वारा सम्बंधितो को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रस्ताव पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, वह 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, नियत समय गुजरने के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही कर दी जाएगी। वाद विवाद की स्थिति में माननीय न्यायालय का आदेश ही सर्वमान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला (अमरोहा)**

# बार चुनाव से दो वकीलों ने लिया नाम वापस

## अब 55 प्रत्याशियों के बीच होगा चुनावी घमासान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के चुनाव को लेकर बुधवार को नाम वापसी को लेकर हलचल रही। अधिवक्ताओं की निगाहें प्रत्याशियों के अगले कदम पर टिकी रहीं। अध्यक्ष व सचिव पद पर किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। दोनों पदों पर चुनावी घमासान तय हो गया है। बुधवार को निर्धारित समय सीमा तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की प्रत्याशी उम्मे अम्मारा एडवोकेट ने अपना नाम वापस ले लिया, जिससे इस पद पर अब केवल एक प्रत्याशी शबनम परवीन के शेष रह जाने से उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया। इसी कड़ी में कार्यकारिणी (सीनियर ग्रुप) के सदस्य पद से रविंद्र शर्मा एडवोकेट ने भी नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद अब कुल चार पदों पर 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं, जिन पर मतदान होना शेष है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव पद सहित अन्य पदों पर चुनाव होगा। नाम वापसी के बाद कुल प्रत्याशियों की संख्या अब 55 रह गई है। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह और सक्रियता देखी जा रही है, वहीं प्रत्याशी अपने-अपने समर्थन में जुटे हुए हैं। नाम वापसी के दिन चुनाव समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अब्दुल सत्तार, सलीम खान, सतीश कुमार त्यागी, जयप्रकाश यादव, अमित कुमार जैन, एसपी सिंह, इरशाद बेग, संजीव कुमार शर्मा, योगेंद्र सिंह, मोहम्मद फैसल, इसरार अहमद, विपेंद्र गुर्जर, समरपाल सिंह, मेहंदी हसन, जुनैद खान, एडवोकेट, चंचल सारस्वत, ललिता सैनी एवं गीता रानी आदि अधिवक्ता शामिल रहे। गौरतलब है कि कुल 12 पदों के लिए 57 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया था सिर्फ दो प्रत्याशियों ने ही अपना नाम वापस लिया है। ऐसे में 12 पदों पर 55 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। जिनमें अहम मुकाबला अध्यक्ष व सचिव पद के लिए होना है। जिनमें कोई किसी से कम नहीं दिख रहा है। अध्यक्ष पद पर चैन सुख गोले, कपिल कुमार चिकारा, आदिश खान सैफी, संजय कुमार शर्मा, अख्तर हुसैन और महाराज सिंह मैदान में हैं। अधिवक्ताओं में सभी की पकड़ मजबूत है। वहीं, सचिव के लिए भी छह प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें अरशद भारती, दिनेश चौहान, धर्मेंद्र सिंह, फारूक अहमद, विशाल कुमार शर्मा और निरंकार सिंह का नाम शामिल है।

# मिलेनियम की छात्राओं ने मारी बाजी



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हाईस्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में अनुकृति प्रकाश सिंह 93% अंक पाकर स्कूल टॉपर रही। द्वितीय स्थान पर प्रिया अग्रवाल 88.4% व तृतीय स्थान पर तुबा नाज रही। विद्यालय की अध्यक्ष मीना सिंह ने सभी विद्यार्थियों के साथ अभिभावक को बधाई दी। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता वह स्कूल प्रधानाचार्य व शिक्षण स्टाफ को दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार व एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, सत्येंद्र कुमार व वीरेश कुमार मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गजरौला (अमरोहा)**

पत्रांक संख्या-54 न.पा.प.ग./कर विभाग 2026 दिनांक 09/04/2026

नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उ.प्र.नगर पालिका अधिनियम, 1916

नगर पालिका के कर अभिलेखों में मौहल्ला बुद्धबाजार वार्ड संख्या 21 गजरौला में स्थित सम्पत्ति/भवन संख्या-62 श्री हरवंश पुत्र श्री अमर सिंह निवासी मौ0 बुद्धबाजार वार्ड संख्या 21 गजरौला तहसील धनौरा जिला अमरोहा का स्वामित्व का अध्यासन दर्ज है। श्री हरवंश की मृत्यु उपरांत प्रश्नगत/सम्पत्ति भवन के वारिस व वर्तमान सम्पत्ति स्वामी श्री गुरचरन पुत्र हरवंश के द्वारा दिनांक 24.09.2025 को श्रीमति आरती देवी को विक्रय कर दिया है। श्रीमति आरती देवी पत्नी श्री रविन्द्र पाठक निवासी मौ0 शिवपुरी कॉलोनी गजरौला तहसील धनौरा जिला अमरोहा ने स्वामित्व दर्ज कराने के भूस्वामित्व अभिलेख बैनामा/विक्रय विलेख कार्यालय उप निबन्धक धनौरा द्वारा जारी प्रस्तुत कर सम्पत्ति/भवन संख्या-62 पर वर्तमान स्वामी दर्ज किए जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस सार्वजनिक नोटिस द्वारा सम्बंधितो को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रस्ताव पर जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, वह 30 दिन के अन्दर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, नियत समय गुजरने के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही कर दी जाएगी। वाद विवाद की स्थिति में माननीय न्यायालय का आदेश ही सर्वमान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला (अमरोहा)**

# रामपुर में सघन वाहन चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती - लोगों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को थाना गंज और कोतवाली क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए शराब पीकर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई। दोपहिया वाहन चाल. कों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान कई नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई भी की गई। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो।

# सीबीएसई 10वीं में ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन, तेहरीम बी टॉपर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल (कक्षा 10) के परीक्षा परिणाम में ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 274 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए और सभी सफल घोषित हुए।

विद्यालय की छात्रा तेहरीम बी ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रुद्रांश रस्तोगी ने 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा अब्दुल मतीन खान ने 96. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा लिबा अजीम और मानस्वी जैन ने 96.6 प्रतिशत, कुशाग्र संजीव ने 96.4 प्रतिशत, हुनैन उल्लाह खान ने 95.8 प्रतिशत, अजहान खान और आफीफा नोमान ने 95.4 प्रतिशत, कृष्णा कुमार और लक्ष्य जैन ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एन. के. तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के उपाध्यक्ष शाहीद खान और समस्त स्टाफ ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी विकासखण्ड हसनपुर, अमरोहा**

पत्रांक: 65 /परावि./गौ.शा./भू.टे./2026-27 दिनांक 15.4.2026

**(अल्पकालीन निविदा)**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकासखण्ड हसनपुर में निम्नानुसार संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों के भरण-पोषण हेतु भूसा एवं हरा चारा व साइलेज, दाना चौकर, पौषाहार का समय-समय पर क्रय किया जाना है। जिसकी दरें प्रति कुंतल निर्धारित करने एवं एकरूपता बनाये रखने के लिए न्यूनतम दरों वाली फर्मों के चयन के लिए निविदा दिनांक 15.4.2026 से दिनांक 21.4.2026 (दोपहर 2 बजे) तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन सांय 04 बजे उपस्थित निविदा दाता के समक्ष विकासखसण्ड कार्यालय में ब्लाक स्तरीय कमेटी द्वारा नामित अधिकारियों के समक्ष खोली जायेगी। यदि निविदा खोले जाने की दिनांक को राजकीय अवकाश होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोले जाने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा प्रपत्र, बिल आफ क्वांटिटी दिनांकक 15.4.2026 से दिनांक 21.4.2026 तक (राजकीय अवकाश को छोड़कर) निर्धारित मूय 826 रूपये जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | गौशाला का नाम | संरक्षित गौवंश की संख्या अनुमानित | विकासखण्ड मुख्यालय से दूरी |
|---|---|---|---|
| 1 | अस्थाई गौशाला अल्लीपुर खादर | 85 | 05 किलोमीटर |
| 2 | अस्थाई गौशाला मंगरौली | 55 | 07 किलोमीटर |
| 3 | अस्थाई गौशाला फुलपुर बीझलपुर | 137 | 09 किलोमीटर |
| 4 | अस्थाई गौशाला ब्रहम्माबाद | 206 | 12 किलोमीटर |
| 5 | अस्थाई गौशाला चकूनी | 124 | 17 किलोमीटर |

वित्तीय बिड

| चारे/साइलेज का विवरण | आवश्यक मात्रा कुन्तल में | निविदादाता की दर (प्रति कुंतल) (जी.एस.टी. की अनुमान्यता सहित) |
|---|---|---|
| 1- गेहूं का भूसा | मांग के अनुसार | |
| 2- साइलेज | मांग के अनुसार | |
| 3- हरा चारा मौसम के अनुसार | मांग के अनुसार | 1-बरसीम 2-जई 3- बाजरा 4- मक्का 5-गन्ने का अगौला हरा व अन्य |
| 4- दाना/चौकर | मांग के अनुसार | |

**घोषणा**

उपरोक्त चारे की गुणवत्तापूर्वक आपूर्ति स्थाई गौवंश आश्रय स्थल तक (मय लोडिंग एवं अनलोडिंग) आवश्यकतानुसार करने के लिए सहमत हूं। आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय-समय पर निर्गत होने वाले क्रय आदेशानुसारकी जायेगी

स्थान-
दिनांक-

निविदादाता फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर व मोहर

# प्रेम प्रसंग उजागर होने पर शादी टूटी, मंडप में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आज उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का पुराना प्रेम प्रसंग शादी से पहले ही उजागर हो गया। प्रेमिका द्वारा युवक की ससुराल पहुंचकर संबंधों की जानकारी देने के बाद मामला इतना बिगड़ा कि विवाह मंडप में जमकर हंगामा हुआ और अंतत: रिश्ता टूट गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का रिश्ता शेरकोट क्षेत्र के एक गांव में तय हुआ था। दोनों पक्षों की सहमति से आज विवाह की तैयारियां चल रही थीं और मंडप में कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर थीं। इसी बीच युवक की प्रेमिका, जो धामपुर क्षेत्र के ही एक गांव की रहने वाली बताई जा रही है, सुबह करीब नौ बजे लड़की पक्ष के घर पहुंच गई और युवक के साथ अपने लंबे समय से चल रहे प्रेम संबंधों का खुलासा कर दिया।

प्रेम प्रसंग की जानकारी मिलते ही लड़की पक्ष के होश उड़ गए और परिवार में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद लड़की पक्ष के कई लोग बिना किसी औपचारिकता के सीधे विवाह स्थल पर पहुंचे। बताया जाता है कि वहां पहुंचकर पहले उन्होंने भोजन किया और फिर युवक पक्ष से इस मामले को लेकर तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली-गलौच और नोकझोंक होने लगी।

करीब एक घंटे तक चले इस हंगामे के दौरान स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। इसी बीच लड़की पक्ष ने बंधक बनाए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया।

पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद आपसी सहमति से यह रिश्ता समाप्त कर दिया गया। घटना के बाद गांव में दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा और लोग इस पूरे घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते नजर आए।

# ग्रेट इंडियन एकेडमी का परिणाम शानदार

## सूर्य प्रताप सिंह प्रथम, जैद अंसारी व अरमान क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

छात्र सूर्य प्रताप सिंह ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौहम्मद जैद अंसारी ने 88.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि मौहम्मद अरमान ने 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन किया।

टॉप स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया। विद्यालय प्रबंधन के गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मकुल शर्मा, उपप्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा एवं डीन ऑफ एकेडमी आयुष अग्रवाल ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने भी इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। रिजल्ट घोषित होने पर अभिभावकों में भी उत्साह देखा गया और उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। विद्यालय का यह परिणाम अनुशासन, परिश्रम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक माना जा रहा है।

# आपसी संघर्ष में बाघ घायल



**अफजलगढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों के आपसी संघर्ष में एक बाघ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे वन विभाग की टीम ने उपचार के लिए रेस्क्यू सेंटर भेजा है, जहां बाघ की हालत नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कॉर्बेट नेशनल पार्क के तराई पश्चिमी वन प्रभाग की बैलपड़ाव रेंज में देर शाम गश्त के दौरान वनकर्मियों को एक बाघ घायल अवस्था में मिला। जिसकी स्थिति गंभीर देखते हुए तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई। जिसके बाद कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची और चिकित्साधिकारी डॉ. दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में टीम ने बाघ को ट्रेंक्यूलाइज कर ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकीय जांच में सामने आया कि बाघ के शरीर पर कई जगह गहरे घाव हैं। खासकर अगले पैर और गर्दन के पीछे गंभीर चोटें पाई गई हैं। डॉक्टरों के अनुसार यह घाव 2-3 दिन पुराने हैं और इनमें संक्रमण भी फैल चुका है। घायल बाघ की उम्र लगभग सात से आठ वर्ष के बीच है और उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने पर महिलाओं ने स्कूटी रैली निकाली।

प्राप्त समाचार के अनुसार विकास भवन परिसर से यह रैली निकाली गई। नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। रैली विभिन्न मार्गों से निकली। रैली में शामिल महिलाओं का कहना था कि यह सफर केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मनिर्भर और स्वावलंबी होने का प्रतीक है। स्कूटी रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके अधिकारों के प्रति चेतना जगाना हैं। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की उपस्थिति और उनके नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन नारी शक्ति का प्रमाण हैं। सरकारी योजनाओं के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रैली द्वारा मुख्य संदेश था। पालि. का कार्यालय पहुंच कर रैली समाप्त हुई। यहां नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी, क्योंकि भूतकाल में सभी पार्टियों ने महिला की राजनीतिक भागेदारी लगभग शून्य करते हुए अपने परिवार तक सीमित रखी। परन्तु भाजपा 140 करोड़ भारतीयों को अपना परिवार मानती हैं। आधी आबादी को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर भाजपा ने देश को विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भाजपा सरकार का एक ऐतिहा. सिक कदम हैं, जिससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड बरेली, उप्र।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎0581-2562222 (बरेली)

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

R.N.I. No UPHIN/2003/11165

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय मंच पर चमके पवन कुमार



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय के होनहार छात्र पवन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय एवं क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। पवन कुमार ने प्रतियोगिता के प्रथम चरण (क्विज) एवं द्वितीय चरण (निबंध) को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। उनकी कड़ी मेहनत और लगन के परिणामस्वरूप उन्हें अंतिम चरण में प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। इस गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया गया, जहां देशभर के प्रतिभाशाली युवाओं को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिला। इस मंच तक पहुंचना पवन कुमार के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक उपलब्धि है।

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली



**नांगल सोती।** ग्राम सराय आलम में संचारी रोग नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देशानुसार जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के दिशा निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सराय आलम उप स्वास्थ्य केंद्र और पीएचसी नांगल में संचारी रोग नियंत्रण, राहत एवं बचाव हेतु गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। कई गली-मौहल्लों में निकाली गई। रैली में अनेक स्कूली बच्चों और अध्यापक अध्यापिकाओं का सहयोग रहा। रैली निकाले के दौरान आशा, सचिव मीरा देवी, संगीता देवी, गुलिस्ता, मुमताज, शमा गौतम, गीता देवी, अमरेश देवी, जगदीप कुमार, सरिता देवी आदि मौजूद रहे।

### आसपा कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती



**चांदपुर।** आसपा भीम आर्मी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर के नेतृत्व में भारतीय संविधान के निर्माता, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं शोषितों, वंचितों के मसीहा बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर मौहम्मद ताहिर जिला एवं विधानसभा प्रभारी ने लगभग एक दर्जन से भी अधिक गांव पहुंचकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस मौके राजवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार जिला सचिव, नौशाद अली विधानसभा, मीडिया प्रभारी सचिन कुमार, विधानसभा उपाध्यक्ष डिंपल, विधानसभा महासचिव गजब सिंह, विधानसभा उपाध्यक्ष शाहरुख मुराद, मुजम्मिल अहमद आदि शामिल रहे।

### नारी शक्ति वंदन अभियान




**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार के नेतृत्व में हुआ। अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर से लेकर मुख्य मार्ग तक एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। जिसमें सैकड़ों छात्राओं ने एक-दूसरे का हाथ थामकर एकजुटता प्रदर्शित की और नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति के नारे लगाए। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज की सोच बदलने में अपनी भूमिका निभाएं। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा चौधरी चरण सिंह चौक में एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से हाल ही में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व को दर्शाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. मीनाक्षी चौहान, डा.संतोष देवी, डा. उदिता राजपूत, मौहम्मद सलीम, मौहम्मद सुलेमान तथा अन्य शिक्षकों को भी सराहनीय योगदान रहा।

### कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित



**धामपुर।** 32यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर में जूनियर डिविजन और जूनियर विंग के एनसीसी कैडेट्स को एक समारोह के दौरान बटालियन में प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा ए प्रमाण पत्र वित. रीत किए गए। विभिन्न विद्यालयों से बटालियन में आए सभी कैडेट्स प्रमाण पत्र प्राप्त कर खासे उत्साहित दिखाई दिए। इस मौके पर सूबेदार मेजर बलवंत सिंह का भी विशेष योगदान रहा। प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट ने सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी तथा आगे भी कड़ी मेहनत करने को कहा। कुल 198 कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरीत किए गए। उधर बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने भी सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर सेकेंड अफसर भूपेंद्र सिंह, हवलदार मनोज राय तथा अन्य पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

### नहटौर में गुलदार का आतंक

# गोवंश को बनाया शिकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटोरा मान में एक बार फिर गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों और किसानों में दहशत फैल गई है। आज दोपहर करीब तीन बजे गांव के किसान वरुण चौधरी के खेत में एक बेसहारा बछड़ा मृत अवस्था में पाया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मृत बछड़े के शरीर पर गहरे हमले के निशान मिले हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उसे गुलदार ने अपना निवाला बनाया है। खेत में खून के धब्बे और संघर्ष के निशान भी मौजूद थे, जिसने ग्रामीणों के डर को और बढ़ा दिया।

गुलदार की मौजूदगी की खबर फैलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में सक्रिय है। दिनदहाड़े गोवंश पर हुए इस हमले से अब इंसानों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है, जिसके कारण किसान अकेले खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। पीड़ित किसान और ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने क्षेत्र में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।

# देवर पर दुष्कर्म के प्रयास व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

### पीड़िता ने लगाई पुलिस से कार्यवाही की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वह भयभीत है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र की निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी 27 मई, 2023 को मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। विवाह के बाद से ही उसका वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण रहा। महिला के अनुसार, उसका पति गलत संगति में रहता था और घर में अन्य महिलाओं को लाता था, जिसका विरोध करने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था।

महिला ने आरोप लगाया कि उसका देवर अक्सर उसके साथ अभद्र व्यवहार करता था और कई बार उसके कमरे में जबरन घुस आता था। उसने बताया कि 12 जनवरी, 2025 की रात लगभग 11:30 बजे, जब उसका पति घर पर नहीं था, तब देवर उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू दिखाकर उसे और उसके छोटे बच्चे को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार उसने किसी तरह शोर मचाकर खुद को बचाया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद ससुराल पक्ष ने उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है।

महिला का कहना है कि उसने 24 फरवरी, 2026 और 17 मार्च, 2026 को भी शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी के प्रभावशाली होने के कारण वह थाने जाने से भी डरती रही। अब पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उसे और उसके बच्चे को सुरक्षा प्रदान की जाए।

# अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यक्रम

### विद्यार्थियों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों को आग से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेश और मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशन में क्षेत्र में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रभारी अग्निशमन केंद्र केएस जादौन के नेतृत्व में विभिन्न स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह की थीम 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ' रखी गई है। इसी थीम पर स्कूलों में निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी अग्निशमन केंद्र केएस जादौन ने विद्यार्थियों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराना नहीं चाहिए और तुरंत फायर सर्विस को सूचना देनी चाहिए। बच्चों को अग्निशमन उपकरण चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही आग से बचाव संबंधी पम्पलेटों का वितरण भी विद्यालयों में किया गया।

इस अवसर पर ग्रीन लाइट सीनियर सेकंडरी पब्लिक स्कूल नांगल, कुंदन सिंह मैमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल साहनपुर, ग्लोबल वालिया एकेडमी एवं मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# पांच भाइयों को गुमराह कर पेड़ों पर चलाया आरा



### पुलिस पर हमसाज होने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** पांच भाइयों को गुमराह कर सैंकड़ों पेड़ का कटान करने का मामला सामने आया है। उधर जैसे ही बाकी भाइयों को पेड़ काटने का पता चला तो मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। डायल 112 भी मौके पर पहुंची। हालांकि पीड़ित ने पुलिस पर हमसाजी का आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम सब्दलपुर में हनीफ शहीद, हमीद, अमीर, जमीर पुत्रगण अल्लादिया व नबाब पुत्र मौहम्मद हुसैन के साझे में पेड़ लगे हुए हैं। जिन्हें शहीद पुत्र अल्लादिया जबरन अकेले ही काट कर बेचने की फिराक में था। जिसकी सूचना बाकी भाइयों ने पुलिस को दी। पुलिस ने सभी को आपस में मामला सुलझाने की बात कही और घर भेज दिया था और मामला सुलझ जाने तक पेड़ों को न काटने की हिदायत भी दी थी। पीड़ितों का कहना है कि रात में ही लेखपाल और पुलिस से सेटिंग कर शहीद ने सुबह सवेरे से ही पेड़ काटने शुरू कर दिए। जैसे ही बाकी भाइयों को इस बात का पता चला तो उन्होंने लेखपाल और पुलिस को लाख फोन किया परंतु 450 पेड़ों पर आरा चल जाने के बाद पुलिस के एक सिपाही ने मौके पर आना गवारा समझा। पीड़ितों का कहना था कि वह दर्जनों की संख्या में मौके पर मौजूद न होते तो दबंग कब का पेड़ों को ट्राली में भरकर बेच देता।

उधर लेखपाल की सैटिंग और पेड़ों की जानकारी के विषय में एसडीएम चांदपुर को फोन किया गया परंतु कई फोन करने के बाद भी एसडीएम चांदपुर ने फोन उठाना गवारा नहीं समझा।

# कृष्णा में विधिक साक्षरता शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों एवं प्राधयापकों का एक समूह विधि विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर के निर्देशन में बस द्वारा किसान इंटर कॉलेज, रावली रोड, मंडावली पहुंचा। समूह को महाविद्यालय संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबन्धा निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के समूह द्वारा किसान इंटर कॉलेज, रावली रोड, मंडावली में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जागरुकता शिविर का शुभारंभ किसान इंटर कॉलेज, मंडावली के प्रधानाचार्य विरेंद्र सिंह के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता डा. एमए खान के द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष प्रदीप राठौर ने विभिन्न विधिक पहलूओं से शिविर में विधि विद्यार्थियों द्वारा एवं किसान इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को अवगत कराया कि किस प्रकार कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, जिला विधिक सेवा प्रा. धिकरण के माध्यम से लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान कर रहा है उन्होंने यह भी बताया कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है एवं प्रत्येक शनिवार लीगल एड क्लीनिक का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी प्रकार की समस्याओं हेतु नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्रवक्ता अभिषेक प्रताप सिंह ने विधिक जागरुकता शिविर की उपयोगिता के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की और विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक अवसरों से अवगत कराया। किसान इंटर कॉलेज, मंडावली के प्रधानाचार्य विरेंद्र सिंह ने यह बताया कि जिला विधिक सेवा प्रा. धिकरण का मुख्य उद्देश्य निर्धान लोगों को न्याय प्रदान करना है।

कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विधि विद्यार्थियों द्वारा सायबर अपराध से बचाव हेतु एक लघु नाट्य प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में मसीहत, उमैद, तनिष्का, भावना, दामिनी, अक्सा नूर आदि रहे। जागरुकता शिविर में विधि विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं विभिन्न विषयों जैसे दहेज मृत्यु, भरण-पोषण, मोटर दुर्घटना दावे, उपभोक्ता फोरम, वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली आदि के बारे में ग्रामीण जनता को विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिनव वैदिक विद्या मंदिर, स्वाहेड़ी बुजुर्ग के समस्त शिक्षकों, किसान इंटर कॉलेज, रावली रोड, मंडावली के प्रधानाचार्य विरेंद्र सिंह व अन्य प्रवक्तागण शिवकुमार, दीपिका सिंह, विशाल विक्रम सिंह, खुशबू रानी व मीनू कोठारी आदि का विशेष योगदान रहा। वरिष्ठ प्रवक्ता डा. एमए खान ने समस्त अतिथिगण को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## एक नजर

### शोभायात्रा पर बुलडोजर से पुष्पवर्षा



**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा में डा.भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोभायात्रा निकाली गई, जो रविदास मंदिर से शुरू होकर ग्राम हीमपुर दीपा और रतनपुर खुर्द से होते हुए वापस रविदास मंदिर में पहुंची। इस बीच रतनपुर खुर्द निवासी अनिल लांबा द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर बुलडोजर पर चढ़कर झांकियों पर पुष्प वर्षा की गई। जिससे आपसी समरसता और समानता का भाव पैदा होता नजर आया। इस कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए हीमपुर दीपा पुलिस भी सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम में शामिल रही।

### मजदूरों पर अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने मजदूरों पर हो रहे अत्याचार और शोषण को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और मानेसर के औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों को न्यूनतम वेतन से कम मजदूरी दी जा रही है और उनसे रविवार का अवकाश भी छीना जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब मजदूर अपने हक और अधिकारों की आवाज उठाते हैं तो सरकार और प्रशासन द्वारा उन्हें दबाने के लिए लाठीचार्ज और गिरफ्तारियों का सहारा लिया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) मजदूर भाइयों के इस संघर्ष का पूर्ण समर्थन करती है। यूनियन की ओर से सरकार से मांग की गई है कि मजदूरों की सभी जायज मांगों को तुरंत स्वीकार किया जाए और गिरफ्तार किए गए मजदूर साथियों को अविलंब रिहा किया जाए।

### पुलिस की कार्यप्रणाली का विरोध

**अफजलगढ़।** कालागढ़ मार्ग स्थित डाक बंगले भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन द्वारा वन विभाग व पुलिस कार्यप्रणाली के विरोध दिया जा रहा धरना जारी है। भाकियू टिकैत ब्लॉक बढ़ापुर राजीव चौहान ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर 16 अप्रैल को प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वन विभाग व पुलिस द्वारा भाकियू कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष के आदेश पर हल्दौर ब्लॉक की टीम भी धरना स्थल पहुंची। ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार के नेतृत्व में चार गाड़ियों को काफिला अफजलगढ़ डाक बंगले पहुंचा। इस मौके पर वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांगें दोहराई और कहा कि वन विभाग व पुलिस द्वारा किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाकियू कार्यकर्ता धरने को सफल बनाने व आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए गांव-गांव घूम रहे हैं, ताकि भारी मात्रा में किसान धरना को समर्थन दे।

### अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया



**नजीबाबाद।** 14 अप्रैल 1944 मुम्बई बंदरगाह पर घटित भीषण अग्निकांड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 अप्रैल अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। फायर स्टेशन नजीबाबाद पर प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद कनही सिंह जादौन के नेतृत्व में परेड फालइन कर शहीद हुए कर्मियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा शहीद हुए कर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान फायर स्टेशन नजीबाबाद के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहें। राजीव कुमार पांडेय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशानुसार फायर स्टेशन नजीबाबाद से एक फायर रैली ग्राम महावतपुर बिल्लौच, सब्जी मंडी, मालगौदाम तिराहा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पुलिस चौकी, विशाल मेगामार्ट, आजाद चौक, तीन कक्षीय न्यायालय तिराहा, मालन नदी, टैम्पू स्टैंड, कृष्णा टाकिज चौराहा, सीकेआई चौराहा, नगीना बुंदकी रोड पर आम जनता को पम्पलेट वितरण कर प्रचार-प्रसार किया गया। इस मौके पर बिजेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, संजीव दीपक कुमार, राजू सागर, नीरज कुमार, राकेश राणा, नदीम, रोहताश, हिमांशु, अंकित, राहुल शर्मा, विजय कुमार, अमरनाथ आदि उपस्थित रहे।

### मुस्लिम इंटर कालेज में भव्य कार्यक्रम




**किरतपुर।** मुस्लिम इंटर कॉलेज में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रौनक खत्री उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि मुदस्सिर जमा खान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मास्टर हारून ने की एवं सफल संचालन शब्बन जुनैदी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक जईम सिद्दीकी रहे। मुदस्सिर जमा खान ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और उन्हें अपने मुस्तकबिल की ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईश खान, अजीम राजा, मौहम्मद जैद, अब्दुल मन्नान, रिहान, जीशान अली, कैफ, एमएच सिद्दीकी, मौहम्मद उमर, अरहम खान, अफनान खान आदि का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के अंत में संयोजक जईम सिद्दीकी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# नारी शक्ति बंदन अभियान के दौरान स्कूटी यात्रा नगर में निकाली गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** नगर मंडल नारी शक्ति बंदनअभियान में भव्य स्कूटी बाइक यात्रा का शुभारंभ रामलीला मैदान से शुरू होकर ब्लॉक परिसर में समापन हुई जिसमें मुख्य अतिथि के डोली रंधावा ने यात्रा का शुभारंभ किया इस दौरान जिला मंत्री अमृता रंधावा, पंकज सैनी, स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर जयवर्धन मौर्य,महिला मोर्चे की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता मौर्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य रिशु वाला सुनीता, पूनम मौर्या, कमला आर्य आदि महिलाएं मौजूद रही जिन्होंने स्कूटी रैली और बाइक रैली में भाग लिया यह रैली रामलीला ग्राउंड से ब्लॉक परिसर सफलआयोजन किया नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने कहा कि नारी शक्ति बंधन अधिनियम से



महिलाओं में होगा तेजी से सशक्तिकरण जिसमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग मिलेगा जिससे कि महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ-साथ उन्हें सशक्त बनाया जाएगा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभा में 33% आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया था उसे पूरा किया है ।इस यात्रा में डोली रंधावा,अम्रता रंधावा,हेमलता मौर्य, रिंकू सैनी, अमित सक्सेना, राजेश शर्मा, सूरज बाल्मीकि नोबत राम सैनी, दिलीप अरोडा आदि मौजूद रहे।

# गेहूं क्रय केंद्रों में बारदाना न होने पर भड़के किसान

## भाकियू अंबावता की बैठक में किसानों ने उठाई विभिन्न समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की ग्राम थूनापुर में हुई पंचायत में किसानों ने प्रमुख समस्याएं उठाई। जिसमें गेहूं खरीद केंद्रों में बारदाना न होने, खराब फसलों का मुआवजा दिलाने और बेसहारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग प्रमुख रूप से उठी। किसानों का कहना था कि केंद्रों में बारदाना न होने से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। बिचौलिए कम दामों में गेहूं की खरीद कर रहे हैं।

पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हनीफ वारसी ने कहा कि आवारा पशुओं का आतंक कम नहीं हो रहा है। पशुओं के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है और कई



घायल हो चुके हैं। वहीं हादसों में पशुओं की भी मौत हो रही है। यह पशु खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हर जिले में कई गौशालाएं शासन ने बनवाई हैं। जिन पर हर साल करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है। इसके बाद भी पशु सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं। उन्होंने पशुओं को गौशाला में भेजने की मांग उठाई। वहीं उनका कहना था कि इस बार बेमौसम हुई बारिश से हवा से किसानों की गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। लिहाजा प्रशासन सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दें। वहीं उनका कहना था कि जिले में गेहूं खरीद केंद्र तो खुल चुके हैं लेकिन वहां पर बारदाना नहीं हैं। जिस कारण किसान केंद्र जाता है तो गेहूं खरीदने से इंकार कर दिया जाता है। मजबूरी में किसान बिचौलियों के माध्यम से कम कीमत में गेहूं बेचने को मजबूर है। लिहाजा केंद्रों में गेहूं खरीद की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। वहीं उनका कहना था कि केंद्र सरकार उद्योगपतियों के तो कर्ज माफ कर रही है लेकिन अन्नदाताओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लिहा. जा किसानों का कर्ज भी माफ किया जाए। उनका कहना था कि शासन प्रशासन किसानों की समस्याओं को हल्के में न लें, जो किसान मजदूर अपनी समस्या लेकर अधिकारियों का कार्यालय में जाते हैं, उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। इस मौके पर हाजी नजाकत अली, हाजी बब्बू, मोहम्मद यासीन, शमशाद हुसैन, इरफान वारसी, महेंद्र सागर, मुकेश श्रीवास्तव, मुबारक हसन, बिलाल, शहादत अली, जाकिर अली वारसी, इलियास अहमद, हाफिज फरमान, वारसी सलीम, अहमद जुल्फिकार, अहमद शिवानी, अली इस्तेकार, अहमद मेराज, अहमद रफीक, अहमद शफीक और खलील अहमद आदि मौजूद रहे।

# डीएमए में टॉप 90 बच्चों की भरमार

## कुल 56 बच्चों ने प्राप्त किये 90 से ज्यादा प्रतिशत अंक, शतप्रतिशत रहा रिजल्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** दयावती मोदी अकादमी में दसवीं में 90 प्रतिशत से अंक पाने वाले बच्चों की भरमार रही। इनमें कुल 56 बच्चे शामिल रहे। दसवीं में विद्यालय का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा। सभी बच्चे अच्छे नम्बरों से पास हुए हैं। 90 से ज्यादा की सूची में आईटी के अंक न जोड़ने के बाद कुल 56 बच्चे रहे हैं। इनमें शौर्य चौहान के 98.6, अन्वित ग्रेवाल के 98.2, शिखर राठौर के 98, आयुष विकल के 97.4,

खुशी चौरसिया के 97, पाखी भारद्वाज के 96.8, तनिष्का गुप्ता के 96.8, निष्ठा कुमारी 96.6, रानेन्द्र कुमार के 96.6, मोहम्मद फैज के 96.4, ध्रुव राजपूत के 96.2, रक्षित जोशी के 96.2, सिया श्रीवास्तव के 96,









देवांक सिंह 95.8, अनंत कुमार सिंह के 95.8, रितोबन सेन गुप्ता के 95.6, जानवी के 95.6, सार्थक गुप्ता के 95.4, सारा अहमद के 95.2, व्योम अग्रवाल के 95.2, मोक्ष उपाध्याय के 95.2, पल्लवी राजपूत के 95.2, अक्षत कुमार के 95, मोहम्मद अब्दुल्ला के 94.8, साची सेठी के 94.8, वंश यादव के 94.8, एंजेल चौहान के 94.8, श्रेयांश सिंह के 94.6, समीर लोचन के 94.4, विदित तोमर के 94.2, शौर्य सक्सेना के 94, साद अहमद के 93.6, शाश्वत मौर्य के 93.6, भव्य भारद्वाज के 93.6, इशिका के 93.4, फलक मेंदिरत्ता के 93.2, रचित सिंह के 92.8, दिव्यांश वर्मा के 93.2, ईशांत सिंह के 93.2, अंशिका सिंह 93, वंश सक्सेना के 93, सारा फातिमा के 92.8, देवांश सिंह के 92.6, माहिरा जावेद के 92.4, अनाबिया आतिफ के 92.2, शिवांशी के 91.8, श्रेया वशिष्ठ के 91.4, यश गंगवार के 91.4, तनवी सिंह के 91.2, अम्साल खान के 91.2, हर्ष रंजन सक्सेना के 91, माही सिंघल के 90.4, रिशिता तिवारी के 90.2, अचिंत सक्सेना के 90.2, आदित्य प्रताप सिंह और अरमान प्रीत कौर के 90 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। प्रधानाचार्या डा. सुमन तोमर, एचएम डा. मिली टंडन व शिक्षकों ने सभी को शुभकामनाएं दी।

**सौ मे से सौ नम्बर पाकर चमके चेहरे**

रामपुर: दयावती मोदी अकादमी के कई बच्चों के सौ में से सौ अंक हासिल किये हैं। सौ नम्बर पाकर इन बच्चों के चेहरे खिल गए। इनमें अंग्रेजी में शौर्य चौहान, अनवित ग्रेवाल, शिखर राठौर, खुशी चौरसिया, निष्ठा कुमारी, ध्रुव राजपूत, साची सेठी, फलक मेंहदीरत्ता, अंशिका सिंह, अनाबिया आतिफ, हिन्दी में शौर्य चौहान, खुशी चौरसिया, पाखी भारद्वाज, मौहम्मद फैज, जानवी, गणित में अनवित ग्रेवाल, आई में शौय चौहान के सौ नम्बर आए हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भव्य रैली अर्जुन रस्तोगी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** टांडा नगर पालिका क्षेत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मातृशक्ति द्वारा भव्य स्कूटी/बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने किया और स्वयं भी रैली में सक्रिय सहभागिता की।

रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह अभियान जन-आंदोलन का रूप लेता नजर आया। पूरे क्षेत्र में रैली के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन



अधिनियम महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और अधिकारों की स्थापना का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच को बल मिलता है, जो एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए बेहद आवश्यक है। रैली में मंडल अध्यक्ष रोहित सैनी, योगेश सैनी, विजेंद्र सैनी, अश्वनी वर्मा, समर सिंह चौहान, नवदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद।

# नारी सशक्तिकरण से हो रहा देश का नव-निर्माण: आकाश सक्सेना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार नारी का सशक्तिकरण कर देश के नव-निर्माण का कार्य कर रही है, जिससे भविष्य के भारत की समृद्धि में महिलाएं भी सक्रिय भूमिका निभा सकें और गौरव का अनुभव कर सकें।

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत आंबेडकर पार्क से भव्य बाइक-स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम



लागू करने जा रही है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को राजनीति में अधिक अवसर प्रदान करना और निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएंगी, साथ ही अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित सीटों में भी एक-तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी और नीति निर्माण में महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता मिलेगी। इससे समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और लोकतंत्र अधिक मजबूत एवं समावेशी बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और सम्मान के क्षेत्र में सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र सिंह रवि, विवेक रूहेला, कुंवर बहादुर राजपूत, राजीव मांगलिक, पारूल अग्रवाल, मनु सक्सेना, प्रमोद आहूजा, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्ड नंबर दो के बाशिंदों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** विभिन्न समस्याओं को लेकर वार्ड नंबर दो की सभासद के नेतृत्व में तमाम लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर सभी ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने आई सभासद नुसरत जहां का कहना था कि वार्ड मे नादरबाग की मड़ैया में काशीराम कालोनी स्थित है। सालों से सैकड़ों लोग इस कालोनी में रहे हैं। करीब 20 साल का वक्त बीतने के बाद भी कालोनी में रंगाई-पुताई नहीं हुई है। वार्ड में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

वहीं उनका कहना था कि वार्ड में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इन मीटर में बिल अधिक आता है। जिस कारण महीने के बीच में लोगों को रिचार्ज कराना पड़ता है। पहले मीटर में महीने में बिल आता था तो लोग समय से जमा कर देते थे। अब कई बार ऐसा होता है कि पैसों की तंगी के कारण लोग कई बार रिचार्ज नहीं करा पाते हैं। जिस कारण गर्मी और अंधेरे में रहना पड़ रहा है। बाद में डीएम को ज्ञापन देकर दोनों समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

# रामपुर में ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चला विशेष अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



रामपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाते हुए ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से चालकों की जांच की। इस दौरान निर्धारित मानक से अधिक मात्रा में शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाए गए चालकों के खिलाफ नियमानुसार विधिक कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा अभियान के दौरान लोगों से अपील की गई कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और शराब पीकर वाहन चलाने से बचें, जिससे सड़क हादसों को रोका जा सके।

## लकड़ी फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। सिविल लाइंस क्षेत्र में लकड़ी फैक्ट्री पर काम करने वाले कर्मी को कुछ लोगों ने रंजिशन पीट दिया। मारपीट में वह घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर अन्य कर्मियों ने उसे बचाया और सिविल लाइंस कोतवाली लेकर पहुंचे। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर निवासी याकूब अलीनगर बाईपास स्थित मोहम्मद रिजवान की लकड़ी फैक्ट्री में काम करता है। मंगलवार की शाम वह फैक्ट्री में काम कर रहा था। तभी रायपुर निवासी मुस्तफा रहमान कुछ लोगों के साथ वहां पर आया और गालियां बकने लगा। याकूब ने जब विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कराया। जिस पर सभी धमकी देते हुए फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचा और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है।

## नकदी-जेवर लेकर नाबालिग प्रेमी के साथ हुई फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामपुर। गंज कोतवाली क्षेत्र में युवक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जाते समय नाबालिग घर में रखी नकदी व सोने-चांदी के जेवर भी लेकर चली गई। परिजन जब घर आए तो बेटी नहीं मिली तो उसे काफी तलाश किया। रिश्तेदारी में भी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में मालूम हुआ कि पहाड़ी गेट में रहने वाले एक युवक उसे अपने साथ ले गया है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। गंज कोतवाली क्षेत्र के सतूनेसंग निवासी जाकिर के अनुसार मंगलवार की शाम को उसकी बेटी अचानक घर से गायब हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। हर संभावित स्थानों पर फोन करके पूछा लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस बीच पत्नी ने बताया कि घर में रखे 25 हजार रुपये और सोने-चांदी के जेवर भी गायब है। बाद में पता चला कि पहाड़ी गेट काशीराम कालोनी निवासी समीर उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया है। समीर को भी तलाश किया लेकिन सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने समीर और उसके पिता मोहम्मद शमीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## दिनभर बिजली गुल, किसान और उपभोक्ता बेहाल - मसवासी क्षेत्र में बढ़ी नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी** क्षेत्र में इन दिनों बिजली कटौती गंभीर समस्या बन चुकी है। गेहूं कटाई के दौरान सुरक्षा के नाम पर दिनभर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने से किसान और उपभोक्ता दोनों परेशान हैं। बुधवार को सुबह करीब 9 बजे बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई, जो देर शाम 6 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। इस लंबी कटौती के चलते जहां एक ओर लोगों की दैनिक दिनचर्या बाधित हो रही है, वहीं किसानों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अवर अभियंता श्याम सिंह के अनुसार, गेहूं कटाई के दौरान तेज हवाओं में तार टूटने की आशंका बनी रहती है, जिससे फसलों में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। इसी कारण एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद की जाती है। हालांकि, क्षेत्रवासियों का कहना है कि विभाग की यह व्यवस्था उनकी परेशानियां कम करने के बजाय बढ़ा रही है। लोगों का सुझाव है कि बिजली कटौती का समय सीमित किया जाए और सुबह 11 बजे से पहले तथा शाम 6 बजे के बाद आपूर्ति नियमित रूप से चालू रखी जाए। सेमरा लाडपुर के ग्राम प्रधान सुरेश कुमार दिवाकर और भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोहन सिंह मौर्य ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि रोजाना घंटों कटौती से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने विभाग से जल्द ठोस समाधान निकालने की मांग की है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा, आंख हुई चोटिल

## पुलिस व मायके वालों के सामने भी धमकाया, घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। आए दिन विवाहिता के साथ मारपीट करते। जिससे उसकी आंख चोटिल हो गई। महिला के बीमार होने के बाद भी जबरन बच्चा पैदा करने का दबाव डाल रहे हैं। जानकारी होने पर मायके वाले पुलिस को लेकर पहुंचे उसके भी ससुरालियों के तेवर कम नहीं हुए। पुलिस के सामने मायके वालों को धमकाया। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मायके वाले घायल अवस्था में महिला को लेकर आ गए। पीड़िता ने सिविल लाइंस कोतवाली में ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फैजनगर निवासी पूनम का कहना है कि करीब दो साल पहले उसका विवाह ग्राम रायपुर निवासी रामकिशन के साथ हुआ था। विवाह के वक्त मायके वालों ने पर्याप्त दहेज भी दिया था। शादी में करीब दस लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन ससुराली खुश नहीं थे। वह लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। इंकार करने पर ससुराली आए दिन उसके साथ मारपीट करते। एक बार इस कदर पीटा की उसकी आंख चोटिल हो गई। मायके वालों को जब जानकारी हुई तो उन्होंने भी समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। पूनम का कहना है कि वह बीमार रहती है, इसके बाद भी ससुराली बच्चा पैदा करने का दबाव डाल रहे हैं। देवर भी उस पर बुरी नजर रखता है। चूंकि पति का कोई स्थाई काम नहीं हैं, जिस कारण आए दिन मायके से पैसे लाने की बात कहता है। एक दिन इस कदर पीटा की वह घायल हो गई। इसकी जानकारी जब मायके वालों को हुई तो वह पुलिस को लेकर आए। आरोप है कि पुलिस के सामने ससुरालियों ने महिला व उसके मायके वालों से अभद्रता की। बाद में पुलिस ने किसी तरह से समझाकर पूनम को मायके वालों के साथ भेज दिया। पुलिस का कहना है कि कभी भी ससुराली उस पर हमला कर सकते हैं। पीड़िता ने सिविल लाइंस कोतवाली में पति रामकिशन समेत शिवम, प्रीतम सिंह, जगदीश और रघुवीर सिंह आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# चंपा कुमारी धर्मशाला में व्यापार मंडल की बैठक

## अतिक्रमण हटाने की सख्त हिदायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** चंपा कुमारी धर्मशाला में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने की, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का सामान न रखें और न ही छज्जों व चबूतरों पर सामान टांगें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि



किसी भी प्रकार का स्थायी या अस्थायी अतिक्रमण किया गया है, तो उसे तत्काल हटा लिया जाए, क्योंकि व्यापार मंडल किसी भी तरह के अतिक्रमण का समर्थन नहीं करेगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिन दुकानों के आगे नाले या नालियों पर पक्के चबूतरे बने हुए हैं, उन्हें हटाकर उनकी जगह लोहे का फोल्डिंग जाल लगाया जा सकता है, जिससे ग्राहकों को दुकान तक आने-जाने में सुविधा रहे। बैठक में शाहिद शमसी, हारिस शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, बिलाल शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, प्रदीप खंडेलवाल, इमरान सलीम, शकेब अहमद, फैसल हबीब, मुराद खान, मो. हसिन खान, मुकेश आर्य, उजैर अहमद, पुष्कर अग्रवाल, नजमी खान सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# मरहूम शायर ताहिर फराज की याद में 18 अप्रैल को किले के मैदान में होगा ऑल इंडिया मुशायरा

## तालीम तरबियत वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक आप नेता फैसल लाला की सदारत में होगा मुशायरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** तालीम तरबियत वेलफेयर सोसायटी की ओर से मरहूम अजीम शायर ताहिर फराज की याद में 18 अप्रैल की रात 8 बजे कच्हिले के मैदान में भव्य ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सोसायटी के जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सोसायटी के प्रबंधक एवं मुशायरे के आयोजक फैसल खां लाला और कन्वीनर तारीफ नियाजी ने बताया कि यह मुशायरा अदब-ओ-अदबीयत के चाहने वालों के लिए एक खास पेशकश होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य मरहूम ताहिर फराज की अदबी खिदमात को याद करना, नई पीढ़ी को शायरी से जोड़ना और समाज में मोहब्बत व भाईचारे का पैगाम फैलाना है। उन्होंने जानकारी दी कि देशभर के नामचीन और मशहूर शायर इस मुशायरे में शिरकत करेंगे, जिससे यह महफिल यादगार बनेगी। सोसायटी की ओर से रामपुर की जनता से अपील की गई है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजक फैसल खां लाला ने भरोसा दिलाया कि यह मुशायरा अदब, तहजीब, मोहब्बत और अमनपसंदी का बेहतरीन संदेश देगा। इस अवसर पर मुशायरा कमेटी के सदस्य शकील गौस, तारीफ नियाजी, नईम नजमी, जिया इनायती, माजिद खां, सभासद यासीन उर्फ गुड्डू, रय्यान अली खां, सफी खां सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# लखनऊ ने बेंगलुरु को जीत के लिए 147 रन का टारगेट दिया

**बेंगलुरु।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एसएसजी) ने आईपीएल-19 के 23वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 147 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ 20 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में बेंगलुरु ने एक ओवर में बिना नुकसान के 6 रन बना लिए हैं। फिल साल्ट और इम्पैक्ट प्लेयर विराट कोहली क्रीज पर हैं।

ओपनर मिचेल मार्श ने 40, मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन की पारी खेली। रसिख सलाम ने 4 विकेट झटके। जबकि भुवनेश्वर कुमार को 3 विकेट मिले। क्रुणाल पंडया ने 2 विकेट झटके। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। विराट कोहली इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं। वे पहली बार इस रोल में नजर आए हैं। कोहली को सुयश शर्मा की जगह मैदान पर ला गया। 20वें ओवर में रसिख सलाम ने दो विकेट झटके। उन्होंने मुकुल चौधरी और आवेश खान को बोल्ड कर दिया। इस तरह लखनऊ की टीम 20 ओवर में 146 रन पर आलआउट हो गई। मुकुल ने 39 रन बनाए। 19वें ओवर की पहली बाल पर जार्ज लिंडे को जीवनदान मिला। यहां रोमारियो शेफर्ड से कैच ड्राप हो गया। हालांकि, वे इसका फायदा नहीं उठा सके। वे तीसरी बाल पर टिम डेविड को कैच थमा बैठे। अगली ही बाल पर भुवी ने मोहम्मद शमी को बोल्ड कर दिया, लेकिन हैट्रिक नहीं ले सके। आवेश ने बाल को लान्ग आन पर खेल दिया। 17वें ओवर में लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल भुवनेश्र कुमार ने लो फुल टास फेंकी। ऋषभ पंत ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई। फिल साल्ट ने आगे की ओर डाइव लगाई और बेहतरीन कैच पकड़ लिया। पंत 1 रन ही बना सके। 16वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल रसिख सलाम ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। आयुष बडोनी ने शाट खेला, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। बडोनी ने 38 रन बनाए। बडोनी के बाद ;षभ पंत बैटिंग करने आए। वे पावरप्ले में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। पहली पारी में 5 ओवर का खेल बाकी है। टीम ने 83 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे, यहां से मुकुल चौधरी और आयुष बडोनी ने टीम को संभाल लिया।

# पर्पल कैप तालिका: कम्बोज-प्रसिद्ध संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**चेन्नई।** दे दनादन क्रिकेट इंडियन प्रमियर लीग (आईपीएल) 2026 जैसे-जैसे आगे बढ़ता जा रहा है अब हर दिन पर्पल और ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो रहे है।

इसी क्रम में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद अंशुल कम्बोज और प्रसिद्ध कृष्णा पर्पल केप तालिका में संयुक्त रुप से शीर्ष पर पहुंच गए है। सीएसके के मध्यम तेज गें. दबाज अंशुल कम्बोज अब तक एक भी मैच ऐसा नहीं खेले हैं जिसमें उन्हें विकेट न मिला हो। पांच मैचों में सिर्फ एक बार ऐसा हुआ जब वे दो या उससे अधिक विकेट नहीं ले सके। एमए चिदब. रम स्टेडियम में खेले कल खेले गए मुकाबले में कम्बोज ने केकेआर के खिलाफ 32 रन देकर



2 विकेट झटके इसी के साथ उनके इस सीजन में कुल 10 विकेट हो गए। अब वे प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात टाइटंस) के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट के चलते पर्पल कैप अभी भी कृष्णा के पास ही है। इस तालिका में रवि बिश्नोई द्धराजस्थान रॉयल्सऋ नौ विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। उनके बाद जोफ्रा आर्चर सात विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद तीन गेंदबाज छह-छह विकेट के साथ मौजूद हैं, प्रिंस यादव (लखनऊ सुपर जायंट्स), जैकब डफी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और केकेआर के वैभव अरोड़ा, जिन्होंने सीएसके के खिलाफ एक विकेट हासिल किया। ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। हाइनरिक् क्लासन (224 रन) और इशान किशन (213 रन) अब भी पहले और दूसरे स्थान पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 200 रन के साथ तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभी तक केवल यही तीन बल्लेबाज 200 या उससे ज्यादा रन तक पहुंच सके हैं। उनके बाद चौथे नंबर पर आरसीबी के रजत पाटीदार 195 रन के साथ हैं। वहीं पांचवें नंबर पर एक नया नाम जुड़ा है।

### महाराष्ट्र की पहली निशानेबाजी लीग पुणे में 17 से होगी शुरू

**पुणे।** महाराष्ट्र की पहली निशानेबाजी लीग 17 से 19 अप्रैल तक पुणे के अमनोरा पार्क स्थित छत्रगुंज नर्स स्कूल में आयोजित की जाएगी महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'शूटिंग लीग ऑफ महाराष्ट्र', राज्य स्तर पर 'शूटिंग लीग ऑफ इंडिया' इकोसिस्टम की दिशा में एक अहम कदम है। हाल ही में 'शूटिंग लीग ऑफ कर्नाटक' की सफल शुरुआत के बाद, महाराष्ट्र संस्करण इस खेल के लिए एक प्रतिस्पर्धी लीग ढांचा तैयार करने की, पूरे भारत में लागू की जा रही रणनीति का अगला चरण है। महाराष्ट्र में इस खेल के इतिहास में पहली बार टीमों पर आधारित प्रारूप अपनाया जाएगा।

### धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मुक. ाबले में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल के एक बयान के अनुसार, चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का पहला अपराध था ,जो धीमी ओवर गति से संबंधित है। इसलिए रहाणे पर 12 लाख जुर्माना लगा। आईपीएल के इस 22वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया। मेजबान टीम ने पांच विकेट पर 192 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर का सफल बचाव किया। उन्होंने बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के दम पर केकेआर के लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश को रोक दिया।

# निडर पंजाब के खिलाफ मुंबई को दिखाना होगा दमखम

**मुंबई।** वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स का मैच सिर्फ एक और आईपीएल मैच नहीं है। यह ऐसी शाम है जब रेप्पुटेशन डगमगाती है और कॉन्फिडेंस बढ़ता है, और इंडियन क्रिकेट की पुरानी आदतें मानसून के जिद्दी गढ्डों की तरह सतह पर लौट आती हैं।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस यहां ऐसे पहुंचती है जैसे कोई हैवीवेट बॉक्सर अचानक अपने पैरों पर खड़ा न हो। लगातार तीन हार ने उन्हें खतरनाक फिनिशर से बेचैन सर्वाइवर बना दिया है और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से तीसरी हार के बाद, कप्तान हार्दिक पांड्या ने अप्रोच में बदलाव की बात कही है, यह मानते हुए कि फॉर्म से कहीं गहरी चीज को ठीक करने की जरूरत है। यह टैक्टिकल एडजस्टमेंट कम और चुपचाप यह मानना ज्यादा है कि मशीन खराब हो रही है। हार्दिक अब खुद को एक ऐसी बॉलिग यूनिट को एक साथ रखने की कोशिश करते हुए पाते हैं जो लीक करती है और जंग लगी बाल्टी की तरह चलती है। चिंता सिर्फ हार की नहीं है, बल्कि उसके तरीके की है-अचानक गिरने के बजाय धीरे-धीरे खत्म होना, और एक लीडरशिप ग्रुप जानी-पहचानी जगहों पर जवाब ढूंढ रहा है। सबसे ऊपर रोहित शर्मा हैं, जो अभी भी शानदार हैं, अभी भी खतरनाक हैं, उन्होंने चार मैचों में 137 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट बताता है कि पुरानी आदत अभी भी कायम है। उनके साथ, रयान रिकेल्टन ने आक्रामक शुरुआत करके उम्मीद दिखाई है, जबकि सूर्यकुमार यादव, जो शायद उन सभी में सबसे टैलेंटेड हैं, इस सीजन में अजीब तरह से संयमित हैं, जैसे कि धमाका करने की इजाजत का इंतजार कर रहे हों। तिलक वर्मा पर



भी उम्मीदों का बोझ है, एक ऐसे युवा से कहा गया है जो तूफानों का मजा लेने के बजाय उन्हें शांत करे। हार्दिक खुद हर जगह और कहीं नहीं हैं, एक पल शेरफेन रदरफोर्ड की आतिशबाजी के साथ पारी खत्म करते हैं, और फिर अगले ही पल एक ऐसे बॉलिंग अटैक को संभालने के लिए लौट आते हैं जो उनकी बात मानने से इन्कार कर देता है। मिचेल सेंटनर कंट्रोल तो करते हैं लेकिन डराते नहीं हैं। नमन धीर और शार्दुल ठाकुर से उम्मीद है कि वे कमियों को पूरा करेंगे, लेकिन कमियां बहुत ज्यादा हैं। मयंक मार्कंडे बीच के ओवरों में पक्का करने की कोशिश करते हैं, लेकिन वानखेड़े ऐसे इरादों के लिए शायद ही कभी मेहरबान होते हैं। और फिर जसप्रीत बुमराह हैं। एक ऐसा नाम जिसने कभी बल्लेबाजों को डराकर रक्षात्मक चुप्पी साध ली थी, अब खुद को असहज जांच के दायरे में पाता है, चार मैचों में कोई विकेट नहीं, एक ऐसा आंकड़ा जो लगभग अस्वाभाविक लगता है। ट्रेंट बोल्ट भी नई गेंद से महंगे रहे हैं, जबकि व्यापक आक्रमण लय खोजने के लिए संघर्ष करता रहा है। पिच पर पंजाब किंग्स खड़ी है, एक ऐसी टीम जो वर्तमान में ऐसा व्यवहार कर रही है जैसे उसने कोई ऐसा रहस्य खोज लिया हो जिसे लीग के बाकी खिलाड़ी भूल गए हैं। श्रेयस अय्यर शांत अधिकार के साथ उनका नेतृत्व करते हैं, जो हाल ही में उनकी बढ़त में पहले ही 69 रन के एंकर हैं। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह बल्लेबाज कम, विध्वंसक दल ज्यादा रहे हैं - एक ने 20 गेंदों पर 57 रन बनाए, दूसरे ने 25 गेंदों पर 51 रन बनाए, जिससे पावरप्ले सार्वजिनक चेतावनी में बदल गए। कूपर कोनोली और नेहाल वढेरा स्थिरता प्रदान करते हैं जेवियर बार्टलेट और विजयकुमार वैशाख पेस और डिसिप्लिन देते हैं, जबकि अर्शदीप सिंह, कभी-कभी लीकेज के बावजूद, नई बॉल से उनके स्ट्राइक की उम्मीद बने हुए हैं। युजवेंद्र चहल, पुराने जादूगर, बैटर्स के उन्हें एक बार गलत समझने का इंतजार करते हैं-और फिर दो बार। वानखेड़े की पिच, किसी नेता के वादे की तरह सपाट, तबाही को न्योता देती है। पहली इनिंग्स का एवरेज स्कोर लगभग 185 है और चेज करने वाली टीमें पिछले आठ में से पांच गेम जीत रही हैं, टॉस होने पर ऐसा लगता है जैसे आधा मैच पहले ही तय हो चुका है। धूप, पसीना और 30 सेल्सियस में पूरी तरह बैटिंग का मजा लें। और इसलिए कहानी और तीखी हो जाती है: मुंबई इंडियंस, न सिर्फ आउट ऑफ फॉर्म है बल्कि खुले तौर पर अपनी पहचान बदलने के बारे में सोच रही है, बनाम पंजाब किंग्स, एक ऐसी टीम जो बेफ़िक्रि होकर खेल रही है जैसे उसे लगता है कि अभी का उस पर कोई एहसान नहीं है। एक टीम सीजन के बीच में खुद को फिर से बनाने की कोशिश कर रही हैद्ध दूसरी टीम इससे होने वाली तबाही का मजा ले रही है।

# महात्रे के मुरीद हुए ब्रेविस

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने टाटा आईपीएल 2026 में लगातार दो जीत दर्ज कीं, और कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से आसानी से हरा दिया।


सीएसके के डेवाल्ड ब्रेविस ने जियोस्टार एक्सपर्ट रविचंद्रन अश्विन और डेल स्टेन के साथ मिलकर आयुष म्हात्रे के धमाक. ेदार प्रदर्शन, कैप्टन रुतुराज गायकवाड़ के फॉर्म और क्या केकेआर में वापसी करने की काबिलियत है, इस पर अपने विचार साझा किए। ब्रेविस ने कहा, ष्यह मजेदार था, मैंने इसका मजा लिया। यहां भीड़ के सामने होना बहुत अच्छा था, बहुत खास। और हां, बस विकेट को जानने में समय बिताया। यह पिछली रात की तुलना में थोड़ा अलग था, लेकिन हां, बहुत मजा आया। मैदान पर डाइव लगाना, बल्ले से अच्छा स्विंग करना और बस उसे महसूस करना बहुत अच्छा था। ऐसा लगता है कि मेरा थोड़ा कॉन्फिडेंस बढ़ गया है क्योंकि



साइड स्ट्रेन के कारण बाहर रहना अच्छा नहीं था। लेकिन हां, मैं मजबूत महसूस कर रहा हूं और मुझे खुशी है कि हम जीत गए।ष टीम में साथी 'निडर खिलाड़ी' आयुष म्हात्रे के बारे में उन्होंने कहा, ष्म्हात्रे खास हैं, वह युवा हैं और जिस तरह से खेलते हैं, वैसे ही खेलते हैं। मेरी उनसे यही इच्छा है कि वह खुद के प्रति सच्चे रहें, मजे करें और चाहे कुछ भी हो जाए, ऐसे ही खेलें। आपके करियर में उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन यह देखना शानदार है कि वह कैसे खेलते हैं। वह असल में बॉल-बाय-बॉल खेलते हैं, रिएक्ट करते हैं और उसे वहीं मारते हैं जहां उसे जाना चाहिए।ष रविचंद्रन अश्विन को उम्मीद है कि सीएसके के कैप्टन रुतुराज गायकवाड़ जल्द ही फॉर्म में आ जाएंगे उन्होंने कहा, ष्एक कैप्टन के तौर पर उन्हें कुछ जीत मिली हैं, इससे उन्हें इस टूर्नामेंट में सच में आसानी होनी चाहिए। सच कहूं तो, अगर मैं डगआउट में बैठा होता या रुतुराज गायकवाड़ होता, तो मुझे ज्यादा परेशानी नहीं होती। टी 20 एक ऐसा गेम है जहां आपको लगातार इंटेंट दिखाना होता हैद्ध बस एक छोटी सी चीज है जो मैं चाहूंगा। अगर आप आयुष म्हात्रे या संजू सैमसन को देखें, तो उन्होंने ग्राउंड में जाकर सही ऑप्शन चुने। जबकि रुतुराज थोड़ा ज्यादा लाइन के पार जा रहे हैं और जल्दी कैच आउट हो रहे हैं। अगर वह अपनी इनिंग्स की शुरुआत में थोड़ा आराम से खेलते, बॉल को टाइम करते, और ज्यादा डाउन ग्राउंड खेलते तो यह उनके लिए अच्छा होता।

# ओटो विर्टानेने को हराकर अल्काराज ने बार्सिलोना ओपन में की विजयी शुरुआत

**बार्सिलोना।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने घरेलू क्ले टूर्नामेंट बार्सिलोना ओपन 2026 में ओटो विर्टानेस के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की है।



पुरुषों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज ने मंगलवार को फिनलैंड के ओटो विर्टानेन के खिलाफ पहले दौर के मुकाबले में 6-4, 6-2 की शानदार जीत के साथ, 12 महीने बाद स्पेन की धरती पर वापसी की। उन्होंने पहले सेट के आखिर में कलाई की चोट से उबरते हुए, अपने पहले पेशेवर टेनिस मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 130वें नंबर के खिलाड़ी को आसानी से हरा दिया। विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्काराज का अगला मुकाबला चेकिया के टोमास माचाक से होगा, जिन्होंने कैटलन की राजधानी में सेबेस्टियन बाएज को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर पीछे से वापसी की। अल्काराज अगर अपना तीसरा बार्सिलोना खिताब जीत लेते हैं, तो वे विश्व रैंकिंग में पहले नंबर का अपना स्थान वापस हासिल कर सकते हैं, क्योंकि जानिक सिनर इस सप्ताह न तो बार्सिलोना में एटीपी 500 टूर्नामेंट में खेल रहे हैं, न ही म्यूनिख में।

# रोहित नेट्स प्रैक्टिस में नहीं गए

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने लंबा प्रैक्टिस सेशन किया, जिसमें रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी साफ दिखी। वह स्टेडियम नहीं गए, जिससे हर कोई उनकी फिटनेस और गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के आने वाले मैच के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अंदाजा लगा रहा है। जैसा कि पहले बताया गया था, रोहित हैमस्ट्रिंग में चोट से जूझ रहे हैं।

असल में, कोई भी हैमस्ट्रिंग चोट गंभीर होती है, लेकिन क्रिकबज को पता चला है कि इस बात का कोई पक्का सबूत नहीं है कि कोई गंभीर चोट है जिससे रो. हत को बहुत सारे आईपीएल मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। रो. हत सोमवार को आरसीबी के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के छठे ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए थे। रोहित का स्कैन हुआ, जिसके बारे में क्रिकबज ने सबसे पहले 13 अप्रैल को रिपोर्ट किया था, और पता चला है कि चोट का



कोई सबूत नहीं है, यह बात मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट के लिए राहत की बात होगी। एमआई गुरुवार को रोहित को खिलाकर कोई रिस्क लेगा या नहीं, यह बहस का मुद्दा है। हो सकता है कि मैनेजमेंट, रो. हत की टीम में मौजूदगी को देखते हुए, चोट के बढ़ने के रिस्क से बचने के लिए सावधानी बरते। हालांकि, यह भी हो सकता है कि आखिरी फैसला खुद रोहित पर छोड़ दिया जाए। उनके अनुभव को देखते हुए, वही यह अहम फैसला लेने के लिए सबसे सही हैं। विल जैक्स जल्द आ सकते हैं इस बीच, पता चला है कि विल जैक्स जल्द ही टीम में शामिल होंगे, अगर वह पहले से नहीं आए हैं। कुछ संकेत थे कि इंग्लिश ऑलराउंडर मंगलवार को टीम को रिपोर्ट करेंगे, लेकिन प्रिंट में जाने तक कोई कन्फर्मेशन नहीं था। जैक्स के आने से एमआई के मिडिल ऑर्डर के साथ-साथ उनकी स्पिन बॉलिग भी मजबूत होगी - एक ऐसा एरिया जिसमें टीम ने इस सीजन में कुछ खास अच्छा नहीं किया है। जैक्स को हाल ही में हुए वर्ल्ड कप में चार बार प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, उन्होंने अपनी ऑल-राउंड स्किल्स से इम्प्रेस किया था।

# क्या ग्रीन को ड्राप करना एक ऑप्शन है: फिंच

**चेन्नई।** पांच गेम एक भी जीत नहीं। एक मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाने से एक पॉइंट। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच को छोड़कर, जो आखिरी बॉल तक चला, कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ऐसा नहीं लग रहा था कि वे आईपीएल 2026 में अपने कोई और मैच जीतेंगे।

उनका पेस अटैक कमजोर हो गया है। उनके दो मेन स्पिनर में से एक आउट ऑफ फॉर्म है। उनकी बैटिंग में फायरपावर नहीं दिखता। और, जैसा कि आरोन फिंच ने कहा, मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उनकी कुछ टैक्टिक्स बहुत शक वाली थीं, भले ही सुनील नारायण के साथ बैटिंग ओपनिंग करने से पर्दे के पीछे कुछ सोच का पता चलता हो। लेकिन अगर यह जीत के लिए 193 रन के टारगेट पर होने और एक पॉजिटिव कदम के जवाब में था, तो अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने अपनी पार्टनरशिप में - 31 गेंदों में 50 रन - बहुत कम हिम्मत दिखाई। गेम के बाद ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो में फिच ने कहा, षनिश्चित रूप से यह अच्छा नहीं था। केकेआर के बारे में बहुत सारे सवाल हैं, खासकर उस रन चेज में। उनकी कुछ टैक्टिक्स पर बहुत शक था।

हमने सुनील नारायण को टॉप ऑर्डर में भेजने के फैसले की तारीपफ की। आज यह काम नहीं आया (17 गेंदों में 24 रन), लेकिन यह कुछ अलग था। कम से कम उन्होंने कोशिश तो की।,लेकिन कुछ दूसरे फैसले थोड़े अजीब थे। और वे कभी भी दौड़ में नहीं थे। हमने रहाणे और रघुवंशी के साथ बैटिंग करने के बारे में बात की, कि यह कितना रुकावट डालने वाला फैक्टर हो सकता है। और उनकी पार्टनरशिप



**हमने रहाणे और रघुवंशी के साथ बैटिंग के बारे में बात की, यह कितना रुकावट डालने वाला फैक्टर हो सकता है**

खराब नहीं थी, लेकिन उस पार्टनरशिप में अभी भी कोई फ़र्क नहीं है। वे बॉलिग नहीं लेते। वे उस पॉइंट पर नहीं पहुंचते जहां विरोधी टीम के कप्तान को अपनी टीम में बदलाव के बारे में कोई सीरियस फ़ैसला लेना पड़े।ष केकेआर के बॉलिग कोच टिम साउदी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ष्जाहिर है कि आईपीएल में कोलकाता के लिए बैटिंग में उन्हें काफ़ी सफलता मिली है, इसलिए मुझे लगता है कि हमारे पास टॉप ऑर्डर में बहुत सारे ऑप्शन हैं, और फिर हमने सोचा कि हम इस गेम में कुछ अलग ट्राई करेंगे। मुझे लगता है, जाहिर है जब आप हार रहे होते हैं, तो आप कई अलग-अलग ऑप्शन देख सकते हैं। और हां, मुझे लगता है कि आईपीएल की यही खूबसूरती है, अपनी टीम की गहराई को परखना।

मंगलवार को, केकेआर ने नारायण और फिन एलन के साथ ओपनिग की। एलन ने 1 रन बनाया। अब उनके स्कोर 37, 28, 6, 9 और 1 हैं। कैमरन ग्रीन, जिन्होंने इस गेम में नंबर 6 पर बैटिंग की, इस सीजन में लगातार दो गेम में एक ही जगह पर बैटिंग नहीं की है, और उनके स्कोर 18, 2, 4, 32[ और 0 हैं। उनके पास बेंच पर टिम सीफर्ट हैं - साथ ही रचिन रवींद्र भी, जो ज्यादा फायरपावर का वादा नहीं करते हैं - लेकिन वह किसे रिप्लेस करेंगे? फिच ने कहा, ष्जब आपके पास डगआउट में इतना अनुभव होता है, तो आपको लगता है कि वे कम से कम सही समय पर सही फैसले तो लेंगे।

कैमरन ग्रीन के लिए नंबर 6 पर बैटिंग करना, उनके लिए एक अजीब पोजिशन है। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने टी 20 क्रिकेट में ऐसा बहुत ज्यादा किया है। उन्होंने नहीं किया है। ग्रीन ने टी20 में 68 बार बैटिंग की है, जिसमें से उन्होंने सिर्फ़ नौ बार उस नंबर पर बैटिंग की है। आखिरी बार 2024 में था। लेकिन ग्रीन को ऑक्शन में 25-20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। वह आउट ऑफ़ टच हैं, लेकिन क्या उन्हें ड्रॉप करना भी एक ऑप्शन है? कोलकाता के पास सोचने के लिए 48 घंटे हैं क्योंकि उनका अगला मैच शुक्रवार को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ है।

# डेन्मार्क के बैडमिंटन लीजेंड एक्सेलसन ने संन्यास लिया

**बीजिंग।** डेनमार्क के लीजेंड बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने लगातार पीठ की चोट की वजह से 32 साल की उम्र में प्रोफेशनल बैडमिंटन से संन्यास लेने का ऐलान किया है।

दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज का दिन मेरे लिए आसान नहीं है। उन्होंने अपनी पुरानी चोट से जूझने के बारे में बताया। एंडोस्कोपिक सर्जरी, कई इंजेक्शन, नई ट्रेनिंग के तरीके, इलाज, और लंबे समय तक दर्द से छुटकारा पाने के लिए हर तरह की कोशिश करने के बाद, मुझे अपनी लंबे समय की सेहत पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। एक्सेलसन के करियर में कई कामयाबियां रहीं, जिससे बैडमिंटन के जाने-माने खिलाड़ियों में से एक के तौर पर उनका नाम पक्का हो गया। उन्होंने बीडब्ल्यूएफ मेन्स सिगल्स वर्ल्ड नंबर 1 के तौर पर कुल 183 हफ्ते बिताए, जिसमें उन्होंने दो ओलंपिक गोल्ड मेडल, दो वर्ल्ड चैंपियनशिप टाइटल और तीन यूरोपियन चैंपियनशिप क्राउन जीते, साथ ही डेनमार्क को थॉमस कप जीतने में मदद की। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में अपने सफर के बारे में बताते हुए, बैडमिटन स्टार ने शुक्रिया और गर्व भी जताया। षजिस दिन से मैंने पहली बार रैकेट उठाया, मुझे पता था कि मेरा सपना दुनिया में बेस्ट बनना है। मैंने हर दिन, हर सेशन, हर मैच में उस लक्ष्य को पाने के लिए इस खेल को अपना सब कुछ दिया है। उन्होंने आगे कहा कियह मेरे लिए कभी सिर्फ़ एक करियर नहीं रहा। यह मेरी जिंदगी रही है और मैंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रोफेशनल बैडमिंटन से रिटायर होने का मतलब खेल को पूरी तरह से छोड़ना नहीं है।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# महंगाई की मार

भारत में महंगाई की स्थिति और आम जनमानस पर इसके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण एक अत्यंत गंभीर और बहुआयामी विषय है। जब हम वर्तमान आर्थिक परिदृश्य को देखते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि देश में सामा. जिक स्तर पर आर्थिक असंतुलन एक बड़ी चुनौती के रूप में उभरकर सामने आया है। रोजगार और आय के मोर्चे पर देश की एक बड़ी आबादी के लिए स्थितियां आज भी संतोषजनक नहीं कही जा सकतीं। यह एक विचित्र विरोधाभास है कि एक तरफ सरकार की ओर से लगातार यह दावा किया जाता है कि महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में है और विकास की दरें सकारात्मक हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस बढ़ती महंगाई का सीधा और सबसे क्रूर प्रहार आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है, जिसे अपने घर चलाने के लिए जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है और कई तरह की मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसी भी विकासशील अर्थव्यवस्था में जब आय के साधन सीमित हों, तो आम नागरिक की सरकार से यही प्राथमिक अपेक्षा होती है कि कम से कम रोजमर्रा की जरूरी वस्तुएं उसकी पहुंच के भीतर रहें, ताकि परिवार के भरण-पोषण का संकट उत्पन्न न हो, लेकिन हाल के वर्षों का अनुभव यह बताता है कि आमदनी उस अनुपात में नहीं बढ़ी है, जिस गति से बाजार में वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ी हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें तो मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.4 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जबकि फरवरी में यह 3.2 प्रतिशत थी। हालांकि यह आंकड़ा पहली नजर में छोटा लग सकता है, लेकिन जब हम इसके घटकों का बारीकी से अध्ययन करते हैं, तो वास्तविकता अधिक जटिल नजर आती है। इस महंगाई वृद्धि के पीछे अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां भी एक बड़ा कारक रही हैं। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रंखला प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों की खुदरा महंगाई पर पड़ता है। विशेष रूप से अमेरिका, इस्राईल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव वैश्विक बाजार में अनिश्चितता पैदा कर रहा है। यदि यह युद्ध की स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो आने वाले दिनों में ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में और अधिक उछाल आने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। महंगाई का बढ़ना केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह देश के सामा. जिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाला कारक है। देश में आर्थिक असंतुलन की खाई और चौड़ी होती जा रही है। एक तरफ जहां कॉरपोरेट लाभ और उच्च आय वर्ग की संपत्ति बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर रोजगार की कमी और बढ़ती कीमतों ने निम्न और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। जब आय स्थिर हो और क्रय शक्ति घट रही हो, तो आवश्यक वस्तुओं पर होने वाला मामूली सा खर्च भी एक बड़े वित्तीय संकट का रूप ले लेता है।

## पुराने संशोधनों को लागू किया जाए



तमाम विपक्षी दल महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लागू करने की योजना बना रही है, वह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित और जनता को गुमराह करने वाला कदम है, हम सभी महिला आरक्षण बिल के पक्ष में हैं, लेकिन सरकार जिस तरह से इसे लेकर आई है, वह राजनीति से प्रेरित है, हमने हमेशा इस बिल का समर्थन किया है, लेकिन हमारा आग्रह है कि पुराने संशोधनों को लागू किया जाए, सरकार परिसीमन और जनगणना के नाम पर चालें चल रही है, कार्यपालिका के जरिए संविधान की उन शक्तियों को हथिया रही है जो संसद और संस्थाओं के पास होनी चाहिए, इन्होंने पहले भी असम और जम्मू-कश्मीर के परिसीमन में हमें धोखा दिया है, इसलिए हम इस बिल के मौजूदा स्वरूप का एकजुट होकर संसद में विरोध करेंगे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# सही समय : महिला आरक्षण से बदलेगी भारतीय लोकतंत्र की तस्वीर





शोभा करंदलाजे

एक राज्यमंत्री के रूप में पहली बार शपथ लेते समय, मैंने उस खचाखच भरे कमरे में चारों ओर नजरें घुमाई और गिनती की। वहां मौजूद महिलाओं की संख्या उंगलियों पर गिनी जा सकती थी। इस दृश्य ने केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में ही नहीं, बल्कि इस बात के स्पष्ट संकेत के रूप में भी एक छाप छोड़ी कि सार्वजनिक जीवन में महिलाओं को अभी भी काफी लंबा सफर तय करना बाकी है।

मैं कर्नाटक के तटीय इलाके के पुत्तूर के पास स्थित एक छोटे से गांव से आती हूं। पारंपरिक रूप से यह एक समृद्ध इलाका है और यहां की महिलाओं ने हमेशा अपनी दृढ़ता एवं शक्ति का परिचय दिया है। मुझे पता है कि उस शक्ति को सार्वजनिक जीवन में लगाने का क्या मतलब होता है। खासकर, उस स्थिति में जब एक ऐसी राह पर चलना हो जिस पर पहले चंद लोग ही चले हों और हर महिला को वैसे ही जोश के साथ वैसा ही मौका नहीं मिला हो। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पहले ही पारित हो चुका है। संसद में सितंबर 2023 में इस पर चर्चा हुई थी और संविधान में संशोधन किया गया था। लेकिन अब उस वादे को निभाने का सबसे मुश्किल काम सामने है।

### अपने लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाला लोकतंत्र

भारत में कुल 670 मिलियन महिलाएं हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों में महज 15 प्रतिशत महिलाएं ही संसद में पहुंच पाई हैं। जो लोकतंत्र अपने आधे नागरिकों को निर्णय लेने की प्रक्रिया से लगातार बाहर रखे, उसे सच्चा लोकतंत्र तो नहीं कहा जा सकता। ऐसे लोकतंत्र को विकास की प्रक्रिया में ही माना जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन कागज पर लिखे किसी कानून का तभी कोई महत्व होता है, जब उसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। जनगणना कराना बेहद जरूरी है। इसके बाद परिसीमन होना चाहिए और संसद तथा प्रत्एक राज्य की विधानसभा में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होनी चाहिए। जब कानून बनाने वाली प्रक्रियाओं में महिलाओं को शामिल किया जाता है, तो कानून बनाने का केन्द्रबिंदु ही बदल जाता है। पंचायती राज संस्थाओं में, जहां दशकों पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया था, प्राथमिकताओं में स्पष्ट बदलाव देखने को मिलता है। पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और बच्चों के पोषण के लिए अधिक बजट आवंटित किए गए। भ्रष्टाचार के प्रति कम सहनशीलता और समुदायों के प्रति अधिक जवाबदेही देखी गई। यह महज एक संयोग नहीं है। यह प्रतिनिधित्व का जीता-जागता उदाहरण है।

### दुष्चक्र को तोड़ना

मैंने अक्सर यह तर्क सुना है कि महिलाओं को अपनी योग्यता के बल पर आगे बढ़ना चाहिए। मैं इस भावना का सम्मान करती हूं। लेकिन इस आधार को खारिज करती हूं। योग्यता शून्य में नहीं पनपती। यह वहीं पनपती है, जहां अवसर मौजूद होते हैं। पीढ़ियों से, संरचनात्मक बाधाओं-सामा. जिक, आर्थिक और सांस्कृतिक-ने प्रतिभाशाली महिलाओं को राजनीति से बाहर रखा है। उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में हमेशा उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी गई है जिनके पास सुस्थापित नेटवर्क एवं संपर्क तथा विरासत में मिली राजनीतिक साख रही है और जो घरेलू जिम्मेदारियों से मुक्त हैं। दूसरी ओर, महिलाओं को इनमें से कोई भी सुविधा हासिल नहीं है।

### आरक्षण से स्तर कम नहीं होता, बल्कि यह अड़चन को दूर करता है

जब बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायतों में दाखिल हुई, तो शुरू में उन्हें नजरअंदाज किया गया। आखिरकार, विभिन्न अध्ययनों में यह पाया गया कि उनके अपने समुदायों ने उन्हें उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में अधिक प्रभावी, अधिक सुलभ व अधिक ईमानदार माना। जब महिलाओं को उचित अवसर दिया जाता है, तो वे केवल भाग ही नहीं लेती बल्कि नेतृत्व भी करती हैं।

### नीतिगत दृष्टि से इसके मायने

सरकार में रहते हुए अपने व्यापक अनुभवों से मैंने यह जाना है कि निर्णय लेने वाले स्थानों पर आपकी मौजूदगी ही इस बात को निर्धारित करती है कि किस विषय पर चर्चा होगी। महिला जनप्रतिनिधि मातृ स्वास्थ्य निधि में कटौती की आशंका होने पर इसके लिए आवाज उठाती हैं। वे उन नीतियों के लैंगिक प्रभाव को उजागर करती हैं, जिनका व्यवहार में सबसे बुरा असर महिलाओं पर पड़ सकता है। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की उन चिंताओं को सामने लाती हैं, जिनसे उनके पुरुष सहकर्मियों का सामना नहीं होता। संसद और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का मतलब यह है कि पहली बार ए आवाजें अपवाद नहीं रहेंगी। ये आवाजें ढांचागत व्यवस्था का हिस्सा होंगी। स्थाई होंगी। इन्हें नजरअंदाज करना असंभव होगा।

### नारी शक्ति : सोच से कानून तक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह मानना रहा है कि भारत अपनी महिलाओं की पूर्ण और बराबरी की भागीदारी के बिना अपनी पूरी क्षमताओं का सदुपयोग नहीं कर सकता। यह महज एक बयानबाजी भर नहीं, बल्कि एक ऐसा .ढ़ विश्वास है जिसने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'जन धन', 'उज्ज्वला' और 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी वाली नीतियों को दिशा दी है। उन्होंने नारी शक्ति को केवल एक नारा नहीं, बल्कि विकसित भारत का आधार बताया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी सोच की पूर्ण अभिव्यक्ति है। यह सोच महिला सशक्तिकरण को कल्याणकारी योजनाओं से आगे बढ़ाकर शासन की संरचना में समाहित करती है। सभी दलों के अपने साथियों से यह क्षण हम सभी का है। यह मौका किसी एक दल का नहीं, बल्कि एक संस्था के रूप में संसद का है।

सरकार के हर स्तर पर इस राष्ट्र की सेवा करने वाली एक महिला के रूप में, मैं सभी से अपील करती हूं और मेरा मानना है कि हम सभी भारत के लोकतंत्र को मजबूत और अधिक पूर्ण देखना चाहते हैं। भारत की महिलाओं के प्रति हमारा अब यह कर्तव्य है कि हम जनगणना कराने, परिसीमन के कार्य को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने में तत्परता बरतें कि इस प्रक्रिया में एक भी दिन अनावश्यक रूप से बर्बाद न हो। मैं कार्यान्वयन, आरक्षित सीटों के चक्रण (रोटेशन), परोक्ष (प्रॉक्सी) उम्मीदवारों और सनसेट क्लॉज से जुड़ी चिंताओं से अवगत हूं। यह जायज बहसें हैं, लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इन पर तत्काल ध्यान दिया जाए। सिद्धांत सही है। हमें पूर्णता को परिवर्तनकारी कदमों के आड़े नहीं आने देना चाहिए।

**( लेखिका केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम और रोजगार राज्यमंत्री हैं )**

# शोषण व चाटुकारिता के भंवर में पत्रकारिता

**पाकिस्तान कब से भारतीय नौकरियों में हस्तक्षेप करके वेतनमान तय करने का परोक्ष-अपरोक्ष अधिकारी बन गया। दरअसल, न्यूज चैनलों ने अपनी विश्वसनीयता, अपनी गैरत, अपना राष्ट्र धर्म, अपनी भाषा, अपने विषय। सब कुछ पूंजीपतियों व सत्ता के चरणों में न्योछावर कर दिए हैं। 2014 के बाद से एक भी जन सरोक. ारों के विषयों पर कभी भी चैनलों ने बहस नहीं की। उस पर एक दल विशेष के कार्यकर्ताओं को शो में बुलाकर बेमतलब के टाइमपास विषयों पर बहस, अब एक ट्रेंड बन गया है। जब भी सत्ता पर कोई बात आ रही होती है।**



पवन सिंह

भारत के न्यूज चैनल्स मक्कारी, झूठ और चाटुकारिता से सनी जो पत्रकारिता कर रहे हैं, वह अब सीधे-सीधे राष्ट्र के प्रति युद्ध छेड़ने की परिभाषा में आती है। न्यूज चैनलों ने इस देश के भीतर वह माहौल खड़ा कर दिया है जो कभी भी न तो सीआईए कर पाई और न ही आईएसआई। पूरे देश के सामाजिक ढांचे को न्यूज चैनलों ने तबाह कर दिया है। समुदायों के बीच नफरत की खेती जिस तरह से भारतीय न्यूज चैनलों ने की है, ऐसा आपको विश्व में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक, धार्मिक, व्यावहारिक, हर एक प्लेटफार्म को भारतीय मीडिया ने नष्ट कर दिया है। भारतीय मीडिया ने खुल्लम खुल्ला देश के भीतर एक आतंकवादी जैसा हमला किया, जिसने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को बेहद कमजोर कर दिया है। जिस देश में भारतीय न्यूज चैनलों जैसा अस्तित्व हो, वहां किसी भी देश को दुश्मनों की जरूरत नहीं है। नोएडा में हुए श्रमिक असंतोष का ठीकरा पाकिस्तान के सिर फोड़ना, भारतीय मीडिया के घटिया स्तर को दिखाता है। भारतीय मीडिया 2014 के बाद से जनता के सरोकारों से पूरी तरह से कट चुका है। जो लोग भी न्यूज चैनल्स देखते हैं वह झूठ, मक्कारी, नफरत के जहर को अपने व अपनी पीढ़ियों के भीतर जज्ब करते हैं। क्या पाकिस्तान ने भारतीय पूंजीपतियों से कहा था कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में जाकर उद्योग लगाओ और श्रमिकों को 10 हजार से 13 हजार का वेतन दो। क्या पाकिस्तान की इतनी हैसियत हो चुकी है कि वह भारत के उद्योगपति को दिशा-निर्देश दे सके। यह कैसी असंवेदनशील पत्रकारिता है कि हमें जिन श्रमिकों के हितों के लिए खड़ा होने की जरूरत थी, हम उनके गुस्से, उनकी लाचारी, उनकी विवशता, उनकी गरीबी, उनके संघर्ष, उनके दर्द, उनकी भूख के साथ न खड़े होकर, सत्ता और पूंजीपतियों के समर्थन में नंगे खड़े हो गए। भारत एक परपीड़न में आनंद की अनुभूति लेने वाला देश है। असमानता और जातीय भेदभाव से गौरवान्वित महसूस करने वालों का मुल्क है। धार्मिकता की बीमारी ने 90 प्रतिशत भारतीय समाज को जड़ बुद्धि कर रखा है। यह सब मिलकर भारत को एक कबीलियाई जैसा देश बनाते हैं। जहां समान न्याय और समानता की बात सोचना, रात में सूर्योदय होने जैसा है। लाइट, कैमरा, एक्शन। में चेहरा पेंट करवाकर, खुद लाखों रुपये का वेतन पैकेज पाने वाली खबरांग्नाओं को यह एहसास है कि 13 हजार के वेतन में, कैसे जिया जा सकता है? प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में करीब 88 प्रतिशत श्रमबल अनौपचारिक व असंगठित क्षेत्र में है। वर्ष, 2022-23 में 57 प्रतिशत स्वरोजगार व 22 प्रतिशत दैनिक श्रमिक हैं, मतलब काम आया न आया टाइप्स। वर्ष, 2020 के आंकड़ों के आधार पर श्रमिकों के कार्यबल को अगर देखें भारत के 476.67 मिलियन श्रमिकों में से 41.19 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में, 26.18 प्रतिशत उद्योग व 32.33 प्रतिशत सेवा क्षेत्र में कार्यरत हैं। असंगठित क्षेत्र में करीब 88 प्रतिशत श्रमिक हैं। चलिए जब श्रमिकों पर लिखा ही है तो आपको संविदा कर्मियों को संक्षिप्त सच भी बता ही देते हैं। तथाकथित लोकप्रिय सरकारें व यशस्वी नेता जो साल दर साल अपना वेतन, भत्ते, सुविधाएं। भेज थपथपा कर बढ़ा लेते हैं, वो कभी भी न तो श्रमिकों और न संविदा कर्मियों के दर्द व विवशता के लिए सामने आते हैं। वर्ष, 2030 तक संविदा कर्मियों की संख्या करीब 1 करोड़ पार कर जाएगी। विगत 12 वर्षों में, संविदा कर्मचारी क्षेत्र 14-16 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है। एक अनुमान के अनुसार, राज्य और केंद्रीय सरकारों में कार्यबल का लगभग 47 प्रतिशत हिस्सा संविदा या अनु. बंध पर है। वर्ष, 2023 में, 54 लाख संविदा श्रमिक औपचारिक रोजगार में शामिल हुए। क्या पाकिस्तान ने कहा था कि भारत में 13 हजार से 16 हजार वेतनमान पर, नेताओं की प्लेसमेंट एजेंसियों के द्वारा खाने-कमाने-लूटने-चूसने का ढांचा खड़ा किया जाए? अगर यह पाकिस्तानी इशारे पर हुआ है तो यह सरकार पर सवालिया निशान लगाया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जबरन धर्मांतरण और उत्पीड़न के आरोपों से हिला कॉरपोरेट तंत्र

**कार्यस्थल केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण होना चाहिए। यदि इस घटना से भी ठोस सबक नहीं लिया गया, तो यह महज एक और मामला बनकर रह जाएगा और यह किसी भी समाज की सबसे बड़ी विपफलता होगी।**





प्रो. आर.के. जैन

कॉर्पोरेट दफ्तरों की जगमगाहट, कांच की ऊंची इमारतों का मोहक आभास और प्रोफेशनलिज्म के बड़े-बड़े दावे यदि इनके भीतर भय, शोषण और दबाव का अंधकार पलता हो, तो यह किसी एक कंपनी की चूक नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी असफलता का संकेत है। अप्रैल 2026 में नासिक स्थित एक आईटी इकाई (टीसीएस) से सामने आया प्रकरण इसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है, जहां महिला कर्मियों के सपनों को सुनियोजित ढंग से रौंद दिया गया। रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता की आकांक्षा लेकर आई इन महिलाओं को अपने ही कार्यस्थल पर ऐसे असहनीय दबावों का सामना करना पड़ा, जो किसी भी सभ्य समाज के मूल्यों के सर्वथा विपरीत हैं।

यह मामला केवल यौन शोषण के आरोपों तक सीमित नहीं है इसके भीतर भय, मानसिक उत्पीड़न, धार्मिक आस्था पर दबाव और अधिकारों के खुले दुरुपयोग की कहीं अधिक गंभीर परतें छिपी हुई हैं। सामने आई शिकायतों के अनुसार, कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों ने महिला कर्मियों पर अनुचित प्रस्तावों, अश्लील टिप्पणियों और निजी संबंध बनाने के लिए निरंतर दबाव डाला। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें पदोन्नति रोकने, नौकरी समाप्त करने और उनके निजी जीवन को बदनाम करने की धमकियां दी गईं। सत्ता और पद के बल पर किया गया यह आचरण केवल अनैतिकता की पराकाष्ठा नहीं, बल्कि स्पष्ट रूप से कानूनन दंडनीय अपराध है, जो किसी भी कार्यस्थल की गरिमा, सुरक्षा और विश्वास को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है। यह प्रकरण और भयावह तब बनता है, जब स्पष्ट होता है कि यह छिटपुट घटनाएं नहीं, बल्कि लंबे समय से सक्रिय संगठित तंत्र का परिणाम था। पुलिस जांच और शिकायतों के अनुसार, आठ महिला कर्मचारियों की नौ एफआईआर्स में सामने आया कि टीम लीडर्स सहित वरिष्ठों ने 2022 से 2026 तक करीब चार वर्षों तक सुनियोजित ढंग से उन्हें निशाना बनाकर दबाव में रखा। पुलिस ने फरवरी से 40 दिन तक महिला पुलिसकर्मियों के जरिए अंडरकवर ऑपरेशन चलाकर साक्ष्य जुटाए। आरोप हैं कि निजी तस्वीरें-वीडियो से ब्लैकमेल करना, नमाज पढ़ने और गोमांस खाने को मजबूर करना, जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव और मानसिक रूप से तोड़नाकृए सब उसी तंत्र के औजार थे। यह स्थिति दिखाती है कि जब शक्ति का दुरूपयोग संस्थागत रूप ले लेता है, तो पीड़ितों के लिए आवाज उठाना कठिन और जोखिम भरा हो जाता है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पक्ष मानव संसाधन विभाग की भूमिका पर उठते सवाल हैं। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के तहत हर संगठन में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) और समयबद्ध, निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। इसके बावजूद आरोप हैं कि शिकायतों को नजरअंदाज किया गया, ईमेल और लिखित आवेदन दबाए गए, और पीड़ितों को चुप रहने के लिए मजबूर किया गयाकृयहां तक कि एक एचआर असिस्टेंट जनरल मैनेजर को भी अनदेखी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जिस विभाग पर कर्मचारियों की सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी होती है, यदि वही निष्क्रिय या सहभागी दिखे, तो यह कानून की अवहेलना के साथ विश्वास का गंभीर हनन भी है। चार वर्षों तक लगातार उठती शिकायतों के बावजूद कार्रवाई का अभाव यह स्पष्ट करता है कि समस्या कुछ व्यक्तियों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की गहरी खामियों में जड़ें जमाए हुए थी। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के दिशा-निर्देश स्पष्ट करते हैं कि 24 घंटे के भीतर संज्ञान लिया जाए और 90 दिनों में जांच पूरी हो, परंतु यहां इन प्रावधानों की खुलेआम अनदेखी की गई। यह मात्र लापरवाही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्वों से बचने की प्रवृत्ति का संकेत देता है। ऐसे मामलों में देरी न केवल पीड़ित के मानसिक आघात को गहरा करती है, बल्कि आरोपियों के हौसले भी बढ़ाती है। जीरो टॉलरेंस की नीति का हवाला तब खोखला लगता है, जब सवाल उठता है कि वर्षों तक शिकायतें दबने और पीड़ितों की आवाज अनसुनी रहने के दौरान यह लागू क्यों नहीं हुई। टीसीएस द्वारा उच्च प्रबंधन स्तर पर जांच (सीओओ के निर्देशन में) के आदेश और आरोपियों का निलंबन आवश्यक कदम हैं, पर पर्याप्त नहीं, क्योंकि नेसेंट इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एम्प्लॉइज सीनेट ने श्रम मंत्रालय से पोश कंप्लायंस ऑडिट की मांग की है। जवाबदेही केवल निचले स्तर तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, उसे उन सभी स्तरों तक तय होना चाहिए जहां लापरवाही या मिलीभगत रही हो। कॉर्पोरेट संस्थानों की साख मुनाफे या छवि से नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा, सम्मान, पारदर्शिता और विश्वास से बनती है।

यह घटना किसी एक कंपनी तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे आईटी क्षेत्र में कार्यस्थल की सुरक्षा पर गहरे और असहज प्रश्न खड़े करती है। क्या आधुनिक दफ्तर वास्तव में सुरक्षित हैं, या केवल बाहर से सजे-धजे और आकर्षक दिखते हैं? क्या महिलाओं और अन्य कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ेगा? यह प्रकरण स्पष्ट करता है कि जब तक शिकायत तंत्र मजबूत, पारदर्शी और निष्पक्ष नहीं होगा, तब तक किसी भी कानून का प्रभाव सीमित और अधूरा ही रहेगा। कर्मचारियों के भीतर यह विश्वास होना चाहिए कि उनकी आवाज न दबेगी, न अनसुनी होगी, बल्कि उसे गंभीरता से सुना जाएगा और उन्हें समयबद्ध न्याय अवश्य मिलेगा। अब समय केवल औपचारिक प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक सुधार का है। इस प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यापक जांच होनी चाहिए, दोषियों को कठोर दंड मिले और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पोश) के अनुपालन की स्वतंत्र ऑडिट पूरे आईटी क्षेत्र में कराई जाए। साथ ही मानव संसाधन तंत्र को स्पष्ट रूप से जवाबदेह बनाना और कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



गैघाटा। करोला गांव के कई मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, चुनाव के बाद की स्थिति को लेकर चिंतित होते हुए।

## अंडमान सागर में नाव डूबी, 250 रोहिंग्या-बांग्लादेशी लापता, मलेशिया जा रहे थे

**ढाका।** अंडमान सागर में एक नाव डूबने से करीब 250 रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक लापता हो गए हैं। यूएन रिफ्यूजी और माइग्रेशन एजेंसी के मुताबिक, यह हादसा पिछले हफ्ते खराब मौसम और ओवरलोडिंग के कारण हुआ। यह ट्रालर बांग्लादेश से मलेशिया जा रहा था। बांग्लादेश कोस्ट गार्ड ने 9 अप्रैल को अपने एक जहाज के जरिए 9 लोगों को बचाया, लेकिन बाकी लोगों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। रोहिंग्या समुदाय 2017 में म्यांमार में हुई हिंसा के बाद बड़ी संख्या में बांग्लादेश में शरण लेने को मजबूर हुआ था। म्यांमार की सरकार उन्हें नागरिकता नहीं देती। वहीं, बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों में खराब हालात के चलते कई लोग मलेशिया जैसे देशों में बेहतर जिंदगी की तलाश में खतरनाक समुद्री सफर करते हैं।

## हंगरी के पीटर मग्यार ने यूरोपीय संघ की निधि जारी करने के लिए रखीं शर्तें

**बुडापेस्ट।** हंगरी की नवनिर्वाचित टिस्जा पार्टी के नेता पीटर मग्यार ने बुधवार को कहा कि उन्होंने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के समक्ष अटकी हुई यूरोपीय संघ की निधि को जारी करने के लिए चार शर्तें रखी हैं। मग्यार ने हंगरी के हाल ही में संपन्न संसदीय चुनावों में जीत हासिल की है। उन्होंने बताया कि सुलेएन के साथ भ्रष्टाचार विरोधी सुधारों को लागू करने पर चर्चा की गई है, ताकि हंगरी के लिए रुकी हुई निधि का रास्ता साफ हो सके। इन शर्तों में सरकारी मीडिया के संचालन को निलंबित करना, शैक्षणिक माहौल की स्वतंत्रता को बहाल करना और सभी मंचों पर हंगरी के हितों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना शामिल है। मग्यार ने सोमवार को कहा था कि उन्होंने 20 अरब यूरो यानी लगभग 23 अरब डॉलर की अटकी हुई यूरोपीय संघ की निधि की वापसी को लेकर आयोग के साथ पहले ही बातचीत कर ली है।

# होर्मुज के बाद अब ट्रम्प की मलक्का स्ट्रेट पर नजर

### इंडोनेशिया से रक्षा करार किया, अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशियाई इलाके में जाने की इजाजत

**वाशिंगटन।** हार्मुज स्ट्रेट में इस समय हालात काफी तनाव भरे हैं। अमेरिका वहां ईरान से जुड़े जहाजों की गतिविधियों पर सख्ती कर रहा है। इसी बीच अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच 13 अप्रैल को एक नया रक्षा समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत अब अमेरिकी सैन्य विमानों को इंडोनेशिया के हवाई क्षेत्र में ज्यादा आसानी से आने-जाने की इजाजत मिल गई है।

इसे आधिकारिक तौर पर दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का कदम बताया जा रहा है, लेकिन इसकी टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह डील ऐसे समय हुई है जब यूएस ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है। इसके बाद तेल सप्लाई लगभग ठहर गई और कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अमेरिका ने मलक्का स्ट्रेट पर नजर रखने के लिए यह करार किया है। मलक्का स्ट्रेट दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यह वही रास्ता है जो हिंद महासागर को पूर्वी एशिया से जोड़ता है और दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से करीब 40 प्रतिशत वैश्विक व्यापार और लगभग 30 प्रतिशत तेल



■ यह डील ऐसे समय हुई है जब यूएस ने ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए होर्मुज में नाकाबंदी शुरू कर दी है

सप्लाई गुजरती है। इसकी भौगोलिक स्थिति इसे खास बनाती है। फिलिप चौनल पर इसकी चौड़ाई 3 किलोमीटर है, जो इसे बड़ा बाटलनेक बनाती है। यह होर्मुज से करीब नौ गुना ज्यादा संकरा है। मलक्का स्ट्रेट पर इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर का कंट्रोल है। इस रास्ते से दुनिया का बहुत बड़ा व्यापार गुजरता है। यही वजह है कि इस इलाके में कोई भी हलचल सीधे तौर पर वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर सकती है। यूएस-इंडोनेशिया डील के बाद एक्सपर्ट्स का मानना है कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक में बड़े समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने की रणनीति पर काम कर रहा है। अमेरिकी एक्सपर्ट्स और पूर्व सैनिकों ने कहा है कि दुनिया के चोकपाइंट्स पर यूएस अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। अगर हार्मुज को तेल की सप्लाई का मुख्य रास्ता माना जाता है, तो मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं।

# इजरायल-लेबनान ने तीन दशक बाद की सीधी बातचीत

### हिजबुल्लाह के प्रभाव को समाप्त करने को लेकर 'रुख में समानता' देखने को मिली



■ अगली वार्ता की तिथि और स्थान उपयुक्त समय पर घोषित किए जाएंगे: अधिकारी

**बेरूत/यरूशलम।** इजरायल और लेबनान के बीच हुई प्रत्यक्ष वार्ता के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने हिजबुल्लाह के मुद्दे पर समान सोच उभरने के संकेत दिए हैं और दक्षिणी लेबनान में जारी संघर्ष के समाधान की इच्छा जताई है।

अमेरिका में इजरायल के राजदूत एचियल लेइटर ने कहा कि वार्ता में हिजबुल्लाह के प्रभाव को समाप्त करने को लेकर 'रुख में समानता' देखने को मिली। उन्होंने कहा कि लेबनान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह हिजबुल्लाह के प्रभुत्व से बाहर निकलना चाहती है। लेइटर ने वार्ता को 'सकारात्मक और उपयोगी संवाद' बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों ने यह महसूस किया कि वे इस मुद्दे पर एक ही दिशा में सोच रहे हैं, जो आगे की बातचीत के लिए उत्साहजनक है। लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवाद ने युद्धविराम की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा को प्राथमिकता बताया। उन्होंने विस्थापित लोगों की सुरक्षित वापसी और संघर्ष से उत्पन्न मानवीय संकट को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की। इजरायल ने दोहराया कि उसका संघर्ष लेबनान राष्ट्र से नहीं, बल्कि हिजबुल्लाह से है, और वह भविष्य में संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अधिकारियों के अनुसार, अगली वार्ता की तिथि और स्थान उपयुक्त समय पर घोषित किए जाएंगे।

## 17 देशों ने की लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा

**मास्को।** सत्रह देशों ने लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की और पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की प्रक्रिया में लेबनान को शामिल करने का आह्वान किया। यह जानकारी स्पुतनिक ने उन देशों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान के हवाले से दी। इस दस्तावेज पर ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, क्रोएशिया, साइप्रस, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, ग्रीस, आइसलैंड, लक्जमबर्ग, माल्टा, नॉर्वे, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम के विदेश मंत्रियों ने हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि हम क्षेत्रीय तनाव में कमी लाने के प्रयासों में लेबनान को शामिल करने का आह्वान करते हैं और सभी पक्षों से एक स्थाई राजनीतिक समाधान की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं। हम हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा करते हैं जिन्हें तत्काल बंद करना चाहिए। हम लेबनान पर इजरायल द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर हमलों की भी कड़ी निंदा करते हैं। बयान में आगे कहा गया कि देशों ने दोनों पक्षों की हिंसा की निंदा की इजरायल के साथ सीधी बात. चीत के लिए लेबनान की पहल का स्वागत किया और लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव दो मार्च को तब शुरू हुआ जब लेबनानी आंदोलन ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इजरायली सैन्य अभियान के बीच इजरायली क्षेत्र पर रॉकेट से हमला करना फिर से शुरू कर दिया।

## ईरान में मिशन अभी पूरा नहीं हुआ: मोसाद प्रमुख

**मास्को।** इजरायली खुफिया सेवा (मोसाद) के निदेशक डेविड बार्निया ने कहा कि ईरान में एजेंसी का मिशन तभी समाप्त होगा जब ईरान में राजनीतिक शासन बदल जाएगा। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने मंगलवार को बार्निया के हवाले से कहा कि हमारा मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है। हमने यह नहीं सोचा था कि लड़ाई खत्म होते ही यह मिशन तुरंत पूरा हो जाएगा। हमने तेहरान में हुए हमलों के बाद भी अपने अभियान को जारी रखने और परिणाम हासिल करने के लिए गहन योजना बनाई थी। यह मिशन तभी पूरा होगा जब इस कट्टरपंथी शासन को हटा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 11 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा करने के बाद, ईरान और अमेरिका ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में वार्ता शुरू की। 12 अप्रैल को अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने घोषणा की कि ईरान और अमेरिका वार्ता के दौरान किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट गया।

# शाहबाज शरीफ सऊदी अरब, कतर और तुर्की की यात्रा पर जाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सप्ताहांत में सऊदी अरब, कतर और तुर्की की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह यात्रा अमेरिका-ईरान चर्चा के पहले दौर के बाद हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को संकेत दिया था कि 'अगले दो दिनों में' पाकिसतान में कुछ नए घटनाक्रम सामने आ सकते हैं।

■ अगले दो दिनों में' पाकिस्तान में कुछ नए घटनाक्रम सामने आ सकते हैं: ट्रम्प

यह यात्राएं पाकिस्तान के लिए एक बड़ी वित्तीय मजबूती के साथ हो रही हैं। वॉशिंगटन में विश्व बैंक-आईएमएफ की स्प्रिंग मीटिंग्स के दौरान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा कि सऊदी अरब ने 3 अरब डॉलर की अतिरिक्त जमा राशि देने का वादा किया है और पिछली 5 अरब डॉलर की जमा राशि की अवधि भी बढ़ा दी है। औरंगजेब ने कहा कि इस मदद से पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूती मिलेगी, उसके बाहरी खाते सुदृढ़ होंगे और आईएमएफ समर्थित कार्यक्रम के अनुपालन में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक लगभग 18 अरब डॉलर का भंडार रखना है, जो 3-3 महीने के आयात कवर के बराबर है। उन्होंने पाकिस्तान की हाल ही में किए गए 1.4 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड भुगतान का उल्लेख किया और इसे 'सामान्य घटना' करार दिया। उन्होंने आगामी विदेशी दायित्वों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने इस सहयोग को सुगम बनाने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जदान सहित सऊदी नेतृत्व के साथ-साथ पाकिस्तान की राजनीतिक और आर्थिक टीमों को भी श्रेय दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि सऊदी वित्तीय सहायता और आईएमएफ व विश्व बैंक जैसे संस्थानों से मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान का संयुक्त प्रभाव पाकिस्तान को आर्थिक स्थिरता के लिए आत्मविश्वास और गति प्रदान करता है।

## रूस-चीन संबंध वैश्विक स्थिरता लाने में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका: लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि रूस और चीन के बीच संबंध वैश्विक मामलों में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिन. पिंग के साथ एक बैठक में लावरा. ेव ने कहा कि रूस-चीन संबंध विश्व मामलों में एक स्थिरता लाने वाली भूमिका निभाते हैं। ए शेष विश्व और वैश्विक बहुसंख्यक के लिए अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं, जो समस्याएं या उथल-पुथल नहीं, बल्कि सतत विकास के लिए शांत परिस्थितियां चाहते हैं। लावरोव के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी नेता के बीच सहयोग की बदौलत दोनों देशों के संबंध उन झटकों के प्रति उच्च लचीलापन प्रदर्शित करते हैं, जिन्होंने दुनिया को आर्थिक और भू-राजनीतिक दोनों रूप से अपनी चपेट में ले लिया है और दुर्भाग्य से ये अंतर्विरोध तेजी से सैन्य आयाम अख्तियार कर रहे हैं। इसके अलावा, लावरोव ने चीनी राष्ट्रपति को विदेश मंत्री वांग ई के साथ अपनी बातचीत और पुतिन की चीन यात्रा की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

# रूस ने ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार समाधान की पेशकश दोहराई

**बीजिंग।** रूस ने बुधवार को ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार के समाधान में सहायता करने की अपनी पेशकश को दो. हराया है। यह पेशकश ऐसे समय में आई है जब अगले कुछ दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच नए दौर की वार्ता की संभावना जताई जा रही है।

रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड सामग्री में बदलने या उसे इस तरह से संग्रहीत करने में मदद कर सकता है जिससे ईरान के 'शांतिपूर्ण संवर्धन के अधिकार' का उल्लंघन न हो। रूस की यह पेशकश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि



■ यदि अमेरिकी हमले नहीं होते, तो ईरान होर्मुज स्ट्रेट को बंद नहीं करता

ईरान के साथ युद्ध समाप्त होने वाला है और अगले दौर की बात. चीत जल्द हो सकती है। लावरोव ने अपनी चीन यात्रा के दौरान ईरान के रुख का बचाव करते हुए कहा कि यदि अमेरिकी हमले नहीं होते, तो ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं करता। उन्होंने खाड़ी में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच निरंतर बातचीत का आग्रह किया। अमेरिका-ईरान वार्ता में विवाद का मुख्य बिदु ईरान का अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का भंडार है, जिसे परमाणु हथियारों के निर्माण की संभावना के रूप में देखा जाता है। कूटनीति को फिर से शुरू करने के लिए एक और प्रमुख मांग मिसाइल क्षमताओं को खत्म करने की है। सीएनएन ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के हवाले से कहा कि अमेरिका ने मांग की है कि ईरान संवर्धन रोके और जमीन के नीचे जमा किए गए अनुमानित 460 किलोग्राम अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम को सौंप दे। पिछले सप्ताहांत इस्लामाबाद में हुई बात. चीत के दौरान दोनों पक्षों ने संवर्धन को रोकने पर चर्चा की थी।

## रूस-चीन ने पश्चिम एशिया आदि मुद्दों पर की चर्चा


**मास्को।** रूस और चीन ने पश्चिम एशिया की स्थिति, फिलिस्तीन मुद्दे, यूरोपीय संघ के सैन्ईकरण और नाटो में संकट पर चर्चा की। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि फलस्तीन, गाजा और वेस्ट बैंक को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। लाव. रोव ने कहा कि फिलिस्तीन, गाजा और वेस्ट बैंक को अंधेरे में नहीं रहना चाहिए और उन्हें पृष्ठभूमि में नहीं धकेलना चाहिए। हमने आज चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ यह बात बहुत स्पष्ट कर दी। रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने चीनी पक्ष के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति, यूरोपीय संघ के सैन्ईकरण और नाटो में संकट पर भी चर्चा की।

# चीन ने बिना हथियार बेचे ईरान को बनाया मजबूत

### मिसाइल बनाने की टेक्निक दी, अमेरिका ने बैन लगाया, तो बीजिंग ने छुपकर मदद पहुंचाई

**बीजिंग/तेहरान।** पिछले करीब दो दशकों से चीन और ईरान के रिश्तों में संतुलन बना हुआ था। चीन, ईरान को सीधे हथियार बेचने की बजाय परोक्ष (इनडायरेक्ट) तरीके से मदद करता रहा। जंग शुरू होने के बाद अमेरिकी अधिकारियों का ध्यान फिर से इस पर गया है। खुफिया एजेंसियां जांच कर रही हैं कि क्या चीन ने ईरान को कंधे पर रखकर दागी जाने वाले मिसाइल भेजी हैं। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक अभी तक सबूत पक्के नहीं हैं।

अगर यह सही निकला, तो मिडिल ईस्ट में चीन की रणनीति में बड़ा बदलाव माना जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि अगर यह सच साबित होता है तो चीन से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया जाएगा। चीन ने आरोप को झूठ बताया और कहा कि टैरिफ लगाए गए तो वह जवाबी कार्रवाई करेगा। चीन ने 1980 के दशक में ईरान को बड़े पैमाने पर हथियार बेचे थे, लेकिन पिछले 10 साल में यह लगभग बंद हो गया। इसकी सबसे बड़ी वजह अंतर्राष्ट्रीय दबाव है। 2006 के बाद संयुक्त राष्ट्र



■ 2006 के बाद संयुक्त राष्ट्र ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सख्त प्रतिबंध लगाए

ने ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सख्त प्रतिबंध लगाए। इनके तहत किसी भी देश के लिए ईरान को सीधे हथियार देना मुश्किल हो गया। अमेरिका ने भी आर्थिक और व्यापारिक पाबंदियां लगाईं, जिससे ईरान को सैन्य मदद देने वाले देशों को नुकसान हो सकता है। इसी कारण चीन ने अपनी रणनीति बदल दी। उसने सीधे हथियार देने की बजाय 'डयूल-यूज' यानी ऐसी तकनीक और सामान देना शुरू किया, जिनका इस्तेमाल सिविल और सैन्य दोनों कामों में हो सकता है। इस तरीके से चीन सीधे हथियार बेचने से बच जाता है, लेकिन ईरान की सैन्य क्षमता को मजबूत करने में मदद करता रहता है। 1980 में ईरान-इराक युद्ध शुरू हुआ। उसी समय चीन में आर्थिक सुधार हो रहे थे। सरकारी कंपनियों से कहा गया कि वे सरकार पर निर्भर न रहें, बल्कि खुद कमाई कर मुनाफा कमाएं। इसका असर डिफेंस सेक्टर पर भी पड़ा। पहले जो कंपनियां सिर्फ देश के लिए हथियार बनाती थीं, उन्हें अब बाहर के देशों को हथियार बेचने की छूट मिल गई। 1982 से 1987 के बीच चीन ने ईरान को मिसाइल, लड़ाकू विमान, टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां और राइफल्स बेचीं। दिलचस्प बात यह थी कि चीन ने इराक को भी हथियार बेचे। दोनों दुश्मन देश एक-दूसरे पर चीनी हथियारों से हमला कर रहे थे। चीन के लिए यह पूरी तरह व्यापार का मामला था।

# ट्रम्प ने पोप लियो पर फिर हमला किया

### कहा: ईरान ने पिछले दो महीनों के दौरान 42000 निर्दोष प्रदर्शनकारियों को मार डाला

**वाशिंगटन।** वेटिकन के साथ निरंतर विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को पोप लियो पर हमला तेज करते हुए कहा कि ईरान ने पिछले दो महीनों के दौरान कम से कम 42,000 निर्दोष प्रदर्शनकारियों को मार डाला है और इसलिए, उसके पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा कि क्या कोई कृपया पोप लियो को बताएगा कि ईरान ने पिछले दो महीनों में कम से कम 42,000 निर्दोष, पूरी तरह से निहत्थे प्रदर्शनकारियों को मार डाला है। ऐसी स्थिति में ईरान के पास परमाणु बम होना 'बिल्कुल अस्वीकार्य' है। अमेरिका में जन्मे



पोप लियो पर यह हमला ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अपनी एक एआई निर्मित तस्वीर हटाने के एक दिन बाद आया है। उस तस्वीर में ट्रम्प को पोप की वेशभूषा में दिखाया गया था जैसे कि वह स्वर्ग से उतरे हों और एक बीमार व्यक्ति को ठीक कर रहे हों। ट्रम्प को भारी विरोध के बाद यह तस्वीर वापस लेना पड़ा था। पोप के प्रति ट्रम्प का यह तीखा रुख तब सामने आया है जब पोप लियो ने शनिवार को वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स बेसिलिका में शाम की प्रार्थना के दौरान कहा था कि ईरान युद्ध के चारों ओर 'सर्वशक्तिमान होने का भ्रम' व्याप्त है। पोप ने कहा था कि स्वयं की मूर्तिपूजा और धन का मोह अब बहुत हुआ! शक्ति का प्रदर्शन बहुत हुआ! युद्ध अब बंद होना चाहिए! सच्ची शक्ति जीवन की सेवा करने में दिखाई देती है। ट्रम्प ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि पोप लियो अपराध के प्रति नरम हैं और विदेश नीति के लिए भयानक हैं- मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए, जो यह सोचता हो कि ईरान का परमाणु हथियार रखना ठीक है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने ट्रम्प का बचाव करते हुए पोप से 'नैतिकता के मामलों तक सीमित रहने' को कहा। उल्लेखनीय है कि वेंस स्वयं एक कैथोलिक हैं। वेंस ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वेटिकन के लिए यह सबसे अच्छा होगा कि वह नैतिकता के मामलों और कैथोलिक चर्च में जो चल रहा है, उस तक सीमित रहे और अमेरिका के राष्ट्रपति को अमेरिकी सार्वजनिक नीति तय करने दे।

# 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' का एनेसी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन

■ 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' अपनी रिलीज से काफी पहले ही दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है

**मुंबई।** बाहुबली: द इटरनल वॉर का एनेसी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में चयन किया गया है। बाहुबली फ्रैंचाइजी, जिसमें 'बाहुबली: द बिगिनिंग' और 'बाहु. बली: द कंक्लूजन' जैसी दो मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं, भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े ब्रांड्स में से एक है।

यह दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय सामग्री में से एक है और इसकी अपनी एक अलग पहचान है। जहां थिएटरों में इसने रिकॉर्ड तोड़े और नए बेंचमार्क सेट किए, वहीं अब मेकर्स इसे 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' के साथ एक नए लेवल पर ले गए हैं, जिसके टीजर ने ही ग्लोबल लेवल पर लहर पैदा कर दी है। अब एक और बड़ा ग्लोबल इम्पैक्ट डालते हुए, इस फिल्म को प्रतिष्ठित एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' अपनी रिलीज से काफी पहले ही दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है।

## अड़ीवी शेष की 'डकैत-एक प्रेम कथा' यूएस टॉप 10 में शामिल

**मुंबई।** अड़ीवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप अभिनीत फिल्म डकैत - एक प्रेम कथा का शानदार सफर जारी है। इस फिल्म ने वैश्विक और घरेलू बाजारों में दमदार प्रदर्शन दर्ज किया है। रिलीज के पांचवें दिन, फिल्म ने यूएसए बॉक्स ऑफिस चार्ट में 7वां स्थान हासिल किया और मंगलवार तक टॉप 10 में बनी रही, जो इसकी बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय लोकप्रियता और विदेशी दर्शकों के बीच मजबूत वर्ड-ऑफ-माउथ को दर्शाता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108